धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## न्यूज डायरी

### राज्य के पहले डीजीपी शिवाजी कैरे का निधन



**रांची।** झारखंड के प्रथम डीजीपी शिवाजी महान कैरे का सोमवार को निधन हो गया। वह 1967 बैच के आईपीएस अधिकारी थे। कैरे के निधन पर पुलिस मुख्यालय में शोक सभा की गयी।

### लैंडर का कमाल : चांद पर फिर की सॉफ्ट लैंडिंग

**बेंगलुरु।** चंद्रयान मिशन ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। लैंडर ने चंद्रमा की सतह पर छलांग लगायी और इसके बाद वह सफलतापूर्वक लैंड भी कर गया। लैंडर को इसरो से कमांड दिया गया, जिसके बाद लैंडर का इंजन ऑन हो गया। उसने 35-40 सेमी तक उछाल लगायी और फिर सॉफ्ट लैंडिंग की। सबकुछ स्मूथली हुआ।

### बोकारो में एटीएम को उखाड़ कर ले गये चोर

**बोकारो।** चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। बोकारो-रामगढ़ हाइवे के बहादुरपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया के कमलापुर शाखा परिसर स्थित एटीएम मशीन को लेकर चोर चंपत हो गये। पुलिस के अनुसार एटीएम में लगभग 14 लाख रुपये थे।

### जम्मू कश्मीर में मुठभेड़ एक आतंकवादी ढेर

**जम्मू।** रियासी जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच झड़प शुरू हो गयी है। जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। घायल पुलिसकर्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खूंटी : नक्सली दयाल पूर्ति गिरफ्तार, जेल

**खूंटी।** पुलिस ने पीएलएफआई नक्सली संगठन के एक नक्सली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली का नाम दयाल पूर्ति है। गिरफ्तार नक्सली अपने साथियों के साथ बिंदा बाजार में लगाने वाले व्यापारियों से लेवी वसूलने आया था। जानकारी मिलने के बाद एक टीम का गठन किया गया।

### चतरा के टीचर को आज राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

**रांची।** चतरा के मध्य विद्यालय दीवानखाना के प्रधानाध्यापक मो एजाजुल हक को शिक्षक दिवस पर मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पांच सितंबर को दिल्ली में वह सम्मानित होंगे। एजाजुल हक दिल्ली पहुंच गये हैं।

### लातेहार : वज्रपात से गयी महिला की जान

**लातेहार।** महुआडांड़ प्रखंड के कुकुदपाठ में वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी। जिसकी पहचान कुकुदपाठ के दोडमा नगेशिया (70) के रूप में हुई है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

डुमरी उपचुनाव की सभी तैयारी पूरी, निडर हो कर डालें वोट : आयोग

# जनता आज चुनेगी अपना नेता

- इंडिया की बेबी देवी और एनडीए की यशोदा देवी में होगी टक्कर
- 2.99 लाख मतदाता छह प्रत्याशियों में एक को चुनेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार सुबह सात बजे से वोट डाले जायेंगे। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने डुमरी विस क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की है कि वोटर निडर होकर और हर काम छोड़कर मतदान जरूर करें। उपचुनाव को लेकर निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है, इसका लाभ उठायें। गिरिडीह जिला प्रशासन भी उपचुनाव को लेकर अलर्ट है। जिला स्तर और राज्य स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मंगलवार सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोट डाले जायेंगे। क्षेत्र में 2 लाख 98 हजार से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं।







उपचुनाव तैयारियों की जानकारी देते अधिकारी। प्रत्याशी बेबी व यशोदा देवी

### आज सुबह सात से शाम पांच बजे तक मतदान, कुल 373 बूथ

के रविकुमार के अनुसार सभी 373 मतदान केंद्रों पर सभी न्यूनतम जरुरी सुविधाएं भी सुनिश्चित करवायी गयी हैं। कुछ मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया गया है। पिछली बार 2019 के विधानसभा चुनाव में इस विधानसभा क्षेत्र में 69.75% मतदान प्रतिशत रहा था। इसमें इस बार सुधार की उम्मीद है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि इस बार पहले की अपेक्षा बेहतर मतदान प्रतिशत दिखे।

**बूथों पर ऐसी होगी व्यवस्था :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक डुमरी में मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में डमी बैलेट पेपर की विशेष व्यवस्था है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए पर्याप्त व्हीलचेयर भी है। सभी पोलिंग बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। उपचुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष हो, इसे लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट भी सक्रिय हो काम कर रहे हैं। संवदेनशील मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त हैं। 80 साल से अधिक उम्र और शारीरिक रूप से निःशक्त मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र से की व्यवस्था की गयी है।

**निष्पक्ष चुनाव का दावा :** वहीं गिरिडीह में एसडीएम सह निर्वाची पदाधिकारी शहजाद अनवर ने बताया कि चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी हो चुकी है।

(शेष पेज 11 पर)

### कहां कितने मतदान केंद्र

कुल 373 मतदान केंद्रों में से डुमरी में 199, नवाडीह प्रखंड में 129, चंद्रपुरा में 45 मतदानकेंद्र बनाये गये हैं। डुमरी के इस उपचुनाव में कुल 2 लाख 98 हजार 627 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें डुमरी में 1 लाख 59 हजार 596, नवाहीड में 1 लाख 2 हजार 736 और चंद्रपुरा में 36 हजार 295 मतदाता वोट डालेंगे।

### डुमरी उपचुनाव : 1.70 लाख रुपये जब्त

**बोकारो।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देश पर जिले के सभी सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकनाका लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चल रहा है। सोमवार को अभियान के दौरान टीम ने एक लाख 70 हजार रुपये जब्त किये। वाहन सवार व्यक्ति पैसे से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

बरहेट विकास मेले में मुख्यमंत्री ने दी कई सौगात

# हर कदम पर सरकार जनता के साथ मजबूती से खड़ी है और रहेगी : हेमंत

**एक झलक**

- अफसर गांव-गांव जाकर समस्याओं का हल निकालें
- सूखे की दशा में किसानों को पूरी राहत देंगे
- पूरे मान-सम्मान के साथ दे रहे लोगों हक-अधिकार
- 17739.737 लाख लागत की 76 योजनाएं
- 5531 लाभुकों के बीच 72. 10 की परिसंपत्ती बांटी



साहेबगंज के बरहेट में लोगों की समस्याएं सुनते सीएम हेमंत सोरेन।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/बरहेट।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य की जनता के साथ उनकी सरकार पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां कैसी भी हो, हर तबके के विकास का कार्य कर रहे हैं। सरकार कई योजनाएं चला रही है। जब सरकार और जनता एक साथ आगे बढ़ेगी, तो राज्य भी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा। मनसून के रुख पर भी उनकी पैनी नजर है, सुखाड़ की स्थिति को देख सरकार किसानों को हरसंभव मदद के लिए भी तैयार है। सीएम श्री सोरेन सोमवार को साहिबगंज जिले के बरहेट प्रखंड स्थित सिमलढाब में विकास मेला सह जनता दरबार को संबोधित कर रहे थे। वहीं गोड्डा के सुंदर पहाड़ी में भी सीएम ने जनता दरबार कार्यक्रम में 1257 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलंत ग्राम क्लिनिक के तहत नियुक्ति पत्र सौंपा।

### हर सेक्टर में हो रहा विकास

बरहेट में सीएम ने कहा कि सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। सरकारी और निजी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार दे रहे हैं। बच्चों के पढ़ाई-लिखाई का खर्च सरकार वहन कर रही है। विदेश में उच्च शिक्षा दिलाने आदिवासी दलित और अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को भेजा जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल और लॉ जैसे कोर्सेज करने के लिए सरकार पूरी सहायता कर रही है। पशुधन और स्वरोजगार के लिए भी योजनाएं चल रही है। बुजुर्गों और दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन दे रहे हैं।

**मानसून के रुख पर भी पैनी नजर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष भी मॉनसून का अलग रुख देखना पड़ रहा है। किसी इलाके में अच्छी बारिश हो रही है तो कहीं कम और कहीं सुखाड़ की स्थिति है। सरकार जल्द ही राज्य में खरीफ फसल के बुवाई के हालात का आकलन करेगी और किसानों को राहत देने के लिए सभी जरूरी कदम उठायेगी।

**अफसरों को गांव-गांव जाना होगा**

सीएम ने कहा कि अब अधिकारियों को गांव-गांव जाना होगा। इसके लिए एक कैलेंडर बनेगा। गांव जाकर अधिकारी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे। युवाओं को रोजगार देने के लिए राज्य सरकार ने सभी दरवाजे खोल दिये हैं। करीब 40 हजार सरकारी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निजी क्षेत्र की कंपनियों में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

**सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता :** सीएम ने कहा कि लोगों को सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और एकल महिलाओं को पेंशन देने का काम कर रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

# करार : टाटा स्टील कर्मियों को 314.70 करोड़ का बोनस

- कर्मियों के खाते में 20% की दर से 11 को आ जायेगी राशि

**विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। दुर्गा पूजा से पहले बोनस समझौता हो गया है। इस बार 20 फीसदी बोनस मिलने जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान वैश्विक कारणों से मुनाफे में कमी होने के बावजूद अपने कर्मचारियों की मेहनत को देखते हुए जमशेदपुर इस्पात संयंत्र, ट्यूब डिवीजन, ग्रोथ शॉप, रॉ मैटेरियल्स डिवीजन की माइंस और कलिंगानगर संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों को 20 प्रतिशत बोनस देने पर सोमवार को मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों के साथ समझौता किया। समझौते के तहत टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन ने जमशेदपुर संयंत्र और ट्यूब डिवीजन के कर्मचारियों को 186.51 करोड़ रुपये बोनस 11,676 कर्मचारियों में बांटने की घोषणा की है। वहीं कोलियरीज एंड आयरन ओर माइंस के कर्मचारियों को 88.01 करोड़ और ग्रोथ शॉप के कर्मचारियों को 3.19 करोड़ रुपये बोनस देगी।

(शेष पेज 11 पर)



जमशेदपुर के मजदूरों के लिए बोनस समझौता कर प्रफुल्लित एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन और ऐतिहासिक टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी हाथ मिलाते हुए।

## सभी अदालतें ढाई बजे तक ही पेशी सुनिश्चित करें : हाइकोर्ट

**रांची।** जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के अपर जिला व सत्र न्यायाधीश संजय कुमार उपाध्याय के न्यायालय के पेशकार राकेश कुमार पर हुए जानलेवा हमला मामले में हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान सहित कई जनहित याचिकाओं की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में जमशेदपुर डीसी एवं एसएसपी वर्चुअल रूप से कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। दोनों ने कोर्ट को बताया गया कि घायल पेशकार की स्थिति खतरे से बाहर है। वहीं कोर्ट ने रजिस्टार जनरल को निर्देश दिया कि राज्य के सभी सिविल कोर्ट में यह सुनिश्चित किया जाये कि गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में आरोपियों की पेशी (प्रोडक्शन) दोपहर 2 बजे ही किया जाये। इससे पहले कोर्ट को बताया गया कि एक रिपोर्ट आयी है जिसमें बताया गया है कि जमशेदपुर में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में प्रोडक्शन शाम 6:30 बजे होता है। इससे कई असुविधाओं सामने आती हैं। तभी हाईकोर्ट ने उक्त आदेश जारी किया। मामले की सुनवाई 11 सितंबर निर्धारित की। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के दो सीनियर जज, गृह सचिव, डीजीपी के बीच हाई लेवल रिव्यू कमेटी की बैठक होगी। (शेष पेज 11 पर)

## इडी ने डीएसपी, अभिषेक झा व विनय से की घंटों पूछताछ

**रांची।** इडी ने देवघर के राय बंगला जमीन घोटाले के मामले में बिहार के पूर्व सीएम विनोदानंद झा के पोते अभिषेक आनंद झा और विनय सिंह से पूछताछ की। वहीं अवैध खनन मामले में डीएसपी राजेंद्र दुबे से पूछताछ की गयी। सोमवार को करीब आठ घंटे तक इनलोगों से इडी के छह अफसरों की टीम ने पूछताछ की। इडी शराब घोटाले व देवघर में जमीन घोटाले को लेकर विनय सिंह समेत कई अन्य व्यक्तियों के कुल 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद से इडी की पूछताछ का सिलसिला जारी है। वहीं इडी ने साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाला मामले में डीएसपी राजेंद्र दुबे से उनकी संपत्ति के बारे में पूछताछ की। इडी ने उनसे पूछा कि बतायें, आखिर आपने कितनी संपत्ति अर्जित की है। उनके रिश्तेदारों की जमीन- बैंक सहित कई तरह के कागजातों से संबंधित मामलों में भी पूछा। राजेंद्र दुबे अभी में साहिबगंज के डीएसपी के पद पर हैं। इससे पहले नौ दिसंबर 2022 को इडी ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। अपनी गलती डीएसपी ने स्वीकारी थी

# मनरेगा सामग्री खरीद घोटाले की फाइल इडी को सौंपी गयी

- 100 करोड़ से अधिक की गड़बड़ी का है आरोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने मनरेगा में सामग्री खरीद में गड़बड़ी की शिकायतों से जुड़ी एक बंडल फाइल इडी को सौंप दी है। 100 दिन का काम देने की गारंटी देने वाली इस योजना में 100 करोड़ तक घोटाले की बात सिर्फ सामग्री खरीद के जरिये किये जाने की बात सामने आयी है।

इसके अलावा मनरेगा में कई जिलों में अलग-अलग तरह के घोटाले हुए हैं। इन सभी की जांच इडी के द्वारा की जा रही है। मनरेगा के काम लिए आवश्यक मेटेरियल प्रोक्यूरमेंट की सारी जानकारी सभी जिलों से मंगवाकर ग्रामीण विकास विभाग की ओर से इडी को दी गयी है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इसमें कई ऐसे अधिकारियों-कर्मियों के नाम भी शामिल हैं जो उस वक्त पदस्थापित थे। सामग्री से जुड़े सप्लायरों के नाम भी इसमें शामिल हैं। अब इडी इन फाइलों को खंगाल रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### इडी ने एसीबी से भी मांगी थी रिपोर्ट




झारखंड हाइकोर्ट ने भी एक मामले की सुनवाई के बाद चाईबासा जिले में मनरेगा घोटाले की जांच इडी से कराने का आदेश दिया है। इडी ने इसके बाद एसीबी से घोटाले की सारी फाइलें मांगी है। अब तक क्या कार्रवाई हुई है, उसपर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। यह मामला 2008-09 का ही है। जब मनरेगा अपने शुरुआती काल में था, सामग्री खरीद से जुड़ा मामला विगत कुछ सालों का ही है। इडी ने इस मामले में 2022 को ही झाखंड सरकार को पत्र लिखा था और 100 करोड़ स्कैम से जुड़ी शिकायतों पर रिपोर्ट मांगी थी। इडी की ओर से कहा गया था कि यह बात सामने आ रही है कि फर्जी तरीके से कई सामग्री को खरीदा गया है। इडी की इस कार्रवाई से ग्रामीण विकास विभाग में हड़कंप मच गया है।




सीएम ने गोड्डा जिले को ₹15947.12 लाख की लागत वाली 114 योजनाओं की दी सौगात, कहा

# कई स्थानों पर खोला जा रहा कोल्ड स्टोरेज नये उद्योगों में 75% स्थानीय को देंगे रोजगार

### जनता दरबार कार्यक्रम में 1257 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

### गांव मजबूत होगा तभी राज्य मजबूत होगा



### स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलन्त ग्राम क्लिनिक के अंतर्गत सौंपा नियुक्ति पत्र

### किसानों को दुग्ध बिक्री पर ₹3 अधिक मूल्य फेड्रेशन की तरफ से मिलेगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/सुंदरपहाड़ी।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य के विभिन्न स्थानों पर कोल्ड स्टोरेज खोला जा रहा है। इससे यहां के ग्रामीणों व किसानों की समस्याओं का समाधान हो सकेगा। श्री सोरेन सोमवार को गोड्डा के सुंदरपहाड़ी में योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास, नियुक्ति पत्र एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसान सीमित संसाधन में मेहनत कर रहे हैं, निम्न बारिश की वजह से बुआई कम हुई है। इसे ध्यान में रखकर सरकार की जो भूमिका होंगी, उसे किसान हित में जरूर निभायी जायेगी। आने वाले दिनों में सरकार जल्द ही पाइप लाइन के जरिये किसान के खेतों तक पानी उपलब्ध करायेगी। सरकार प्रयासरत है कि किस प्रकार गंगा नदी का पानी खेतों तक पहुंचे। इस निमित्त राज्य सरकार नई तकनीक के माध्यम से रास्ता निकलने का काम करेगी। आज राज्य सरकार ने कानून बनाया है कि राज्य में जो भी उद्योग लगेंगे, उसमें राज्य के 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों को रोजगार सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी पदाधिकारी कैम्प लगाकर आमजनों की समस्याओं को सुना। उत्कृष्ट विद्यालय के माध्यम से बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहे है। आज आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग के बच्चे विदेश में पढ़ाई कर रहा है।

### हर तबके के लिए है कल्याणकारी योजनाएं



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आपकी सरकार है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर- पीताम्बर जल समृद्धि योजना जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पढ़ाई का सारा खर्च उठायेगी। प्रतियोगिता-परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स की पढ़ाई के साथ-साथ विदेशों में भी उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। मौके पर आयुक्त लालचंद डाडेल, डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त जीशान कमर, उप विकास आयुक्त अस्मिता टोपनो, जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## एलपीजी पर सौ महीनों की लूट फिर दो सौ रुपये की छूट : राजेश ठाकुर

### महंगाई एवं घरेलू गैस की कीमत मात्र 200 रुपए कम करने के खिलाफ कांग्रेस नेताओं ने राजभवन के समक्ष दिया धरना



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महंगाई एवं घरेलू गैस की कीमत में मात्र 200 रुपए कमी करने के खिलाफ राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में सोमवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। इसी क्रम में रांची में राजभवन के समक्ष रांची जिला कांग्रेस कमिटी एवं रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के संयुक्त तत्वावधान में धरना का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सौ महीनों की लूट फिर दो सौ की छूट, लगता है भाजपा के कैलेंडर में दस सालों में एक ही बार रक्षाबंधन आता है और भाजपाई धन्यवाद की धारावाहिक चला रहे हैं। ये जनता के साथ सरासर नाइंसाफी है। उन्होंने कहा कि साढ़े नौ साल 500 रुपए का सिलेंडर 11 सौ में बेचा गया। जब इंडिया गठबंधन का डर सताने लगा तो 200 रुपए की कमी कर जनता के साथ एक बार फिर साजिश रची गयी। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों में रसाई गैस 31.37 करोड़ एवं उज्वला से 68 करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री मोदी ने लूटने का काम किया।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि 2013 में कांग्रेस की मनमोहन सरकार के समय राशन सामाग्री और पेट्रोल-डीजल के दाम और वर्तमान मोदी सरकार के समय आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगभग दुगुनी हो गयी हैं। केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है।

रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में महंगाई चरम पर है, इस महंगाई को देखे तो गैस सिलेंडर कटौती के बाद भी महंगा है। मोदी सरकार द्वारा गैस सिलेंडर सस्ता नहीं हुआ है बल्कि महंगाई का बेंचमार्क बदल दिया गया है।

धरना में राकेश सिन्हा, विधायक राजेश कच्छप, केदार पासवान, कमल ठाकुर, सुंदरी तिर्की, राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, संजय कुमार, शिव कुमार भगत, केडी सिंह, सूर्यकांत शुक्ला, आदि सैकड़ों कांग्रेसी थे।

## बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजमो ने दिया धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महंगाई और भ्रष्टाचार के संबंध में आज भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने एकदिवसीय धरना सोमवार को राज भवन के सामने दिया। धरना के बाद राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि महंगाई आम आदमी को बेजार कर रही है। रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी होती जा रही हैं। सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। लगता है कि बढ़ती महंगाई का संबंध भ्रष्टाचार से भी है। अब डीलर और विक्रेता भी मुनाफा के लालच में जमाखोरी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज का हाल यह है कि स्थानीय किसान हैं, उन्हें अपने उत्पाद कोल्ड स्टोरेज में रखने से मना कर दिया जाता है लेकिन दूसरे राज्यों के किसानों के उत्पाद कोल्ड स्टोरेज में रखे जा रहे हैं। राज्य में भ्रष्टाचार निचले स्तर तक है। धरना में आशीष शीतल मुंडा, पीएन सिंह, मनोज सिंह, अशोक ठाकुर, डॉ प्रश्नजीत मुखर्जी, संतोष कुमार पांडे, कुंदन पांडे, शिबू पाल, मृत्युंजय पांडे, बिजेंदर उरांव, दीपांकर करमाकर, मुकेश सिंह, राहुल सिंह, राजेश कुमार सिन्हा, राम सिंह,अविनाश कुमार, शिवानी लता, संगीता पोद्दार आदि उपस्थित थे।

### अनुबंध कर्मियों को नियमित करने के मामले में फैसला सुरक्षित



**रांची।** हाईकोर्ट में कॉन्ट्रेक्ट कर्मियों के नियमितीकरण को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने बहस की। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब अदालत क्या फैसला सुनाता है यह देखना महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि हाईकोर्ट के फैसले पर ही कॉन्ट्रेक्ट कर्मियों का भविष्य टिका है। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, सौरभ शेखर, राधा कृष्ण गुप्ता, पिंकी साव और अमृतांश वत्स ने बहस की।

## किसी भी सुनवाई के संबंध में मीडिया को गैर जिम्मेदाराना बयान नहीं दें अधिवक्ता

### हाईकोर्ट ने अधिवक्ताओं को दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** फॉरेस्ट लैंड को रैयती लैंड बताकर बेचे जाने की जांच के लिए दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने अधिवक्ता राजीव कुमार को निर्देश दिया है कि वे हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई के संबंध में मीडिया को गैर जिम्मेदाराना बयान न दें। हाईकोर्ट ने कहा कि चाईबासा मनरेगा घोटाला से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान हमने इडी को जांच नहीं दी, फिर भी मीडिया में यह खबरें प्रकाशित हुई कि हाईकोर्ट ने इडी को इस मामले की जांच का जिम्मा दिया है। कोर्ट ने कहा इसलिए अधिवक्ता इस बात का ध्यान रखें कि मीडिया के सामने लापरवाही वाला बयान नहीं देना चाहिए।

बता दें कि पिछले दिनों हाईकोर्ट में चाईबासा जिले में 28 करोड़ के मनरेगा घोटाला की जांच की मांग पर दायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। जिसमें कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह मामले में दर्ज सभी प्राथमिकी की प्रति ईडी को दें। अब इस मामले की अगली सुनवाई 31 सितंबर को होगी।

## सरकारी छोड़कर निजी अस्पताल में सेवा देने वाले डॉ राहुल बरेलिया पर कार्रवाई संभव

### रामगढ़ जिला प्रशासन की रडार पर हैं डॉक्टर, होगा लीगल एक्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रामगढ़ के सदर अस्पताल में डॉ राहुल बरेलिया पदस्थापित हैं, बावजूद इसके निर्धारित प्रावधानों का उल्लंघन कर वे अपने प्राइवेट अस्पताल बरेलिया नर्सिंग होम में सेवा दे रहे हैं। इसे लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन ने गहरी नाराजगी जताई है। इस संबंध में रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने सोमवार को सिविल सर्जन, रामगढ़ को पत्र लिखकर सात दिनों के अंदर प्रतिवेदन और कृत कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। डीसी के मुताबिक राहुल बरेलिया की नियुक्ति डीएमएफटी मद के अंतर्गत ऑर्थोपेडिक स्पेशलिस्ट के तौर पर सदर अस्पताल में की गई है परंतु वे अपने निजी अस्पताल में ही सेवा देते हैं।

आयुष्मान भारत आरोग्य योजना अंतर्गत आंकड़ों के मुताबिक राहुल ने एक सितंबर से 31 सितंबर की अवधि के बीच अपने बरेलिया नर्सिंग होम में 188 सर्जरी की है। इस अवधि में उनकी ओर से एक भी सर्जरी सदर अस्पताल में नहीं की गई है। डीसी ने इस मामले में सिविल सर्जन से राहुल बरेलिया से कारणपृच्छा करने को भी कहा है।

**दलाल, एजेंट कनेक्शन की भी होगी जांच :** डीसी चंदन कुमार ने सिविल सर्जन से यह भी जांच करने को कहा है कि जिन 188 मरीजों की सर्जरी पिछले सालभर में राहुल बरेलिया ने अपने नर्सिंग होम में की, क्या वे पूर्व में सदर अस्पताल में इलाज के लिए आए थे? अगर सदर अस्पताल में उन्हें एजेंट, दलाल के जरिये बरेलिया नर्सिंग होम में इलाज के लिए भेजा गया तो इसकी जांच भी ठीक से हो? अगर इस संबंध में किसी तरह के प्रमाण मिलेंगे तो लीगल एक्शन लिया जाये।

## उदयनिधि स्टालिन के बयान पर स्थिति स्पष्ट करें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा सनातन संस्कृति का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आईएनडीआईए के घटक दल झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उदयनिधि स्टालिन के बयान पर जवाब मांगा है। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य की सनातन धर्म संबंधी बयान पर हेमंत सोरेन का जवाब जानना चाहती है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को इस संबंध में स्थित स्पष्ट करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि विगत दिनों मुंबई में इंडी एलायंस की बैठक संपन्न हुई। जिसमें राज्य के सत्ताधारी गठबंधन झामुमो कांग्रेस और राजद के शीर्ष नेतागण शामिल हुये थे। इसके बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे और तमिलनाडु सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया की उपमा देते हुये सनातन को समाप्त कर देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि स्टालिन के बयान से करोड़ों सनातन धर्मावलंबी आहत हुये हैं। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति लाखों वर्षों से चलती आ रही है। इसे समाप्त करने की बात करने वाले खुद मिटते चले गये। सनातन की परंपरा अक्षुण्ण बनी रही। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस में शामिल झामुमो के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उदयनिधी स्टालिन के बयान पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने बोकारो डीसी, एसपी और अन्य अधिकारियों के विरुद्ध लाया विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव

### लोस अध्यक्ष को लिखा पत्र, पुलिस पर दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी आलोक प्रियदर्शी, संबंधित सर्किल इंस्पेक्टर अशोक कुमार एवं अन्य दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन चलाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को अवगत कराया है कि उनके आवासीय कार्यालय में आकर पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार करने एवं आरोप लगाने से मेरी छवि धूमिल हुई है और मेरे विशेषाधिकार का हनन हुआ है। उन्होंने कहा कि इन पदाधिकारियों के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का मामला चलाने की जरूरत है ताकि संसद की गरिमा बची रहे।

### चुनाव आयोग से शिकायत की, आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं को डरा रहे झामुमो के कार्यकर्ता

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं और उपद्रवियों द्वारा मतदान से पूर्व आजसू पार्टी के समर्थकों और कार्यकर्ताओं को डराने की शिकायत की है। ऐसा चुनाव को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। मतदाताओं को भी प्रभावित करने का कार्य किया जा रहा है। इसको लेकर संबंधित थाना में शिकायत भी दर्ज कराई गई है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से इसपर संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया है।

उन्होंने कहा कि यह मामला 3 सितंबर की संध्या 7:30 बजे का है। सर्किल इंस्पेक्टर सिविल यूनिफॉर्म में पुलिस जवान के साथ मेरे डी-4 सेंट्रल कॉलोनी पोस्ट मकोली के आवासीय कार्यालय पर आए। जिसमें 12 से 15 पुलिस थे। इसमें से 8 पुलिस घर के अंदर आकर दीपक कुमार महतो, रसोईया सुरेंद्र, पप्पू सिंह व कार्यकर्ताओं से पूछताछ की। इन लोगों ने जब पुलिस से सर्च वारंट मांगा गया तो पुलिस ने कोई सर्च वारंट नहीं दिया और ना ही कोई परिचय दिया। सबसे आधार कार्ड मांगा गया। मैं कहां हूं इसकी जानकारी पुलिस ने मांगी। पुलिस ने आवास में पैसा रखने का आरोप लगाया।

## राज्य में डेंगू-मलेरिया के मामले तेजी से बढ़ रहे, मौत भी हो रही

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इतना ही नहीं, अब तो डेंगू से मौत की खबरें भी आने लगी है। लोगों में डेंगू का डर भी देखने को मिल रहा है। राजधानी रांची में भी पिछले तीन माह में करीब 35 डेंगू संक्रमितों की पहचान हो चुकी है, जबकि 16 संक्रमितों का इलाज रिम्स के डेंगू वार्ड और 2 संक्रमितों का इलाज सदर अस्पताल के नए भवन में चौथे तल्ले में चल रहा है। मरीजों की स्थिति अभी सामान्य है। वहीं, झारखंड में सर्वाधिक केस पूर्वी सिंहभूम में एक्टिव है। यहां इस साल अब तक 435 की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है, जबकि वर्तमान में 150 से ज्यादा संक्रमित इलाजरत हैं। अन्य जिलों में भी डेंगू संक्रमण का आंकड़ा दहाई पार कर चुका है। इधर, डेंगू के अलावा राज्य में मलेरिया-चिकनगुनिया भी तेजी से फैल रहा है। झारखंड के विभिन्न राज्यों में बीते 8 महीने में मलेरिया के करीब 10 हजार केस की पुष्टि हो चुकी है। सबसे ज्यादा 5500 के करीब केस की पहचान अकेले पश्चिमी सिंहभूम में हुई है। वहीं, पूर्वी सिंहभूम में 963 केस, सरायकेला में 397 केस, खूंटी में 376 केस, गोड्डा में 250 केस समेत अन्य जिलों से मिले हैं। चिकनगुनिया की बात करें तो अब तक 131 केस की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा 51 केस जमशेदपुर से मिले हैं, जबकि रांची में 31 केस की पहचान हुई है।

### सिमडेगा विधायक भूषण बारा के खिलाफ दर्ज केस निरस्त

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सिमडेगा विधायक भूषण बारा एवं अन्य को एक मामले में राहत प्रदान की है। कोर्ट ने सिमडेगा विधायक भूषण बारा एवं अन्य द्वारा दाखिल क्रिमिनल रिवीजन को स्वीकृत कर लिया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुभाष चांद की अदालत ने सिमडेगा महिला थाना में वर्ष 2019 में विधायक भूषण बारा एवं अन्य के खिलाफ दर्ज केस को निरस्त कर दिया। पूर्व में मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सिमडेगा की अदालत में इससे संबंधित चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर रोक लगाई थी। दरअसल, महिला ने 2019 में सिमडेगा महिला थाना में भूषण बारा एवं अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया था। सिमडेगा की अदालत ने इस मामले में भूषण के डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

## देशभर के 16,700 थानों में साहेबगंज जिले की मिर्जापुर थाना चौकी को मिला 17वां स्थान

### अब टॉप 10 में शामिल के लिए प्रयास शुरू




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देश भर के 16,700 थाने में साहेबगंज के मिर्जा चौकी थाने को 17वां स्थान मिला है। अब इस थाने को टॉप टेन में लाने की कवायद की जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से देशभर के 16,700 थानों का सर्वे कराया गया था। इसमें साहेबगंज के मिर्जा चौकी को 17वां स्थान मिला है।

इस संबंध में साहेबगंज के एसपी नौशाद आलम ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विभिन्न मापदंडों के आधार पर इसका चयन किया है। गौरतलब हो कि साहेबगंज के जिला मिर्जा चौकी को सीसीटीएनएस रिपोर्ट में मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स की ओर से देश भर में चुने गये 70 थानों में मिर्जा चौकी का नाम शामिल है। इस सिलसिले में आवश्यक जानकारी जुटाने के लिए मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के अजीमुल हक व एनामुल हक दो दिन पूर्व मिर्जाचौकी थाने का निरीक्षण किया था।

बताया गया है कि एमएचए से संबंधित टीम देश के टॉप 70 पुलिस स्टेशनों में दस थाना को मॉर्डन थाना बनाने के लिए चुनेगी। इस काम के लिए केंद्रीय गृह विभाग ने एमएस ट्रांस रूरल एग्री कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को सर्वे का जिम्मा सौंपा है। टॉप टेन थाना के लिए अनुपात में कुल 100 अंक निर्धारित है। टीम आवश्यक परफॉरमेंस पर 80 एवं सर्वेक्षण के दौरान आधारभूत संरचना, उपलब्ध सुविधा आदि का अवलोकन किया गया और 20 अंक दिया गया।

**केंद्रीय मंत्रालय ने दी थी एसपी को सूचना :** केंद्रीय पुलिस आधुनिकीकरण डिवीजन की डाइरेक्टर मोनालिसा दास ने एक अगस्त को मिर्जा चौकी थाना को मॉडर्न थाना बनाये जाने की सूचना भेजी थी। मॉर्डर्न थाना के तहत मिर्जा चौकी थाना चुने जाने पर आवश्यक सुविधाओं से लैस होने का निर्देश दिया गया था। मसलन थाना का वीडियो कांफ्रेसिंग हॉल, मीटिंग हॉल, मनोरंजन कक्ष, सिपाहियों के लिए बैरेक, शस्त्रागार, मालखाना, आगंतुक कक्ष, कार्यालय प्रभारी कक्ष, एसआई रेस्ट रूम, वॉच टॉवर आदि सुविधाओं के लिए दिया गया। अहर्ता पूरी होने के बाद से मिर्जापुर थाना चौकी को 10 लाख तक दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित मंत्री की जनसुनवाई में फरियाद लेकर पहुंचे लोग

# राज्य में सीएनटी का उल्लंघन कर जमीन के बंदरबांट से मैं खुद भी दुखी हूं: रामेश्वर उरांव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सोमवार को कांग्रेस कोटे से गठबंधन सरकार में शामिल वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राज्य भर से आये लोगों की समास्याओं को सुना और अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से जन-समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया। जनसुनवाई में वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड, मुटेशन, बिजली, सड़क निर्माण, खरीदारी जमीन पर अवैध कब्जा जैसी समस्या शामिल थी। जन-सुनवाई कार्यक्रम में वित्त मंत्री के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी उपस्थित रहे।

मंत्री रामेश्वर उरांव की जनसुनवाई में सर्वाधिक मामले वैसे लोगों से जुड़े थे जो किसी न किसी मामले में पुलिस की भूमिका से परेशान हैं। वहीं दिव्यांग बेटी के वृद्ध पिता रोजगार की मांग को लेकर जनसुनवाई में फरियाद लगाई। वहीं चान्हो सीओ की गड़बड़ी से पीएम किसान सम्मान योजना से वंचित लोगों ने भी गुहार लगायी। एक कैंसर रोगी किसान भी अपनी फरियाद लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे थे। रामगढ़ में एक निजी कंपनी द्वारा रैयत की जमीन लेकर उसे नौकरी देने से इनकार करने की शिकायत भी मंत्री तक पहुंची। धनबाद कांग्रेस के कार्यकर्ता बाघमारा थाना प्रभारी के आतंक की शिकायत करने वित्त मंत्री के पास पहुंचे थे।

### मंत्री ने समस्याओं को लेकर अधिकारियों से की बात

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव की जनसुनवाई की खासियत यह रही कि ज्यादातर जनशिकायतों पर उन्होंने तत्काल संबंधित अधिकारियों से बात की और नियमानुसार लोगों की शिकायत दूर कर सूचना देने के निर्देश दिए। ज्यादातर फरियादियों ने उम्मीद जताई कि वित्त मंत्री की पहल पर उनकी शिकायतों का निपटारा हो जाएगा।

### अपना हक और अधिकार नियमानुसार लेना होगा

जनसुनवाई के दौरान मीडिया से बातचीत में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि राज्य में सीएनटी एक्ट होने के बावजूद आदिवासियों और पिछड़ों की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे से वह खुद दुखी हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद हमलोगों को अधिकारियों पर ही भरोसा करना होगा और अपना हक और अधिकार नियमानुसार लेना होगा। बता दें कि पिछले सप्ताह सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की जनसुनवाई से कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू हुआ। इस सोमवार को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की शिकायतें सुनीं। शेड्यूल के अनुसार अगले सप्ताह सोमवार को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जनसुनवाई करेंगे।

स्पीड न्यूज

# टाटा स्टीलकर्मी को सर्वाधिक 4 लाख 61 हजार 19 रुपये मिलेगा बोनस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वित्तीय वर्ष 2022-2023 के लिए वार्षिक बोनस के भुगतान के लिए टाटा स्टील और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच 4 सितंबर 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। समझौता ज्ञापन के अनुसार वर्ष 2022-2023 के वार्षिक बोनस के लिए कंपनी के सभी लागू डिवीजनों/इकाइयों के लिए वर्ष 2022-2023 के वार्षिक बोनस के कारण कुल भुगतान 314.70 करोड़ रुपये होगा। इसमें से, ट्यूब सहित जमशेदपुर के डिवीजनों के लिए, रु 186.51 करोड़ रुपये वार्षिक बोनस के रूप में लगभग वितरित किये जायेंगे। इससे जमशेदपुर के 11676 कर्मचारी लाभान्वित होंगे। बोनस राशि 11 सितंबर को कर्मचारियों के बैंक खाते में भेज दी जाएगी। 2022-23 में जमशेदपुर के कर्मचारियों के लिए के लिए देय न्यूनतम (पूर्ण उपस्थिति पर) और अधिकतम (वास्तविक उपस्थिति पर) वार्षिक बोनस क्रमशः 42,561/- रुपये और 4,61,019/- रुपये होगा। टाटा स्टील प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन ने अपने बयान में कहा कि चूंकि स्टील कंपनी के हमारे अधिकांश कर्मचारी बोनस भुगतान (संशोधन) अधिनियम, 2015 में निर्धारित सीमा से अधिक वेतन/मजदूरी प्राप्त कर रहे हैं, इसलिए वे अधिनियम के तहत बोनस के लिए पात्र नहीं हैं। हालाँकि, कंपनी अपनी पुरानी परंपराओं का सम्मान करते हुए यूनियनाइज्ड श्रेणी के सभी कर्मचारियों को बोनस का भुगतान करने जा रही है।



जनरल ऑफिस में समझौते के बाद टाटा स्टील के एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन एंड टीम के साथ टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, महासचिव एसके सिंह एंड टीम।



बोनस समझौता कर यूनियन आये अध्यक्ष संजीव चौधरी, एसके सिंह और सतीश सिंह एवं अन्य नेताओं को फूल मालाओं से लादते कर्मचारीगण।

### इन्होंने किये समझौते पर हस्ताक्षर

समझौते पर 4 सितंबर 2023 को हस्ताक्षर किए गए थे। टीवी नरेंद्रन, सीईओ और एमडी, अत्रेयी सान्याल, उपाध्यक्ष (एचआरएम) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रबंधन की ओर से और संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन, ने हस्ताक्षर किए। शैलेश कुमार सिंह, उप. अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन, सतीश कुमार सिंह, महासचिव, टाटा वर्कर्स यूनियन और अन्य पदाधिकारियों ने यूनियन की ओर से झारखंड सरकार के उप-श्रमायुक्त राकेश प्रसाद की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।

### बेहतर समझौते के लिए यूनियन नेतृत्व को बधाई : हरिशंकर सिंह

**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के कोषाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बोनस समझौते के बाद अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि अध्यक्ष के दूर-दृष्टि के परिणाम स्वरुप पिछले ही वर्ष 3 सालों के लिए फॉमूर्ले को विस्तारित किया जाना एवं प्रबंधन के द्वारा कर्मचारियों को सदा प्रोत्साहित रखने के प्रयास एवं कर्मचारी साथियों द्वारा अबतक का सर्वाधिक उत्पादकता के परिणाम स्वरुप इस वर्ष एक बेहतर बोनस समझोता हो पाया है। इसके लिए यूनियन के शीर्षस्थ नेतृत्व, प्रबंधन, यूनियन के कार्यकारिणी सदस्यों एवं कर्मचारी साथियो को बहुत-बहुत बधाई।

### अध्यक्ष संजीव चौधरी को बहुत-बहुत बधाई : संजय सिंह

**जमशेदपुर।** टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बेहतर बोनस समझौता होने पर खुशी व्यक्त करते हुए है कि इसके लिए असाधारण अध्यक्ष संजीव चौधरी को बहुत धन्यवाद। साथ ही सारी ऑफिस बियरेर की टीम बधाई के पात्र है। यूनियन की दूर दर्शिता है की बोनस फॉमूर्ला को तीन साल के लिए एक्सटेंड करवाया। और फॉमूर्ला से भी 16 करोड़ ज्यादा लेने में सफल रही और एक बार फिर टाटा स्टील के कर्मचारी को बीस फीसदी का ऐतिहासिक बोनस मिलने जा रहा है। जय हो टाटा वर्कर्स यूनियन। टाटा स्टील के मेहनती और समर्पित कर्मचारी को भी हार्दिक बधाई, जिन्होंने पूरे साल अपनी कड़ी मेहनत से उच्च उत्पादकता बनाए रखी है।

### एमजीएम में अवैध शराब का अड्डा ध्वस्त



जमशेदपुर। सोमवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी श्री राजू, एमजीएम थाना के द्वारा अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा वरीय पदाधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डेमकाडीह स्थित स्वर्णरेखा नदी के किनारे छापामारी किया गया, जहां से अवैध रूप से देशी महुआ शराब निर्माण हेतु तैयार किए जा रहे 10 ड्रम जावा महुआ एवं शराब निर्माण के उपयोग में लाए जाने वाले विभिन्न उपकरणों को विनष्ट किया गया है। इस संबंध में आसूचना संकलन कर अग्रतार कार्रवाई की जा रही है।

### स्वर्णरेखा नदी में बुर्जुग का तैरता शव बरामद

जमशेदपुर। सोमवार को गुड़ाबांदा थाना छेत्र अंतर्गत भाकर स्वर्णरेखा नदी घाट के पानी में तैरता हुआ एक अज्ञात महिला, उम्र करीब 70 वर्ष, पता अज्ञात, का शव पाया गया है जिसे आवश्यक करवाई कर शव के पहचान हेतु 72 घंटा के लिए डिमना पोस्ट मार्टम हाउस में रखवाया गया है। 72 घंटो के पश्चात अग्रतर करवाई की जाएगी।

### चांडिल में चार ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति

**चांडिल।** कोरोना काल के समय चांडिल स्टेशन में पूर्व से चलने वाली कई ट्रेनों का ठहराव बंद था जिसे यहां की आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। 9 सितंबर से चांडिल स्टेशन में 13287/13288 दुर्ग दानापुर साउथ बिहार एक्सप्रेस , 22891/22892 हावड़ा रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस , 28181 /28182 टाटा कटिहार एक्सप्रेस 10 सितंबर से 13511/13512 टाटानगर आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव सुनिश्चित किया गया है। 9 सितंबर 2023 को ट्रेन नंबर 22892 रांची हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस का फ्लैग ऑफ समारोह रांची के सांसद संजय सेठ के द्वारा शाम 5:30 बजे किया जाएगा। इस बात की जानकारी डीआरयूसीसी मेंबर दिवाकर सिंह ने दिया।

## टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल्स डिवीजन में अधिकतम 3.30 लाख रुपये बोनस

माइंस यूनियनों के साथ प्रबंधन ने किया बोनस समझौता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लेखांकन वर्ष 2022-2023 के लिए वार्षिक बोनस के भुगतान के लिए स्टील कंपनी और राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (आरसीएमयू) और भारतीय राष्ट्रीय खदान श्रमिक संघ (आईएनएमडब्ल्यूएफ) के बीच 4 सितंबर 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। टाटा स्टील के कोयला, खदान और एफएएमडी के लिए लगभग 88.01 करोड़ रुपये की राशि। कर्मचारियों के बीच वितरित किया जाएगा।

(खदान-26.34 करोड़ रुपये, वेस्ट बोकारो-33.80 करोड़ रुपये, जामाडोबा-23.20 करोड़ रुपये, एफएएमडी-4.67 करोड़ रुपये)।

**2022-23 के लिए देय न्यूनतम और अधिकतम वार्षिक बोनस इस प्रकार होगा:** माइंस ओएमक्यू के 2168 कर्मचारियों के बीच न्यूनतम 42141 रुपये और अधितम 3 लाख 30 हजार 635 रुपये बोनस बंटेगा। जमाडोबा कोलियरी के 1825 कर्मचारियों के बीच न्यूनतम 27,368 रुपये और अधितम 3 लाख 3 हजार 990 रुपये बोनस बंटेगा। वेस्ट बोकारो कोलिरीज में कार्यरत 2427 मजदूरों के बीच न्यूनतम 26 हजार 15 रुपये और अधिकतम 3 लाख 13 हजार 196 रुपये बोनस बंटेगा जबकि एफएएमडी के 351 कर्मचारियों के बीच न्यूनतम 44,870 रुपये और अधिकतम तीन लाख 46 हजार 778 रुपये बोनस बंटेंगे।



बोनस समझौते पर दस्तोवज आदान-प्रदान करते टाटा स्टील की वीपी एचआरएम अत्रेई सान्याल व वीपी डीबी सुंदर और श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष जयमंगल सिंह व अन्य यूनियन पदाधिकारी।

### समझौते पर इन्होंने किये हस्ताक्षर

डी.बी. सुंदर रामम, उपाध्यक्ष (कच्चामाल), अत्रेयी सान्याल, उपाध्यक्ष (एचआरएम), टाटा स्टील, संजय राजोरिया, जीएम (झरिया), अनुराग दीक्षित, जीएम (वेस्ट बोकारो), ए के भटनागर, जीएम (ओएमक्यू) ने प्रबंधन की ओर से हस्ताक्षर किए और कुमार जय मंगल सिंह, अध्यक्ष आईएनएमडब्ल्यूएफ और आरसीएमयू, संतोष कुमार महतो, सचिव, आरसीएमयू, जामाडोबा कोलियरी, महेश प्रसाद, अध्यक्ष, आरसीएमयू, वेस्ट बोकारो कोलियरी, नोआमुंडी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष और झरिया, वेस्ट बोकारो, ओएमक्यू और एफएएमडी कोलियरी के अध्यक्ष और महासचिव कमलेश महतो ने अपने कर्मचारियों की ओर से समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## ग्रोथ शॉप में न्यूनतम 69,881 रुपये और अधिकतम 3,53,338 रुपये बोनस



बोनस समझौते के बाद दस्तावेज प्रदर्शित करती टाटा स्टील की वीपी एचआरएम अत्रेई सान्याल, वीपी अवनीश गुप्ता, टिस्को मजदूर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व महासचिव शिवलखन सिंह।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** लेखा वर्ष 2022-2023 के लिए वार्षिक बोनस के भुगतान के लिए टाटा स्टील और टिस्को मजदूर यूनियन के बीच 4 सितंबर 2023 को टाटा स्टील ग्रोथ शॉप,आदित्यपुर में कार्यरत स्थायी श्रमिकों के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

समझौते के तहत ग्रोथ शॉप के लिए लगभग 3.19 करोड़ रुपये की राशि 245 कर्मचारियों के बीच वार्षिक बोनस के रूप में वितरित किया जाएगा। 2022-2023 के लिए पूर्ण उपस्थिति पर देय न्यूनतम और अधिकतम वार्षिक बोनस क्रमशः 69,881/- रुपये और 3,53,338/- रुपये होगा।

### समझौते पर इन्होंने किए हस्ताक्षर

अवनीश गुप्ता, वीपी (टीक्यूएम और ईएंडपी), अत्रेयी सान्याल, उपाध्यक्ष (एचआरएम) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रबंधन की ओर से और राकेश्वर पांडे, अध्यक्ष, टिस्को मजदूर ने हस्ताक्षर किए। यूनियन की ओर से टिस्को मजदूर यूनियन के महासचिव शियो लखन सिंह और अन्य पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर किये।

### चांडिल में डेंगू ने पसारा पांव



चांडिल। एक सप्ताह के भीतर चांडिल एवं आसपास के क्षेत्र में डेंगु के करीब आधा दर्जन मरीज पाए गए है। इन मरीजों का इलाज चांडिल से बाहर जमशेदपुर के प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अभी तक चांडिल बाजार, हरिजन बस्ती एवं हाटतोला में डेंगू के करीब आधा दर्जन मरीज पाए गए है। चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ एच एस शेखर ने बताया अभी तक चांडिल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डेंगू के मरीज की पुष्टि नहीं हुई है, परंतु कई मरीजों में डेंगू का लक्षण पाया गया है। चांडिल स्वास्थ्य केंद्र के मलेरिया डिपार्टमेंट के सैयद असद ने बताया डेंगू के जांच रांची के रिम्स, जमशेदपुर के एमजीएम एवं चाईबासा सदर अस्पताल में होता है।

## सूर्य मंदिर समिति ने सरयू राय के खिलाफ किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर के पवित्र छठ घाट तालाब में स्विमिंग पूल और आध्यात्मिक स्थल शंख मैदान में बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी कोर्ट निर्माण कार्य के विरोध में सूर्य मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मंदिर परिसर में विकास योजनाओं के नाम पर सूर्य मंदिर के सौंदर्य को नष्ट करने की साजिश की जा रही है। प्रदर्शनकारी सबसे पहले साकची स्थित नेताजी सुभाष मैदान (आम बागान) में जुटे और वहां से पैदल ही मार्च करते हुए डीसी ऑफिस पहुंचे। प्रदर्शन कार्यक्रम में महिलाएं और साधु-संत शामिल हुए। इस दौरान मंदिर समिति के संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के संग तमाम पदाधिकारी, सदस्यगण एवं सनातन प्रेमियों ने नेताजी सुभाष मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक पैदल मार्च कर सीएम हेमंत सोरेन के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। पदयात्रा में सबसे आगे धर्मगुरु साधु-संत एवं सूर्य मंदिर के पुजारीगण हाथों में विशाल केसरिया ध्वज लेकर पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे थे। उनके पीछे मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं उनके साथ माताएं-बहनें एवं इनके ठीक पीछे आम लोग थे। लोग हाथों में केसरिया ध्वज एवं तख्ती लेकर चल रहे थे। पदयात्रा में शामिल लोगों में छठ घाट पर स्विमिंग पूल और शंख मैदान में वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य के प्रति काफी आक्रोश प्रदर्शित कर रहे थे।




## भगवान उसी हृदय में वास करते हैं जिसका मन गंगा की तरह साफ हो: हिमांशु महाराज

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर सत्यनारायण मारवाड़ी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को पूज्य स्वामी हिमांशु महाराज ने व्यासपीठ से परीक्षित जन्म और कपिल अवतार की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कभी भी किसी महात्मा का अपमान नहीं करना चाहिए। यदि हम अगर किसी संत का अपमान करते है तो भागवत प्राप्ति में बाधा डालती हैं। भागवत के जो मुख्य श्रोता है राजा परीक्षित, उनको श्राप के कारण श्री सुखदेवजी ने सात दिन की भागवत कथा श्रवण करायी। जिसमें उनका उत्थान हो गया। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु ने पांचवा अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। भगवान उसी हृदय में वास करते हैं, जिसका मन गंगा की तरह साफ हो। मनुष्य जीवन का महत्व समझते हुए भगवान की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। कथा व्यास हिमांशु जी ने शिव-पार्वती विवाह की महिमा भी बताया।

## आयुष्मान कार्ड से हो डेंगू मरीजों का इलाज : बाबर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सोमवार को झामुमो नेता बाबर खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला में डेंगू का प्रकोप काफी गंभीर रूप ले चुका है। और जिस प्रकार भीड़ केवल जमशेदपुर के टी एम एच में देखने को मिल रही है इस से लोग भयभीत हैं। डेंगू मरीजों का दिल दहलाने वाली भीड़ है। अन्य अस्पताल का किया हाल होगा प्राइवेट क्लिंक नर्शिंग होम प्राइवेट डाक्टरों के यहां भी मरीज लंबे लंबे लाइन में लगे हुए हैं जो अच्छा संकेत नहीं है। समय रहते ज़िला प्रशासन डेंगू वायरस पर गंभीरता नहीं दिखाई तो हालत भयंकर और बेकाबु होगा। बाबर ने यहां जारी एक बयान में कहा है कि इलाज के लिए मरीजों के परिजनों को 18 हजार से 22 हजार रुपये प्लेटलेट और 10 हजार से 20 हजार रुपये प्लाज्मा के लिए भुगतान करना पड़ रहा है। ब्लड डोनर को लाने आदेश दिया जा रहा हैं। डॉक्टरों की फीस, हॉस्पिटल का बिल भारी बोझ बन रहा है जो गरीब परिवार के लिए असंभव है। इसलिए जिला प्रशासन और राज्य सरकार झारखंड जन हित में डेंगू का भी इलाज आयसुमान कार्ड से करने का निर्देश जारी करें। ता के मरीज अपनी जान बच्चा सके। बाबर खान ने कहा जिला प्रशासन प्रतेक थाना क्षेत्र में 3 दिनों का डेंगू चेकअप कैंप लगवाए।

## खबर एक नजर में

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सूर्य मंदिर समिति की तैयारी पूरी

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर समिति की ओर से होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की सभी तैयारियां पूरी हो गयी है। जन्माष्टमी महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को संध्याकाल में नटखट नौनिहालों के बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता के ऑडिशन से होगी। प्रतियोगिता का फाइनल 7 सितंबर को सूर्य मंदिर परिसर में सम्पन्न होगी। बाल राधा कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता में करीब 400 बच्चों के लिए फॉर्म लिए गए हैं। प्रस्तुति के आधार पे इनमें से टॉप 10 प्रतिभागी को फाइनल के लिए चुना जाएगा। 7 सितंबर (गुरुवार) को संध्या 5 बजे फाइनल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए सूर्य मंदिर समिति के अध्यध भूपेंद्र सिंह ने बताया कि सूर्यधाम में 5 से 7 सितंबर तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान पूर्व सीएम एवं मंदिर कमेटी के मुख्य संरक्षक रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह मुख्यरूप से मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि 7 सितंबर को सूर्य मंदिर परिसर में शाम 5 बजे बाल राधा-कृष्ण सजाओ प्रतियोगिता का फाइनल और 7 सितंबर को शाम 7 बजे सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता का फाइनल होगा। फाइनल में चयनित प्रतिभागी भाग लेंगे। इसके साथ ही, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिलायें अलग-अलग भाग लेंगे जिसका आयोजन 7 सितंबर को सुबह 10 बजे से किया जाएगा।

### टांगराईन में शुरू होगा सिनेमा इन स्कूल

जमशेदपुर। सरकारी विद्यालयों में नवाचार के लिए चर्चित पोटका स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, टांगराईन में अब सिनेमा के जरिए भी बच्चों को शिक्षित किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद तिवारी ने बताया कि सिनेमा व नाटक सशक्त माध्यम है ,जिससे बच्चों को शिक्षित एवं प्रोत्साहित किया जा सकता है। तीन-चार स्वयंसेवी संस्थाओं से अलग-अलग बातचीत चल रही है, जिनके सहयोग से टांगराईन स्कूल में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। साइंस फॉर सोसायटी, झारखंड एवं वैज्ञानिक चेतना साइंस वेब पोर्टल जमशेदपुर, झारखंड की ओर से आगामी 9 सितंबर को झारखंड साइंस फिल्म क्लब का उदघाटन तथा ओपनिंग फिल्म स्क्रीनिंग सह 'लोगो' लॉन्चिंग का कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम साइंस फार सोसायटी के डी एन एस आनंद की पहल पर टांगराईन में शुरू होगा। इसके अलावा नबारुण प्रकाशन के संजय जोशी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम' 'सिनेमा इन स्कूल' को भी विद्यालय में क्रियान्वित किया जाएगा। इस संबंध में संजय जोशी ने सहमति भी दे दी है। अरविंद तिवारी ने बताया कि कोलकाता के युवा निर्देशक देवगोपाल मंडल भी विद्यालय में सिनेमा के जरिए बच्चों को शिक्षित करने की योजना को सहमति प्रदान कर चुके हैं। विद्यालय में पहले से ही नाटक का प्रशिक्षण पथ के मोहम्मद निजाम, छवि दास, रूपेश आर्यन तथा वरिष्ठ रंगकर्मी रविकांत मिश्रा, गौतम गोप, रामचंद्र मार्डी एवं विक्रम झा आदि के सहयोग से चलाया जा रहा है।



स्कूल के हेडमास्टर अरविंद तिवारी एक छात्रा की हाइट नापते हुए।

### रावण दहन समिति छोटा गोविंदपुर के अध्यक्ष बने चंद्रशेखर सिंह

**जमशेदपुर।** श्री श्री वीर कुंवर सिंह मैदान रावण दहन समिति छोटा गोविंदपुर कार्यकारिणी की बैठक ललन शाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संस्थापक राधेश्याम सिंह, कमलेश सिंह, व श्याम किशोर सिंह की उपस्थिति में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मित से चंद्रशेखर सिंह को अध्यक्ष, विनय सिंह को सचिव एवं कमलेश सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। मुख्य संरक्षक केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संरक्षक ललन शाह, विजय यादव, सुनील सिंह, भारत भूषण सिंह एवं रौशन झा को बनाया गया। सलाहकार समिति में कामेश्वर पांडे, धीरज सिंह, जय नारायण सिंह साधू, सतीश सिंह, चंद्रभूषण सिंह, बुढो दत्ता, जुगनू वर्मा, पवन सिंह, शंकर प्रसाद, रंजन सिंह, रमन झा, संजय मिश्र, विमल झा, आशीष राय व जितेंद्र मिश्रा आदि शामिल हैं। बैठक में संस्थापक राधेश्याम सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रावण दहन कार्यक्रम भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा।

### बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की छात्रा का टाटा स्टील में प्लेसमेंट

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष की छात्रा रितिका तिवारी का चयन विश्वस्तरीय स्टील कंपनी टाटा स्टील में जूनियर इंजीनियर ट्रेनी के पद पर कलिंगानगर स्थित प्लांट में हुआ है। इससे पहले रितिका तिवारी का कैंपस सेलेक्शन मेसर्स जेनिथ फोर्ज और हाई टेक नेक्स्ट में भी हुआ था। रितिका तिवारी के इस चयन पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी राहुल सिंह तथा कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।



रितिका तिवारी के साथ चेयरमैन डॉ एसके सिंह।

## टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टीट्यूट, बमार्माइंस से अब तक 582 छात्र-छात्राओं ने किया डिप्लोमा

खबर मन्त्र ब्यूरो







**जमशेदपुर।** टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टीट्यूट, बमार्माइंस (टीएसटीआई) दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम की पेशकश करता है - पहला मेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग और स्मार्ट फैक्ट्री में, और दूसरा इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में। टीएसटीआई राष्ट्रीय कौशल विकास निगम का एक मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण साझेदार है और इसे राष्ट्रीय ओपन कॉलेज नेटवर्क से मान्यता प्राप्त है। संस्थान बी.वोक पाठ्यक्रम भी प्रदान करता है जिसे अरका जैन विश्वविद्यालय के माध्यम से मान्यता प्राप्त है, जो पूरा होने पर डिग्री प्रदान करता है। टीएसटीआई आईएसओ 9001, 14001, 21001 और 45001 प्रमाणपत्रों के साथ आईएसओ प्रमाणित है। अब तक, 582 छात्रों ने संस्थान से अपना डिप्लोमा पूरा किया है, जिनमें से 106 महिला उम्मीदवार थीं। उक्त जानकारी संस्थान के प्राचार्य वेद प्रकाश और लीड इंस्टीट्यूशन,स्कील डेवलपमेंट बृजकिशोर सिंह ने जमशेदपुर के पत्रकारों को संस्थान का भ्रमण करवाने के बाद दी। प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि जेएसटीआई संस्थान की स्थापना के बाद से, छात्रों और संस्थान ने कई पुरस्कार जीते हैं जैसे कि औद्योगिक न्यूमेटिक्स के लिए सीआईआई जोनल स्किल प्रतियोगिता जीतना और सूरी सेवा फाउंडेशन छात्रवृत्ति प्राप्त करना, जिसमें स्टूडेंट ऑफ द ईयर को 1 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। वर्ष 2022 में, टीएसटीआई संस्थान ने योग्य छात्रों के लिए 100% प्लेसमेंट हासिल करने में भी कामयाबी हासिल की है। युवाओं की कौशल विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के अपने प्रयासों के तहत, विशेष रूप से जमशेदपुर में, टाटा स्टील फाउंडेशन ने 2014 में बमार्माइंस, जमशेदपुर में टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टीट्यूट (टीएसटीआई) की स्थापना की थी। अत्याधुनिक बुनियादी संरचना और अपने प्रशिक्षण साझेदार के रूप में नेट्टूर टेक्निकल ट्रेनिंग फाउंडेशन (एनटीटीएफ), बैंगलोर के सहयोग से, टीएसटीआई ने झारखंड के प्रमुख तकनीकी डिप्लोमा कॉलेजों में से एक के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित की है। 2014 में स्थापना के छह महीने के भीतर, टीएसटीआई ने अपने प्रारंभिक वर्षों में अस्थायी कार्यशालाओं के साथ शुरूआत की। 2017 में, संस्थान को अपनी पहली रोबोटिक्स प्रयोगशाला और अगले वर्ष एक अच्छी तरह से सुसज्जित कैंटीन मिली। अगले तीन वर्षों के भीतर, टीएसटीआई के पास अपना स्वयं का सभागार, एक 3डी प्रिंटर और वेल्डिंग सिम्युलेटर, एक सुपरवाइजरी कंट्रोल और डेटा एक्वीजीशन (एससीएडीए) प्रणाली और एक मानव-मशीन इंटरफेस (एचएमआई), जल संचयन प्रणाली थी। 2022 तक, ळरळक को एक कोबोट (सहयोगी रोबोट), और एक प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर आधारित मल्टी-प्रोसेस कंट्रोल सिस्टम मिला। वेद प्रकाश ने बताया कि टीएसटीआई बुनियादी संरचना में परिसर में विश्व स्तरीय कौशल-विकास प्रयोगशालाएं शामिल हैं।

### जमशेदपुर एक्सपो के लिए हुआ भूमि पूजन



जमशेदपुर। पीआर इंटरप्राइजेज और आशी नेल्स इवेंट्स द्वारा आगामी 13 से 26 सितंबर तक होने वाले एक्सपो हेतु स्थानीय आम बागान साकची जमशेदपुर में भूमि पूजन संपन्न हुआ। पंडित श्याम पांडे के द्वारा विश्वकर्मा भगवान के पूजन के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ, भूमि पूजन में यजमान के रूप में संयोजक आशीष श्रीवास्तव, विकास सिंह, फिरोज आलम, सोन संजय श्रीवास्तव, सतबीर सिंह (सोमु) उपस्थित थे, यजमानों द्वारा नारियल तोड़कर स्टॉल निर्माण हेतु मेला स्थल पर झंडा लगाया गया। मेला संयोजक ने कहा कि जमशेदपुर एक्सपो 2023 अपने आप मैं एक विशिष्ट आयोजन है वैसे तो शहर और देश में अनेकों मेले लगते हैं लेकिन यह मेला झारखंड में बहुत ही कम समय में अपना विस्तार किया है। भूमि पूजन के साथ ही स्टॉल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ट्रेड फेयर में विशिष्ट स्टॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे जो उक्त ट्रेड फेयर के आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा ने पलामू को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में वर्षा कम होने के कारण अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गई है। किसान त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं सरकार द्वारा दी जानेवाली खाद्यान्न सामग्री भी कार्डधारियों को समय पर नहीं दिया जा रहा है समेत कई मांगों को लेकर झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा व झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ के संयुक्त तत्वावधान में रिक्शा पड़ाव से रैली निकाल कर जिला समाहरणालय के समक्ष उग्र प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर रविंद्र भुइयां ने कहा कि पलामू जिला में अकाल की भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसे देखते हुए सरकार अविलंब राहत कार्य चलाये वरना आम गरीब , मेहनतकश मजदूर व किसानों की जो स्थिति उत्पन्न हुई है वह भूखे मरने के समान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार जनता को बरगलाने के लिए एक दूसरे के उपर दोषारोपण करने में लगी हुई है। इससे जनता का भला नहीं होनेवाला है। बीएन सिंह ने कहा कि पलामू कमोबेश प्रति वर्ष अकाल व सुखाड़ की स्थिति का सामना विगत कई वर्षों से करता आ रहा है। इसके बावजूद न केंद्र सरकार और ना ही राज्य सरकार पलामू जिला को अकाल या सुखाड़ से निपटने के लिए कोई स्थाई पहल नहीं किया है। जिस कारण पलामू के लोग रोजगार के अभाव में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार राशन कार्डधारियों को राशन समय पर नहीं दे रही है या राशन दिया जा रहा है तो जा कहां रहा है यह एक गंभीर सवाल है। उन्होंने झारखंड सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि झारखंड सरकार भी गरीबों के रहनुमा बनने के बजाय गरीबों को ही लूटने में लगी हुई है। सभा को आरएन सिंह, रामराज पासवान, अनिता देवी, आइसा के त्रिलोकीनाथ व अन्य ने संबोधित किया। सभा के अंत में उपायुक्त के नाम सात सूत्री मांग पत्र प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को सौंपा। इस मौके पर असलम आलम, उषा देवी, रीना देवी, रेखा देवी, चंपा देवी, संगीता देवी, लालमुनी देवी, कपिल प्रसाद, गौतम दांगी, गुड्डू भुइयां समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### बाबा गणिनाथ जयंती का 39वां वार्षिक महोत्सव 9 सितंबर को टाउन हॉल में



**मेदिनीनगर।** बाबा गणिनाथ जयंती समारोह का 39वां वार्षिक महोत्सव नौ सितंबर को टाउन हॉल में मनाया जायेगा। इसके प्रचार प्रसार के लिए मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज के द्वारा घर घर निमंत्रण पत्र का वितरण किया गया। इस संबंध में प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार बिनू ने कहा कि हलवाई समाज द्वारा नौ सितंबर को बाबा गणिनाथ जयंती धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने स्व जातीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस महोत्सव में बढ़ चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनायें। साथ ही साथ बाबा गणिनाथ के सपनों को साकार करें। निमंत्रण पत्र का वितरण चैनपुर, शाहपुर एवं शहर में हलवाई समाज के बीच किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, महामंत्री मनोहर कुमार, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, राज कुमार गुप्ता व अन्य लोग शामिल थे।

### बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीना हुआ मुश्किल : गणेशदत्त पांडेय



**मेदिनीनगर।** महंगाई एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनतंत्र मोर्चा जिला कमेटी के द्वारा राज्य व्यापी महा धरना का आयोजन सोमवार को स्थानीय कचहरी परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय व संरक्षक गणेश दत्त पांडे ने संयुक्त रूप से किया व संचालन जिला उपाध्यक्ष हरि नारायण प्रजापति ने किया। धरना के बाद महामहिम राजपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन दिया गया। महाधरना कार्यक्रम में रोहित मेहता, सुनील सिंह, प्रेम रंजन तिवारी, गणेश दत्त पांड व गोरख पाठक,प्रवीण सिंह आदि वक्ताओं ने अपने विचार रखे। जिला अध्यक्ष पांडे ने कहा कि झारखंड में रोजमर्रा की वस्तुएं लगातार महंगी होती जा रही हैं। राज्य की आम जनमानस को अपने परिवार का पालन-पोषण करना दूभर होता जा रहा है। एक तो बढ़ती महंगाई और चरमसीमा पर भ्रष्टाचार। सब्जियों की कीमत आसमान छू रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई का संबंध भ्रष्टाचार से भी है। सरकारी मशीनरी में जो चरमसीमा में भ्रष्टाचार ब्याप्त है। जिसके परिणामस्वरूप, अब डीलर और विक्रेता भी मुनाफा के लालच में जमाखोरी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने महामहिम राज्यपाल के संज्ञान में लाना चाहता हैं कि आज भी रोजमर्रा की सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं। ये कीमतें जमाखोरी के कारण बढ़ी हैं। इसे रोकने की सख्त जरूरत है। आम आदमी का जीना मुश्किल हो चुका है। किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा नहीं मिल पा रहा है क्योंकि बिचौलिये कमीशन खा जाते हैं। जमाखोर मालामाल हो रहे हैं जनता परेशान हो रही है। धरना कार्यक्रम में राज तिवारी, रंजन सिंह, दिलीप बैठा, प्रवीण सिंह, शत्रुघ्न पासवान, नागेश्वर साव, इंदेश कुमार, शिवनाथ सिंह, राज कुमार महतो,सुयदेव पासवान, अजीत पांडे, हरीवंस, बनारसी प्रसाद, बिनी सिंह, सर्वजीत भारती आदि लोग मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री गोरख पाठक ने किया।

### यूपी में वकीलों पर पुलिस कार्रवाई पर अधिवक्ताओं ने विरोध प्रकट किया



**मेदिनीनगर।** उत्तर प्रदेश में वकीलों के साथ पुलिस द्वारा की गई हिंसात्मक कार्रवाई के खिलाफ झारखंड बार काउंसिल द्वारा विरोध प्रकट किया गया। साथ ही झारखंड बार काउंसिल के निर्देश पर पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने भी उत्तर प्रदेश की घटना के विरोध में काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट किया। इस संबंध में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव यादव ने कहा कि पुलिस अपने कर्तव्य से विमुख हो चुकी है। वह आम जनता के साथ जो व्यवहार करती है वही व्यवहार अधिवक्ताओं के साथ कर रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस पर आम लोगों का भरोसा टिका रहता है लेकिन पुलिस अब इस लायक नहीं रह गई है। उन्होंने सरकार से मांग किया है कि अधिवक्ता सुरक्षा कानून अविलंब लागू किया जाये। ताकि आये दिन अधिवक्ताओं के उपर जानलेवा हमला किया जा रहा है जिस पर रोक लगाया जा सके। वहीं महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने कहा कि अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले को देखते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट शीघ्र लागू करने से सम्बंधित ज्ञापन केंद्र व राज्य सरकार को प्रेषित किया गया हैं। उन्होंने कहा कि जिले के अधिवक्ताओं ने स्टेट बार काउंसिल के निर्णय का शत प्रतिशत पालन कर यह साबित कर दिया है कि जिले के अधिवक्ता एक हैं। इस मौके पर उपाध्यक्ष मन्धारी दुबे, कोषाध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, संयुक्त सचिव प्रशासन अजय कुमार पांडेय, सहायक कोषाध्यक्ष रामप्रवेश रजक, नितिन कुमार पांडेय, अश्वनी त्रिपाठी, ललित शुक्ला समेत दर्जनों अधिवक्ता शामिल थे।

### डेढ़ किलो अफीम के साथ दो धरायें

**पाटन।** किशुनपुर ओपी प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने लगभग डेढ़ किलो अफीम के साथ दो लोगों को पकड़ कर पाटन थाना को सुपुर्द किया। आफताब आलम ग्राम तरहसी निवासी तथा मोहम्मद आजाद ग्राम कांके कला थाना पाटन के निवासी हैं। गुप्त सूचना के आधार पर किशुनपुर ओपी प्रभारी ने दोनों को पाटन थाना के लोइंगा ग्राम से गिरफ्तार किया है। पाटन थाना के द्वारा दोनों से पुछताछ कि जा रही है समाचार लिखे जाने तक कहां से अफीम लाई गई थी उसकी जानकारी थाना के द्वारा नहीं दी गयी है।

### पुरानी बस स्टैंड से बाइक की चोरी

**हरिहरगंज पलामू।** शहर के पुरानी बस स्टैंड से रविवार की शाम बाइक जेएच 03 जे 5995 की चोरी हो गई। इस संबंध में हरिहरगंज निवासी राजेश कुमार ने स्थानीय थाना को दिए आवेदन दे कर कहा है कि उक्त बाइक अरुआ खुर्द निवासी गुड्डू सिंह का है। जिसे लेकर वह शाम करीब 7.30 बजे पुरानी बस स्टैंड में बाइक खड़ी करके बाजार में गया। करीब 20 मिनट बाद वापस आया तो बाइक को गायब पाया।

## गढ़वा टाउन स्टेशन पर हावड़ा भोपाल एक्स ट्रेन का परिचालन सात सितंबर से : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 का 7 सितम्बर से गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर परिचालन प्रारंभ हो रहा है। इस अवसर पर 7 सितम्बर को उक्त ट्रेन का विधिवत परिचालन का शुभारंभ रात्रि 1:44 बजे सांसद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा।

सांसद राम ने बताया की उक्त ट्रेन के ठहराव की मांग गढ़वा की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। इस ट्रेन के ठहराव हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप ही उक्त स्टेशन पर ट्रेन स्टॉपेज की सुविधा प्राप्त हुयी है। गढ़वा की जनता से आग्रह है कि इस पुनीत अवसर पर आप सभी उपस्थित होकर अपनी चिर-परिचित मांग को पूर्ण होने का साक्षी बने। सांसद राम ने इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की तमाम जनता की ओर से आभार प्रकट किया है। उक्त जानकारी पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी है।

## कार्तिक उरांव आदिवासी विद्यालय का किसी ने नहीं लिया सुध : विधायक

### विद्यालय के भूमिदाताओं को डॉ मेहता ने अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बनई में वर्ष 1985 से प्रस्तावित कार्तिक उरांव आदिवासी आवासीय उच्च विद्यालय अपने उज्वल भविष्य के लिए किसी रहनुमा का आस जोह रहा है। ताकि क्षेत्र के गरीब, मेहनतकश आदिवासी, मजदूर, किसान के बच्चों का भविष्य संवार सकूं लेकिन यह विद्यालय स्थापना काल से लेकर आज तक अपनी बदकिस्मती का रोना ही रो रहा है। वहीं विद्यालय के स्थापना के लिए जमीन दान करने वाले लोगों के सपने पर पानी फिरने जैसा उम्मीद नजर आ रहा है। इन सारी बिंदुओं पर विराम लगाते हुए पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बनई गांव स्थित कार्तिक उरांव आदिवासी आवासीय उच्च विद्यालय में पहुंचकर चार चांद लगाने का काम किया है। उन्होंने जमीनदाताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही उनके सपने एवं सोच को नमन करते हुए कहा कि इस विद्यालय की प्रगति के लिए मैं कोई कोर कसर छोड़नेवाला नहीं हूं। उन्होंने विद्यालय निर्माण के लिए 11 हजार रूपये दान देते हुए कहा कि इस विद्यालय का निर्माण कार्य मंगलवार से ही प्रारंभ किया जाये। मेहता ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय विगत 40 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। जिसका सुध पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने नहीं लिया। इस मौके पर भूमिदाता कामेश उरांव, शिवनाथ सिंह, उदित उरांव, अनिल शुक्ला, महावीर शुक्ला, आलोक शुक्ला समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। मौके पर पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, नीलाम्बर पीताम्बरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, साधु मांझी, सुनील प्रसाद गुप्ता, चंदन प्रसाद गुप्ता, विजय सिंह, सतनारायण यादव, विजय साव, सचिव विश्वनाथ सिंह, अनिल शुक्ला, उदित उरांव,कमेश उरांव, अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, होटाई पंचायत के मुखिया पुनम देवी, और पंचायत समिति, वार्ड सदस्य शंकर यादव, विजय यादव, अखिलेश यादव, सनोज देवी, शिव साव, विजय सिंह, जितेंद्र तिवारी, बनौधी यादव, महाराज यादव, मोहन यादव, पंकज यादव, सुदेश्वर सिंह, शिव सिंह, विद्यालय सचिव शिवनाथ सिंह, अजय सिंह, सूर्यमल सिंह, द्वारिका यादव, जगरनाथ यादव, रविंद्र सिंह, करीमन सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय व नगर परिषद कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

## अधिकारी-कर्मचारी समय से पहुंचे कार्यालय : शशि रंजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को बिश्रामपुर प्रखंड सह अंचल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों की उपस्थिति पंजी, डाक रजिस्टर, रोकड़ पंजी, दाखिल-खारिज आवेदन सहित कई अभिलेखों का जांच किया। प्रखंड में संचालित मनरेगा योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उन्होंने कार्यालय परिसर में साफ सफाई का भी जायजा लिया। डीसी शशि रंजन ने प्रखंड सह अंचल कर्मियों को समय से कार्यालय पहुंचने की हिदायत दी। कहा कि स-समय कार्यालय आएं और आम लोगों के कार्यों को निष्पादित करें। डीसी बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय भी गए। जहां उन्होंने कई चीजों का निरीक्षण किया। नप अधिकारियों और कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश भी दिया। इसके बाद उपयुक्त रेहला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गए और वहां भी निरीक्षण किया। छात्राओं को मीनू के अनुसार भोजन देने हेतु वार्डेन को निर्देशित किया। मौके पर डीडीसी रवि आनंद, बीडीओ विक्रम आनंद, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, प्रमुख रम्भा कुमारी सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से राष्ट्र को महान बनायेंगे : प्राचार्य

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर प्राचार्य ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। शिक्षकों के द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें निर्देश- अनिता यादव, प्रतिज्ञा- दिलीप कुमार मिश्र, शिल्पी गुप्ता के शब्दार्थ, निशी यादव के द्वारा सुविचार तथा गौरव कुमार के द्वारा शिक्षक दिवस पर वक्तव्य देकर प्रार्थना सभा को सफल बनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने अपने आशीर्वचन में सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हम अपने राष्ट्र का भविष्य बेहतर बना सकते है। विद्यार्थी देश का भावी निमार्ता होता है। आज का उनका समुचित शिक्षा और संस्कार हमारे राष्ट्र को महान बनाएंगे। राष्ट्रगुरु बनने के भारत के सपने को साकार करो। कहा कि स्कूली बच्चे भविष्य को उज्ज्वल बनाते हुए अपने और विद्यालय का नाम रोशन करें। तत्पश्चात शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये गए। सर्वप्रथम वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों की भूमिका में प्रथम एवं द्वितीय कालांश तक कक्षा संचालन हुआ। तत्पश्चात छात्र व छात्राओं के द्वारा मनोहर नृत्य, गीत, हिन्दी एवं अंग्रेजी में शैक्षणिक विषय पर भाषण दिया गया। शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़, मिमिकरी (अनुहरण) एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अन्त में प्राचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा केक काटकर समस्त विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएँ उपस्थित थे। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह 05 सितंबर को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जायेगा।

### सिविल सर्जन ने किया पाटन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**पाटन पलामू।** जिला के सिविल सर्जन डा अनिल कुमार सिंह ने पाटन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। सिविल सर्जन ओपीडी, दंत विभाग, मलेरिया विभाग, लैब, मेडिसिन स्टोर, लेवर वार्ड, डिलेवरी वार्ड, यक्ष्मा विभाग सहित स्वास्थ्य विभाग के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जांच के दौरान सिविल सर्जन ने आयुष चिकित्सक डा रामाश्रय यादव से रोगियों से संबंधित जानकारी प्राप्त किया। मौके पर सिविल सर्जन ने पाटन स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर की कमी को दुर करने के लिए रोस्टर अनुसार चिकित्सकों की डयुटी देने की बात कही। उन्होंने कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ग्रामीणों को हर हाल में सरकार द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधा का लाभ दिलाना है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके लिए चिकित्सक अपने दायित्व का निर्वहन करें। जांच के दौरान डीपीएम दीपक गुप्ता, एमटीएस उदय चौधरी, एसटीएस अनुपम चौधरी, प्रधान सहायक सुरेन्द्र सिंह, स्टोर कीपर अनुज शर्मा, महेंद्र मांझी उपस्थित थे।

## अमीरों को अमीर और गरीबों को और गरीब बना रही है मोदी सरकार : बिट्टु पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अध्यक्षता में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा महंगाई एवं लूट के खिलाफ एकदिवसीय धरना दिया गया। सभा का संचालन नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया और धन्यवाद ज्ञापन अजय साहू ने किया। बिट्टु पाठक ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है। केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। देश में बढ़ती महंगाई चिंता का विषय है। आगामी चुनाव में जनता मोदी सरकार को करारा जवाब देगी। धरना में लक्ष्मी नारायण तिवारी, रूद्र शुक्ला, श्याम नारायण सिंह, विनोद तिवारी, शमीम अहमद राइन, ओम प्रकाश अमन, ईश्वरी सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, सच्चिदानंद मिश्रा, विद्या सिंह चेरो, सुधीर चौबे, मिथिलेश सिंह, सोनू खान, रिजवान खान, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडेय, मो फैयाज, अशोक पासवान, नवल किशोर पाठक, अवध किशोर सिंह, गुप्तेश्वर पांडेय, मो रिजवी, मिट्ठू खान, अवधेश सिंह, रविंद्र कुमार, विकास सिंह, राजू सिंह, संतोष गुप्ता, मणिकांत सिंह, शैलेश, उमेश, उमेश पासवन, गोपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, विभूति नारायण पाठक, मुश्ताक अहमद, गोपाल सिंह, सिराजुद्दीन, विष्णु देव, नदीम, अर्जुन, अभय पांडे , प्रमोद यादव समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### मरांडी की संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक



**हुसैनाबाद पलामू।** भाजपा उर्दवार मंडल में मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता की अध्यक्षता में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम एवं संकल्प यात्रा जो 14 सितंबर को अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद में होना है, इसे लेकर बैठक की गई। जिसके मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं वर्तमान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी होंगे। उस निमित्त मंडल के सभी मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारी गण, जिले एवं प्रदेश के पदाधिकारी गण, मंगल के प्रभारी सभी शक्ति केदो के संयोजक सहसंयोजक की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई जिसमें मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के कलश को सभी पंचायत के सभी घरों तक पहुंच कर मिट्टी एकत्रित करने हेतु एवं संकल्प यात्रा में 14 सितंबर 2023 की जनसभा में गांव-गांव से कार्यकर्ताओं की उपस्थिति हेतु मंडल क्षेत्र के 12 शक्ति केदो को 3 जोन में विभक्त किया गया है जिसमें जोन नंबर 1 में शक्ति केंद्र पथरा, पोलडीह, कोसी एवं उपरिकला के लिए टीम में रामलाल विश्वकर्मा, उदय सिंह, अशोक मेहता, लालू साहू,विपिन सिंह, मधुसूदन पाठक, सुरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, जोन नंबर 2 के लिए की शक्ति केंद्र उर्दवार, झरगड़ा, पत्राखुर्द, एवं महूदंड के लिए लव कुश रजवार, लालन यादव, बीरबल यादव, कपिल यादव, अजय गुप्ता, जय राम पासवान, संतोष यादव, पिंटू शर्मा, रंजीत पासवान एवं रंजीत साहू, जोन नंबर 3 में शक्ति केंद्र कुमीर्पुर, बैरांव, जमुआ एवं डंडिला के लिए मिथिलेश राम, धर्मराज, अरुण सिंह, लालदेव रजवार, जितेंद्र पासवान, लालू पासवान, संजय मेहता, सुरेंद्र यादव, अखिलेश पासवान, चंदन चंद्रवंशी एवं बॉबी मेहता होंगे। इस मौके पर जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह,सांसद सोशल मीडिया प्रभारी उदय विश्वकर्मा ने दोनों कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया इनके साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता बैठक में भाग लिए।

## रामेश्वर बांध से निकली पाइन के सफाई कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास

### पाइन की सफाई से दर्जनों गांव के किसानों को होगा लाभ : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर प्रखंड प्रमुख बीस सूत्री अध्यक्ष व किसान

**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के रामेश्वर बांध से निकली पाइन की सफाई कार्य का ऑनलाइन शिलान्यास स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि लगातार अकाल सुखाड़ की मार झेल रहे किसानों ने गत दिनों उनसे रामेश्वर बांध से निकली पाइन की सफाई कराने का आग्रह किया था। उन्होंने किसानों की मांग पर विधायक मद की राशि से पाइन की सफाई कार्य कराने की अनुसंशा कर स्वीकृति दिलाने का काम किया, जिससे किसानों के खेती तक पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए प्रत्येक पंचायत में सरकार की ओर से कूप निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने कहा कि रामेश्वर बांध पाइन के जीर्णोद्धार से दर्जनों गांव के किसानों को लाभ होगा। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, चंदन तातो, राकेश प्रसाद, लगन मेहता, उदेश मेहता, गुड्डू मेहता व अन्य लोग मौजूद थे।

### नावा थाना पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, 7 वाहनों को किया जब्त





**पाटन पलामू।** जिले के एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर पाटन प्रखंड के नावा में नावा थाना पुलिस के द्वारा दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। नावा थाना प्रभारी संजय रजक ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान सात वाहनों को बिना कागजात के चलाते हुए पकड़ कर थाना लाया गया। सभी वाहनों को कागजात के अभाव में जब्त कर आगे की कारवाई हेतु डीटीओ ऑफिस भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान गाड़ी का बीमा, ड्राइवरी लाईसेंस, हेलमेट समेत कई कागजातों की जांच की गई। चालकों को हेलमेट पहनकर सुरक्षित चलने का आग्रह किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अठारह वर्ष से कम उम्र के नाबालिक लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए छोड़ दिया गया। उनसे कहा गया कि वे अभी वाहन नहीं चलायें।

### कोर्ट के पहल पर 14 साल पुराना विवाद सुलझा



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी चंदन कुमार गोस्वामी के अदालत में चल रहा 14 वर्ष पुराना मुकदमा परिवाद 94/2009 को कोर्ट के पहल पर सुलझा दिया गया है। विदित हो कि लोक अदालत को लेकर प्री सीटिंग चल रहा है। जिसमें दोनों पक्ष उपस्थित थे। इस केस की परिवादी रेणु सिंह ने अभियुक्त आलम अंसारी,जाउल अंसारी, व जैनुल अंसारी के बिरुद्ध केस की थी। जिसका बिचारन चन्दन गोस्वामी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के अदालत में हो रहा था। सोमवार को दोनो पक्ष न्यायालय में उपस्थित हुए व सुलहनामा दाखिल किए। जिसके आधार पर इस केस को समाप्त कर दिया गया है। मुदालय पर आरोप था कि ये लोग केस के परिवादी रेणु सिंह व उसके भतीजा बिनोद से धोखा देकर 33 हजार रुपया ठग लिया था तथा अमानत में खयानत किया था। उक्त केस गवाही पर चल रहा था। अभियुक्त गण परिवादी को रुपये लौटा कर सुलह कर लिए। इसके साथ 14 बर्ष पुराना विवाद न्यायालय के द्वारा समाप्त कर दिया गया।

## हुसैनाबाद उतरी जिप सदस्य ने किया सोनपुरवा यूएमस के प्रधानाध्यापिका पर कार्रवाई की मांग

### पत्र की प्रतिलिपि सचिव और डीसी को भी दिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखण्ड के उत्तरी जिला परिषद सदस्य ने रा०उ०मध्य विद्यालय सोनपुरवा के प्रधानधायपिका अर्चना कुमारी के फर्जी हस्ताक्षर कर भेंडर की मिली भगत से 65336 रूपये की निकासी की शिकायत अब क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेश सचिव मानव संसाधन शिक्षा विभाग व उपायुक्त पलामू को पत्र लिखकर किया हैं। पत्र में उन्होंने कहा हैं उक्त प्रधानधायपिका के द्वारा लगातार विद्यालय में भ्रष्टार्चार व अराजकता फैलाया जा रहा हैं जिससे बच्चों के पठन पाठन समेत शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस खेल में प्रखण्ड शिक्षा कार्यालय के कर्मियों और अधिकारियों की भी मिलीभगत से क्षेत्र में भारी पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा हैं। उन्होंने भेंडर के माध्यम से समाग्री की खरीद व एमडीएम की राशी में सामूहिक लूट बताया हैं। विदित हो कि बीते दिनों जिला परिषद राजू मेहता ने ग्रामीणों के शिकायत पर राज्य कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोनपुरवा का अचौक अवलोकन किया था जिसमे स्कूल के शौचालय में गंदगी समेत एमडीएम का खाना खा कर अन्य खरीदी गई सामग्री का जांच किया था। जिसमें भारी पैमाने पर अनियमितता पाई गई थी। इतना ही नहीं अध्यक्ष व संयोजिका द्वारा फर्जी निकासी के शिकायत के बाद भी प्रखण्ड के अधिकारियों ने इस बात की अनदेखी कर जांच को लीपापोती कर दिया। इसके बाद जिला परिषद ने प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पफधिकारियो समेत अन्य लोगो पर भी इस प्रकरण में मिलीभगत होने का संदेह जताया था। उन्होंने बताया कि मैं किसी भी सूरत में विद्यालय में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करूंगा। साथ ही जो भी दोषी होगा उसपर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### जिला आयुष औषधालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवशंकर पांडेय का स्थानांतरण बोकारो कर दिया गया। इस उपलक्ष्य में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित चिकित्सकों एवं चिकित्साकर्मियों ने पांडेय को बुके व शॉल देकर विदाई किया। वहीं बोकारो से आये डॉ राम कुमार कारक को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा शिव शंकर पांडेय ने कहा कि पलामू जिला में मेरा कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा है। इस मौके पर नवपदस्थापित डॉ राम कुमार ने कहा कि पलामू में योगदान देकर मैं सरकार की योजनाओं से जिलेवासियों को लाभ पहुंचाने का काम करूंगा। साथ ही साथ आयुष चिकित्सक एवं कर्मियों की जो भी समस्या होगी उसे अपने स्तर से दूर करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर डॉ सुधीर कुमार सुधांशु, डॉ प्रतिमा कुमारी, डॉ ममता कुमारी, डॉ आनंद कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## आदर्श ग्राम करर कला में तालाब का जीर्णोद्धार और डीप बोर कराने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**पाटन पलामू।** आदर्श ग्राम करर कला में आम सभा का आयोजन किया गया । आम सभा की अध्यक्षता सुंठा पंचायत के मुखिया रबीना बीबी ने की। आम सभा में पेय जल संकट को दूर करने हेतु तालाब का जिर्णोद्धार करने तथा डिप बोर कराने का निर्णय लिया गया। वहीं आजीवका मिशन से जुड़ी महिलाओं को मशरूम की खेती के प्रशिक्षण देने, सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण तथा अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। बैठक में ग्राम में मिनी राईस लगाने ,ग्रामीणों को मिनी ट्रेक्टर देने तथा पक्की सड़क बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी, भुमि संरक्षण पदाधिकारी श्याम विंद, डीआरडीए परियोजना पदाधिकारी विमलेश विश्वकर्मा, एटीएम विनय कुमार, किसान मित्र सकुल मियां, पंचायत सचिव अमिन हसन, कामेश्वर यादव, तालीम अंसारी, शैलेश मेहता सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज़

## डीपीएस चास में नन्हे बच्चों ने की कृष्ण लीला



**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राधा, कृष्ण बनकर नन्हें बच्चों ने सबका मन मोह लिया। इस दौरान छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इससे पूर्व भाषण की प्रस्तुति कर कई विद्यार्थियों ने छात्र जीवन में गुरु के महत्व को बताया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने कहा कि श्रीकृष्ण ने जीवन में धर्म की रक्षा के लिए रिश्तों को महत्व न देकर कर्तव्य पर चलने की राह दिखाई है। स्कूल के डायरेक्टर नवीन शर्मा ने विद्यार्थियों के कला प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने बच्चों को जन्माष्टमी पर्व की जानकारी देते हुए बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भगवान विष्णु के अवतार से जुड़ा है। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय के पीवीसी मुरलीधरन नारायणस्वामी डीन जोस थॉमस डीएस मेमोरियल सोसाइटी के सचिव सुरेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों व विद्यालय परिवार को बधाई दी।

## होल्डिंग टैक्स बकाएदारों के खिलाफ नोटिस जारी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद में होल्डिंग टैक्स बकाएदारों की अब खैर नही है। विभाग द्वारा बकाएदारों के खिलाफ नोटिस जारी कर जल्द होल्डिंग टैक्स जमा करने को कहा गया है नही तो विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबध मे जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व रितिका कंपनी के राजीव कुमार ने कहा कि कुल 30 लोगो के विरूद्ध नगर परिषद होल्डिंग टैक्स को लेकर नोटिस जारी किया था जिनपर विभाग का 13 लाख रू बकाया है।होल्डिंग टैक्स के 83 बकाएदारों में से अभी तक केवल 3 बकाएदारों ने अपने होल्डिंग टैक्स जमा किए है नोटिस जारी होने के बावजूद अभी तक 27 लोगो ने बकाए को जमा जमा नही किया है। उन्होने बताया कि कुल 10500 व्यवसाई व आवासीय नागरिकों द्वारा होल्डिंग टैक्स जमा किया जाता है। उन्होने कहा कि बकाएदार जल्द होल्डिंग टैक्स जमा कर दें अन्यथा विभाग उनके खिलाफ विभागीय कानूनी कार्रवाई करने पर मजबूर हो जाएगी।

हर दिन इन होटलों में लगता है शराबियों का जमघट

# शाम होते ही धनबाद स्टेशन के बाहर के होटल बन जाते हैं मयखाना

### ●होटल की आड़ में परोसा जाता है शराब

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अगर आप शराब का रखते है शौक तो बस आप को अपना जेब को थोड़ा ढीला करना पड़ेगा। जहां होटल की आड़ में शराब भी परोसे जाते है। सदर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड बस स्टैंड के अंदर भारत हिन्दू होटल में शाम ढलते ही बार में तब्दील हो जाते है। शराबियो के लिए खाना तो बहाना है क्योंकि वहा जाम लड़ाना है। अगर आप धनबाद जंक्शन से बाहर निकलते है तो खाने के लिए अच्छे होटल ढूंढते है जहाँ रेलवे की लीज पर मौजूद एक दर्जन से अधिक लगातार होटल दिखने को मिल जायेंगे। मगर आप अपने परिवार के साथ जैसे ही अंदर में प्रवेश करेंगे। वहाँ खाना नही खा सकते है क्योंकि बार में तब्दील होटल में जाम से जाम टकराते है। सूत्र बताते है की भारत हिन्दू होटल के पास कई शराबियो का अड्डा देखने को मिल जायेंगे। बाकी होटलो में शराब नही परोसने की वजह से होटल में मक्खी हांकते है। सूत्र ने यह भी बताया की भारत हिन्दू होटल ही एकमात्र होटल है जंहा शराब परोसे जाते है शाम ढलते ही यहाँ शराबियो का जमावड़ा होना शुरू हो जाता है। वहाँ देर रात 1 बजे तक संचालित होते है। जबकि भारत हिन्दू होटल आधा दर्जन से अधिक दुकानों को अपने कब्जे में लेकर होटल फैला रखे है। जबकि एक दुकानदार को एक ही दुकान आवंटित किया गया था लेकिन आज एक दुकानदार के पास एक से अधिक दुकाने कब्जे में है। जबकि इन सभी दुकान रेलवे की लीज पर बनी थी, लेकिन रेलवे की लीज समाप्त हो चुकी है रेलवे कभी भी अपने जमीन को कब्जे में ले सकती है। सूत्र ने यह भी कहा की भारत हिन्दू होटल के संचालक सिंह जी लोगो को बताते है की थाना,उत्पाद विभाग और रेलवे को एक मुश्त पैसा देते है इसलिए तो डंके के चोट पर मेरे होटल में बार जैसी सारी सुविधाये उपलब्ध है। बार का लाइसेंस लेने के लिए कौन 25 लाख रुपये लगाएगा। जब ऐसे ही सेटिंग से काम चल जा रहा है तो लाइसेंस लेने की क्या अवश्यक्ता है। ऐसे में सरकार को भी लाखो रुपए राजस्व का चुना लगा रहे है।

### शहर के बीचो-बीच होता है अवैध कोयले का कारोबार



**धनबाद।** शहर के बीचो-बीच नया नगर, नगर थाना के अंतर्गत चल रहा है, अवैध कोयले का कारोबार। प्रतिदिन से सौ से दो सौ टन कोयला लाया जाता है, और रात के अंधेरे में ट्रकों में भरकर यह कोयला यूपी बिहार के मंडी में के लिए रवाना कर दिया जा रहा है। और प्रशासन तमाशाईन बनी हुई है। कोयला तस्कर बेखौफ होकर अपना काम करती हैं। हाल ही में नगर थाना अंतर्गत हाउसिंग कॉलोनी में कैलाश प्रसाद क्लिनिक के सामने से अवैध कोयला काफी मात्रा में पाया गया। कोयले से लदा ट्रक भी पकड़े गए पर प्रशासन केवल ट्रक एवं ट्रक ड्राइवर के ऊपर केस करके अपनी पीठ थपथपा कर निकल गई। जबकि कोयला तस्कर आसानी से निकल गए। बता दे की कोयला चोरी एवं कोयला तस्करी शहर अब बहुत आम बात यह गयी है। पर कोयला तस्करों द्वारा इस तरह शहर के बीचों बीच काम करना प्रशासन को ठेंगा दिखाने जैसा है। दूसरी तरफ पाल नगर विनोद बिहारी चौक के पास अभी भी कोयले का डिपो बना है जिसका संचालन दिलीप चौधरी एवं उनके कई साथी मिलकर चला रहे हैं। बताया जा रहा है कि, पहले तो रात के अंधेरे में कोयले की तस्करी होती थी लेकिन अभी दिन के उजाले में यह धंधा बेखौफ फल फूल रहा है।

मुझे इस तरह की घटना की जानकारी नहीं है फिर भी हम देखते हैं।
**संतोष कुमार गुप्ता, नगर थाना प्रभारी।**

## धनबाद कोर्ट में संपादक और प्रेस रिपोर्टर की होगी गवाही

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में संपादक और प्रेस रिपोर्टरों को समन देकर न्यायालय में गवाही के लिए बुलाया जाएगा। हाईकोर्ट ने बचाव पक्ष की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए इसकी अनुमति दी है। निचली अदालत के 23 मार्च को बचाव पक्ष की इस याचिका को खारिज कर दिया था। यह मामला जेल में शूटरों की टीआईपी के पूर्व उनकी गिरफ्तारी के वक्त उनकी तस्वीर प्रकाशित करने से जुड़ा है। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र की अदालत ने आरोपी डबलू मिश्रा उर्फ उर्फ मृत्युंजय गिरि, सागर सिंह उर्फ शिबू, कुर्बान अली तथा चंदन सिंह की ओर से दाखिल क्रिमिनल रिवीजन पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने जिला व सत्र न्यायाधीश 16 अखिलेश कुमार की अदालत के आदेश को पलटते हुए न्यायालय ने आरोपियों की ओर से दाखिल आवेदन को स्वीकार करते हुए निचली अदालत को आदेश दिया है कि दैनिक के संपादकों व रिपोर्टरों को गवाही के लिए अदालत बुलाया जाए। जिला एवं सत्र न्यायाधीश 16 अखिलेश कुमार की अदालत ने आरोपियों की ओर से दाखिल आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि साक्ष्य अधिनियम में कोई महत्व नहीं है। आरोपियों ने अपने आवेदन में कहा था कि उन लोगों की पहचान परेड (टीआईपी) से पूर्व ही अखबारों में उनकी तस्वीर प्रकाशित की गई थी।

## स्वच्छता पखवाड़ा : स्कूल परिसर की हुई सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता



स्कूल परिसर में सफाई अभियान चलाते विद्यार्थी।

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी-स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम 2023 के तत्वाधान में मध्य विद्यालय एगयारकुंड निरसा 3 में सोमवार को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं पास के इलाकों में समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समुदाय को कचरा प्रबंधन एवं खुले शौच न कर घर के शौचालय का उपयोग करने पर जोर देने हेतु सामूहिक स्थल पर बैठक किया गया। साथ ही साथ विद्यालय में शिक्षक एवं बाल संसद के सदस्य स्वच्छता पखवाड़ा के निर्मित विद्यालय परिसर में साफ सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु विभागीय निर्देश मिले हैं,इसकेआलोक में आज विद्यालय के बच्चों माता समिति के सदस्यों विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य के द्वारा विद्यालय परिसर एवं अगल-बगल में स्वच्छता साफ सफाई का कार्यक्रम चलाया गया है। वही श्री झा ने कहा की आसपास स्वच्छ होने से पर्यावरण साफ सुथरा होता है इससे स्वच्छ ऑक्सीजन मिलता है घर की सफाई नियमित होने से घर साफ सुथरा दिखता है।

### कार्यक्रम में ये लोग थे शामिल

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा, विधानमंडल,प्रमोद राव, पंप का विधान चंद्र दास, कुमारी सोना दास, जमुना बाउरी,राजेश बाउरी, अपूर्व बाउरी,पूजा राजवंशी, बिट्टू बाउरी,कुसुम बाउरी, खुशी कुमारी, विशाखा बाउरी; प्रीति कुमारी, रौनक कुमार, प्रियंका कुमारी, तमन्ना खातून, विवेक बाउरी,लखीकांत बाउरी आदि उपस्थित थे।

## सिंदरी : रोहड़ाबांध और शहरपुरा बाजार की 8 दुकानदारों पर केस

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी पुलिस ने पुलिस एक्ट धारा 34 के तहत शहरपुरा और रोहड़ाबाँध बाजार के आठ दुकानदारों पर विगत 28 अगस्त और 2 सितंबर को केस दर्ज कर दिया है। इसमें कूड़ा-कचरा फैलाने सहित जनता को यातायात में असुविधा करने के लिए दुकानदारों को चिन्हित किया गया है। सिंदरी पुलिस ने शहरपुरा बाजार के मिथिलेश कुमार पर कांड संख्या 3/23, चित्तरंजन मंडल के पुत्र राहुल कुमार मंडल पर कांड संख्या 4/23, अशफाक अंसारी पर 5/23, मिलन कुमार मंडल पर 6/23, रंजीत कुमार पर 7/23, रोहड़ाबाँध के त्रिलोचन दत्ता पर कांड संख्या 8/23, हरकेश कुमार पर 9/23, कृष्णा दा पर 10/23 तथा पशुपति राय पर 11/23 दर्ज किया गया है। सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार इन दुकानदारों पर जनता को यातायात में असुविधा उत्पन्न करने के कारण केस दर्ज किया गया है। उन्होंने बाजार के अन्य दुकानदारों को हिदायत दी है कि दुकानदारों के कारण सड़कें जाम नहीं होनी चाहिए। सड़कों पर ठेले, पार्किंग सहित कचड़ा नहीं फेंकना है। इससे सड़कें अवरुद्ध होती हैं। इसके लिए प्रतिदिन प्रशासन तैनात है और असुविधा उत्पन्न करने वालों पर केस दर्ज किया जा सकता है। इसको लेकर दुकानदारों ने सिंदरी पुलिस और सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स से ग्राहकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने की माँग की है। सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं है।

एक नजर में

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा का धरना



रणधीर वर्मा चौक पर धरना पर बैठे मोर्चा के सदस्य।

**धनबाद।** राज्य में बढ़ती अपराधिक घटना , भ्रष्टाचार और महंगाई के खिलाफ भारतीय जनतंत्र मोर्चा का एक दिवसीय धरना सोमवार 4 सितंबर को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना दिया गया। साथ ही उपायुक्त के माध्यम से राजपाल को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा की झारखण्ड में आम लोगों का रहना मुस्किल होता जा रहा है । अपराधी बेझिझक गोली बारी कर घटना को अंजाम दे रहे हैं । व्यवसायी डरे सहमे रहने को मजबुर है , भ्रष्टाचार चरम पर है , मजदुरो को रोजगार मिलना मुश्किल हो गया है और वर्तमान सरकार सभी मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए हैं। जिसे लेकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा आंदोलन के माध्यम से सरकार को जगाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यदी शांतिपूर्ण आन्दोल से नहीं जगी तो भारतीय जनतंत्र मोर्चा आगे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## एडीएम ने की कल्याण विभाग की समीक्षा

धनबाद। एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) कमलाकांत गुप्ता ने समाहरणालय के सभागार में कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने ई कल्याण पोर्टल, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, जाहिर स्थान घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी, एकलव्य विद्यालय सहित अन्य योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने ई कल्याण पोर्टल पर शत प्रतिशत छात्रों के नाम की प्रविष्टि और उसका सत्यापन करने, समय पर छात्रवृत्ति का भुगतान करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में लाभुकों को फोन करके एग्रीमेंट करने के लिए बुलाने और उनका बैंक खाता खुलवाने तथा अन्य योजनाओं में कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) कमलाकांत गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता मोहम्मद ए आलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने कमर कसी

**बेरमो।** डुमरी विधानसभा उपचुनाव 5 सितंबर को होने वाली है इसी उप चुनाव को लेकर जिला प्रसासन ने अपनी कमर कस ली है। बीते देर रात्रि चन्द्रपुरा अंचल अधिकारी संदीप कुमार मद्देशिया के नेतृत्व में चन्द्रपुरा मे जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी होटलो को हिदायत दिया गया कि अपने होटलो मे ज्यादा संख्या में लोगो का जमावड़ा ना करे। वही सभी शराब दुकान को चुनाव भर के लिए प्रसासन ने सील कर दिया है। किसी प्रकार का कोई गड़बड़ी ना हो जबकि रात्रि में जिला प्रसासन के सभी अधिकारी चुनावी क्षेत्र में घूमते दिखे और शांति व्यवस्था की अपील किये।

## बेरमो : बैंक आफ इंडिया का एटीएम उखाड़ ले गये चोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** कसमार थाना क्षेत्र के बोकारो रामगढ़ मुख्य पथ पर स्थित बहादुरपुर के समीप बैंक आफ इंडिया के कमलापुर शाखा के बाहर स्थित एटीएम मशीन को चोरों ने उखाड़ कर ले उड़ा। पुलिस की माने तो घटना के समय एटीएम में लगभग 14 लाख रुपए था। अपराधियों ने बिजली कनेक्सन काट कर सीसीटीवी को बंद कर दिया। इसके बाद एटीएम को उखाड़ कर ट्रॉली के माध्यम से उसे सड़क किनारे ले जाकर गाड़ी में लाद कर ले गये। बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर रहने वाले मोहम्मद साजिद ने बताया कि वह अमूमन रात को बाहर खड़ी अपनी गाड़ी को देखने के लिए अहले सुबह उठते है।आज लगभग साढ़े तीन से 4 बजे के बीच जब वह उठा तो देखा कि तीन लोग नकाबपोश एक ट्राली में कुछ ले जा रहा हैं । उसके बाद उसने फोन के माध्यम से बैंक मैनेजर को इसकी सूचना दी। बैंक मैनेजर जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि एटीएम से पूरी मशीन ही गायब है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। ज्ञात हो कि एकांत क्षेत्र देखकर चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है। एटीएम में गार्ड तैनात नहीं था।

## रघुवर राज के घोटालों की भी जांच करे ईडी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** राज्य सरकार के पूर्व मंत्री एवं विधायक सरयू राय ने ईडी द्वारा केवल हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल में हुए घोटालों की जांच किये जाने पर सवाल खड़े किये हैं कि ईडी की जांच केवल हेमंत सरकार के समय तक ही सीमित क्योंं उन्होंने ईडी से झारखंड में हुए घोटालों की जांच समग्रता में करने की मांग की है ताकि घोटालेबाजों पर कार्रवाई हो सके। उन्होंने कहा कि अगर ईडी ऐसा नहीं करती है तो उसके खिलाफ बाध्य होकर वे हाईकोर्ट तक जाएंगे। श्री राय ने ये बातें एक संवाददाता सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के समय में पत्थर का जितना घोटाला हुआ उससे पांच गुना घोटाला 2015 से 2019 के बीच अवैध माइनिंग में हुआ जो ईडी के चार्जशीट में है। श्री राय ने सवाल खड़े किये कि हेमंत सोरेन को आप चार चार बार समन थमा देते हैं बाकी को आप इसलिए नहीं बुलाते हैं क्योंकि कि वे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के साथ जितने किरदार बिचौलिये हैं इसमें प्रेम प्रकाश जैसे लोग 2015 से ही उदित हुए। चार्जशीट में नाम है कि उनकी कम्पनी ने 2015.16.17 में अवैध ट्रांसपोटिंग की है। यही प्रेम प्रकाश रघुवर दास उनके परिवार को तीर्थाटन कराते थे। रघुवर दास ने घोटालेबाजों से सांठगांठ कर लाभ या छोटा ही लाभ लिया।

## बोकारो : डुमरी उपचुनाव में जिले के 139031 वोटर करेंगे वोटिंग

**बोकारो।** बोकारो जिला अंतर्गत 33 डुमरी विधानसभा उपचुनाव के सन्दर्भ में डीसी ने बताया कि पाबंदियों के तहत वोटरों को रिझाने लुभाने एवं प्रभावित करने के लिए पार्टी विशेष द्वारा कई तरह का प्रलोभन दिया जाता है। इस पर रोक के लिए टीम जरूरी काम कर रही है। मुफ्त उपहार पैसा मुफ्त भोजन आदि का वितरण वर्जित है। पार्टी व उम्मीदवार द्वारा विवाह भवन सामुदायिक भवन की बुकिंग नहीं की जाएगी। मतदान के 48 घंटे पूर्व से मतदान समाप्ति तक बोकारो जिले में पूर्ण शराबबंदी लागू कर दी गई है। निगरानी के लिए लिकर मानिटरिंग टीम को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया है।उपायुक्त ने बताया कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 298629 है। इसमें पुरुष मतदाता 154452 एवं महिला मतदाता 144174 है जबकि डुमरी विधानसभा क्षेत्र ;पार्टद्ध बोकारो जिला अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 139031 है जिसमें पुरूष मतदाता 71612 एवं महिला मतदाता 67419 है। मतदान कर्मियों की सहूलियत के लिए जिले के नावाडीह प्रखंड क्षेत्र में 17 एवं चंद्रपुरा प्रखंड क्षेत्र में 04 कलस्टर बनाये गए हैं।

## डीपीएस बोकारो में कक्षा प्रबंधन पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बच्चे समाज के लिए एक अमूल्य निधि बन राष्ट्र की उन्नति में हाथ बंटाएंए इसका प्रारंभ स्कूल के क्लासरूम से ही होता है। ये बातें विद्या भारती चिन्मय विद्यालय जमशेदपुर में समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष सुलग्ना आइच ने डीपीएस बोकारो में सीबीएसई द्वारा क्लासरूम मैनेजमेंट विषय पर आयोजित कार्यशाला में कहीं। दो दिवसीय इस विशेष प्रशिक्षण सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका के सम्मान से नवाजी जा चुकीं रश्मि शर्मा भी रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित थीं। कार्यशाला में धनबाद बोकारो के 60 शिक्षक शामिल हुए। श्रीमती आइच ने कहा कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में हम शिक्षकों की भूमिका भी बदल गई है। बच्चों में सामाजिक एवं भावनात्मक विकास हो और वे सफल नागरिक तथा अच्छा इंसान बनें यह हमारी महत्वपूर्ण जवाबदेही है। रश्मि शर्मा ने कहा कि बच्चों को क्लासरूम में उनकी प्रकृति के अनुसार विकसित होने का मौका दें तथा आज के समयानुसार बच्चों को करियर का बहुआयामी विकल्प मिले तो ही वे अच्छा कर सकते हैं। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी शिक्षकों के लिए प्रश्नोत्तरी सत्र व अन्य गतिविधियां आयोजित की गई। प्राचार्य ने बच्चों के समग्र विकास की दिशा में इस प्रकार की कार्यशाला को काफी महत्वपूर्ण बताया।

**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-10/2023-24 Date – 02/09/2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of Tender on website | 13/09/2023 up to 5.00 PM |
| 2. | Last date/Time for receipt of bids online | 30/09/2023 up to 5.00 PM |
| 3. | Last date for receipt of bids fee and security | 03/10/2023 up to 3.00 PM |
| 4. | Date of opening of Tender | 04/10/2023 up to 1.00 PM |
| 5. | Last date for receipt of e-Tender hard copy of Bid's Fee, Security & Other Documents at | (1) Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga (2) Superintending Engineer, M.I Circle, Ranchi (3) Executive Engineer, Design Division, Ranchi till 03.10.2023 up to 3:00 pm |
| 6. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 7. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 8. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Details of Works :-

| Sl. No | Block | Name of Work | Estimated Cost (in Lac) | Cost of BOQ (in Lac) | Earnest Money (in Lac) | Last Date of Work Complition |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Senha. | Construction of Check dam on Nagrabari Domuhan Nala at vill – Chandkopa. | 58.560 | 0.10000 | 1.17200 | 11 Months |

Note: -Only e-Tender will be accepted
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
PR306171 (Lohardaga)23-24*D

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.

# लोयाबाद में कचरा डंपिंग का विरोध करने वालों को जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



लोयाबाद में कचरा डंप करता ट्रक।

**लोयाबाद।** सोमवार के दोपहर कचरा डंपिंग का विरोध करने वालो को लोयाबाद थाना,जोगता थाना ,और पुटकी थाना धरनास्थल पर पहुंच कर प्रर्दशन कारी को गिरप्तार कर जेल भेज दिया। गौरतलव है एकडा निवासी रूपा देवी के नेतृत्व मे कचरा डंपिंग का पिछले 2 सितम्बर शनिवार से ही विरोध कर रहे थे। ज्ससे पूर्व जब नगर निगम के द्वारा पहली वार 25 अगस्त को जब नगर निगम की गाडी कचरा डंपिंग करने आई थी तो रूपा देवी संतोष कुमार लीलू देवी के नेतृत्व मे नगर निगम की गाडी को रोका गया था। जहां ग्रामिणो के उग्र रूप को देखते हुए पुलिस प्रशासन को हल्की फुल्की लाठी चार्ज करनी पडी थी और इन्ही तीनोके खिलाफ लोयाबाद थाना मे नगर निगम के द्वारा मुकदमा दायर किया गया था।

### कचरा डंप नहीं करने का दिया था आवेदन

बासुदेवपुर मे कचरा डंपिंग न हो इसके लिए यहां के ग्रामीणों ने जिले के वरीय पदाधिकारियो को आवेदन दिया था। इसी प्रक्रिया के तहत पिछले 2 सितम्बर शनिवार से ही रूपा देवी के नेतृत्व मे बासुदेवपुर मुख्य गेट के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रर्दशन कर रहे थे। धरने के तीसरे दिन सोमवार को केन्दुआडीह पुलिस निरीक्षक संजीव कुमार तिवारी के नेतृत्व मे प्रर्दशनकारी रुपा देवी और लीलू देवी को गिरप्तार कर जेल भेज दिया गया। वाकी सब फरार हो गया। बहरहाल लोयाबाद थाना,जोगता थाना और केन्दुआडीह थाना के मौजूदगी मे नगरनिगम की गाडी कचरा डंपिंग कर रही है। मौके पर प्रशासन की और से जोगता थाना प्रभारी दीपक झा लोयाबाद थाना प्रभारी राजन कुमार राम, सीपी मेहता, सहित तीनो ही थाना के सिपाही मौजूद थे।

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।**

पत्रांक :– गढ़वा, दिनांक:–

**सूचना**

एतद् द्वारा श्री अरविन्द कुमार सिंह, प्रयोगशाला प्रावैधिक, पता– ग्राम–अनतपुर, पोस्ट– माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार को सूचित किया जाता है कि :–

1. निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, राँची के पत्रांक 1921(23) दिनांक 19.08.2023 द्वारा माह फरवरी–2016 से लगातार सेवानिवृति की तिथि 31.01.2023 तक आपकी अनाधिकृत अनुपस्थिति एवं अन्य गठित आरोप की जाँच हेतु झारखण्ड पेंशन नियमावली 43 परन्तुक क(II) के तहत् दण्ड अधिरोपित करने हेतु नियम–17 में विर्णत प्रक्रिया में निहित प्रावधानुसार विभागीय कार्यवाही संचालित की गई है।
2. आपके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही का संचालन हेतु डा0 डी0 पी0 सक्सेना, उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, झारखंड, राँची, संचालन पदाधिकारी तथा अधोहस्ताक्षरी को उपस्थापन पदाधिकारी नामित किए गए हैं।
3. सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के पत्रांक 1388 दिनांक 28.08.2023 द्वारा उक्त विभागीय कार्यवाही की प्रति आवासीय पता–ग्राम–अनंतपुर, पो0–माधोपुर, थाना–चण्डी, जिला–नालन्दा, बिहार, पिन–801308 पर प्रेशित किया गया है।

श्री अरविन्द कुमार सिंह को निदेश दिया जाता है कि आपके विरूद्ध संचालित विभागीय कार्यवाही की प्रति, अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त कर, संचालन पदाधिकारी के समक्ष अपना लिखित बचाव बयान, साक्ष्य सहित समर्पित करना सुनिश्चित करें। उक्त में लिखित बचाव बयान पक्ष समर्पित नहीं करने की स्थिति में यह समझा जाएगा कि गठित आरोप के संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में संचालन पदाधिकारी द्वारा एकतरफा निर्णय लिया जाएगा, जिसमें विरूद्ध आपका कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR 306123 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

खबर मन्त्र

रांची. मंगलवार. 05 सितंबर 2023

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# क्रूरतम अपराध?

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि महिला द्वारा पति के परिवार पर दहेज उत्पीड़न और दुष्कर्म का झूठा आरोप लगाना घोर क्रूरता के समान है और इसे माफ नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि किसी भी विवाह का आधार सहवास और दांपत्य संबंध होता है और एक जोड़े को एक-दूसरे के साथ रहने से वंचित किया जाना साबित करता है कि विवाह चल नहीं सकता और वैवाहिक रिश्ते से इस तरह वंचित करना अत्यधिक क्रूरता का कार्य है।

अदालत ने यह टिप्पणी एक महिला की अपील खारिज करते हुए की जिसमें परिवारिक अदालत द्वारा पति से अलग रहने को उसके प्रति क्रूरता मानते हुए तलाक की अनुमति देने को चुनौती दी गई थी। जस्टिस सुरेश कुमार कैत और जस्टिस नीला बंसल कृष्णा की पीठ ने कहा, वर्तमान मामले में, निर्विवाद रूप से दोनों पक्ष 2014 से अलग-अलग रह रहे हैं, जो साबित करता है कि वे वैवाहिक संबंध बनाए रखने में असमर्थ हैं, जिससे एक-दूसरे को आपसी सहयोग और वैवाहिक रिश्ते से वंचित किया जा रहा है। लगभग नौ वर्षों तक इस तरह अलग रहना अत्यधिक मानसिक क्रूरता का उदाहरण है, जिसमें हिंदू विवाह अधिनियम के तहत क्रूरता के आधार पर वैवाहिक संबंध तत्काल विच्छेद करने की मांग की गई है।अदालत ने रेखांकित किया कि अलग हुए जोड़ा बमुश्किल 13 महीने तक एक साथ रहा और अपने वैवाहिक रिश्ते को कायम रखने में सक्षम नहीं हैं। इस जोड़े ने नवंबर 2012 में शादी की और फरवरी 2014 से अलग रह रहे हैं। पति ने दावा किया कि शादी के दिन से, महिला घरेलू कर्तव्यों का पालन करने में विफल रही और उसे और उसके परिवार के सदस्यों को बताए बिना अकसर मायके चली जाती थी। निश्चित ही यह व्यवहार क्रूरतम की श्रेणी में आता है।

# वायु प्रदूषण की मार

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा किये गए अध्ययन में बताया गया है कि कुछ शहरों में वायु प्रदूषण भारतीयों की जीवन प्रत्याशा को नौ साल तक कम कर सकता है। कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित लोग अपनी जीवन प्रत्याशा को तेरह प्रतिशत अधिक खो सकते हैं। उम्र में कमी के अलावा लोग कई तरह के असाध्य रोगों की भी चपेट में आ जाते हैं, जिसका दंश उन्हें सालों-साल भुगतना पड़ता है। फलतः परिवारों को भावनात्मक व आर्थिक संकट भी झेलना पड़ता है। यह अध्ययन स्मरण कराता है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों के शहरों में करीब 48 करोड़ लोग जिस प्रदूषित वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसका स्तर यूरोप व उत्तरी अमेरिकी की तुलना में कई गुना अधिक है। निस्संदेह, समय-समय पर सामने आने वाले तथ्यों के दृष्टिगत नागरिकों व नीति-निमार्ताओं को इसे खतरे की घंटी मानते हुए सजग हो जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश के लोगों की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि हुई है। दुनिया में बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट के अनुसार वर्ष 1990 और 2019 के बीच भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 से बढ़कर 70.8 हुई है। हालांकि यह प्रत्याशा राज्यों के स्तर पर अंतर रखती है। यह भी हकीकत है कि दुनिया में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में एक बड़ा हिस्सा भारत का भी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि वर्ष 2100 तक भारतीयों की जीवन प्रत्याशा 81 वर्ष होगी। बेहतर जीवन के लिये हमें प्रदूषण की समस्या का कारगर समाधान तलाशना होगा। हालांकि, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की रिपोर्ट का आकलन वर्ष 2019 की स्थिति पर आधारित है क्योंकि अब प्रदूषण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश आदि को भी चपेट में लेने लगा है और वातावरण गर्म होने की शिकायत आ रही है।

# स्तरीय शिक्षा से ही समाज में विकास



हमें समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए। साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है। भारतवर्ष की सनातन सांस्कृतिक परंपरा में शिक्षा स्वयं में बहुअर्थगर्भित शब्द है। यहां शिक्षा का अभिप्राय साक्षरता अथवा शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की उपलब्धता मात्र नहीं है। शिक्षा यहां मानव-मन को शुभसंस्कारों से सज्ज करने का माध्यम है; मनुष्य को मनुष्य बनाने की कला है; उसमें सामाजिक दायित्वबोध का जागरण है और उदात्त मानव-मूल्यों की प्राप्ति का कल्याणकारी संदेश है, जिसमें अक्षरज्ञान, संस्था-पदत्त प्रमाणपत्र आदि औपचारिकताओं का स्थान गौण है और मनुष्य का चारित्रिक उत्थान प्रधान है।

व्यापक यूरोपीय प्रभाव के कारण जब से भारतीय-समाज ने शिक्षा के उपर्युक्त स्वरूप और उद्देश्य को विस्मृत कर संस्थागत प्रमाणपत्रीय औपचारिक शैक्षणिक स्वरूप को ही शिक्षा के अर्थ में सीमित-संकुचित कर दिया है तब से समाज शिक्षा के वास्तविक प्रकाश से वंचित होकर अशिक्षा एवं अज्ञान के घोर अंधकार में भटकता हुआ अपराध के पतन-गर्त में गिर रहा है; गिरता ही जा रहा है। तथाकथित अंग्रेज शिक्षाविद मैकाले के समय से लेकर अब तक कितनी ही बार शिक्षा को लेकर विचार हुआ है; समितियों और आयोगों ने नई-नई नीतियां अनुशंसित की हैं; व्यवस्था के कर्णधारों ने उन्हें क्रियान्वित करने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई को जी भरकर खर्च किया है किंतु परिणाम क्या है ? सामाजिक अशांति, संघर्ष और अपराध की बढ़ती भयावह स्थितियाँ !

विगत सौ वर्षों में देश के कोने-कोने में स्कूल-कॉलेज खुल गए; विश्वविद्यालयों और तरह-तरह के शैक्षणिक संस्थानों की बाढ़ आ गई; युवाओं का बड़ा वर्ग साक्षर हुआ, बड़ी-बड़ी डिग्रियों से अलंकृत हुआ किन्तु समाज में सुख-शांति और समृद्धि नहीं आई। उपर्युक्त कथित शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमारे समाज में अनुशासनहीनता, सामाजिक-सांस्कृतिक मानमूल्यों की अवमानना, पारिवारिक-कलह, सामाजिक संघर्ष, रोजगार के संकट, आर्थिक-भ्रष्टाचार, लूट-हत्या-बलात्कार एवं हिंसक अपराधों के प्रकरण निरंतर बढ़े हैं, मनुष्य का मन अशांत हुआ है और आत्महत्याओं का सिलसिला बढ़ा है। इस तथाकथित शिक्षा ने मनुष्य की मनुष्यता ही छीन ली है- कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के विकट संकट काल में बड़े-बड़े नामी-गिरामी चिकित्सा संस्थानों के उच्चशिक्षित डिग्री धारी डॉक्टर-व्यवस्थापक रोगियों के कपड़े उतार रहे हैं; उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं, नक्सलवाद और आतंकवाद के बेलगाम घोड़ों की लगामें बड़े-बड़े प्रोफेसरों के हाथों में दिखाई दे रही हैं, भारत में रहकर भारत से पोषण पाकर ह्यभारत तेरे टुकड़े होंगेह्व जैसे देशद्रोही कारनामों को अंजाम देने वाले और उनके समर्थन में खड़े होने वाले सब उच्च शिक्षित हैं। किन्तु मनुष्यता के प्रकाश और सामाजिक दायित्वबोध से कोसों दूर हैं। ऐसी शिक्षा की सार्थकता स्वयं में बड़ा प्रश्नचिन्ह है।आज कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा में पारंगत युवा साइबर क्राइम की दुनिया में रोज नए काले कारनामे कर रहे हैं। कब किसके खाते से कितनी रकम चुरा ली जाएगी, कुछ पता नहीं। प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन व्यक्ति का ट्वीटर जब हैक किया जा सकता है तब साधारण व्यक्ति की तो बिसात ही क्या है ? तात्पर्य यह है कि शिक्षा के मूल्यनिष्ठ सांस्कृतिक धरातल से विचलित होकर औपचारिक संस्थागत साक्षरतापरक पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित होने की भारी कीमत समाज पिछली शताब्दी से अब तक निरंतर चुकाता आ रहा है और जब तक शिक्षा अपने इस वर्तमान छद्म आवरण को तोड़कर मनुष्य को मनुष्य बनाने के प्रति संकल्पित नहीं होगी तब तक शिक्षा के माध्यम से समाज के कल्याण का स्वप्न अपूर्ण ही रहेगा।



-डॉ मेरी ग्रेस

> किन्तु समाज में सुख-शांति और समृद्धि नहीं आई। उपर्युक्त कथित शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमारे समाज में अनुशासनहीनता, सामाजिक-सांस्कृतिक मानमूल्यों की अवमानना, पारिवारिक-कलह, सामाजिक संघर्ष, रोजगार के संकट, आर्थिक-भ्रष्टाचार, लूट-हत्या-बलात्कार एवं हिंसक अपराधों के प्रकरण निरंतर बढ़े हैं, मनुष्य का मन अशांत हुआ है और आत्महत्याओं का सिलसिला बढ़ा है।

हमें समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए। साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है जो किसी सुसंस्कारित विवेकशील मनुष्य के हाथ में आई तो मानवता का संकट हरेगी और अगर किसी दुराचारी व्यक्ति के हाथ में पड़ी तो समाज के लिए संकट का कारण बनेगी। सेवा, चिकित्सा, न्याय, प्रशासन आदि किसी भी क्षेत्र में हमें पहले अच्छा इंसान चाहिए बाद में अच्छा डॉक्टर, वकील, प्रशासक आदि। दुर्भाग्य है कि हमारी शिक्षा नीतियां, हमारे परिवार और समाज अच्छा मनुष्य बनाने के प्रति उदासीन हैं और अधिकतम धन-अर्जन में सक्षम व्यक्तित्व विकसित करने के प्रति प्रयत्नशील हैं। हमारी आधुनिक शिक्षा-व्यवस्था संवेदनाहीन लोभी रोबोट अधिक दे रही है और संवेदना, समृद्ध सेवाभावी मनुष्य कम दे पा रही है। कोई भी शिक्षा नीति तब तक समाज के लिए उपयोगी नहीं बन सकती जब तक उसमें संवेदनशील, उदार और विवेकवान मनुष्य के सृजन की सामर्थ्य ना हो। अतः शिक्षा नीति के निर्धारण में इस लक्ष्य की प्राप्ति अभीष्ट है।

शिक्षा एक गंभीर सामाजिक दायित्व-बोध है। शिक्षा स्वयं की क्षमता का संवर्धन और समाज के हित में उस क्षमता का निस्वार्थ विसर्जन है। शिक्षक दिवस पांच सितंबर हम नमन करते हैं अपने प्रिय शिक्षक राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णण जी को। शिक्षा ही देश को विश्व गुरु बना सकता है हमें चांद और सूरज तक पहुंचा रहा है। शैक्षणिक प्रतिबद्धता से आने वाला समाज विकास सम्यक होगा, विश्व को मार्ग दिखाने वाला होगा। सभी सुधी और शिक्षण को समर्पित शिक्षकों को इस अवसर पर हार्दिक शुभकामना।

## खास बात

### सामाजिक क्रांति के अग्रदूत डॉ. पाठक

मेहरा जी ने कहा कि 'दो गिलास बढ़िया चाय भेजो।' फिर हमलोग बातचीत में लग गये। तीन-चार मिनट के बाद एक नवयुवक लाल गमझा लपेटे हुए और एक बनियान पहने हुए दो गिलास चाय लेकर आया और उनके सामने टेबुल पर रख दिया। जब मैंने उनका चेहरा देखा तो लगा कि ये तो बिन्देश्वर पाठक हैं। उस समय वे डॉ. बिन्देश्वर नहीं थे। उन्हें कोई नहीं जानता था। मैंने उन्हें इसलिए पहचान लिया था कि वे मेरे बड़े भाई के साथ पढ़ते थे और कभी-कभी मेरे घर पर आते रहते थे । मैंने उनसें पूछा कि 'आप यहां?' उन्होंने कहा कि 'हां यह होटल मेरे गांव के चाचा जी का है। कभी-कभी यहां मैं आता रहता हूं और चाचा जी की मदद कर देता हूं । यहां नहाने-धोने की सुविधा होती है। फिर यहीं से तैयार होकर कालेज चला जाता हूं।' मैं यह जानकारी के रूप में बता रहा हूं कि किसी व्यक्तित्व की कैसी परख है। पाठक जी दुकान पर चाचा जी की चाय बेचते थे और समोसा, बंगला निमकी और गुलाब जामुन भी वहां बहुत बढ़िया बनता था। इसी कारण से पाठक जी की दुकान पर हम लोगों का आना-जाना नियमित था। कभी-कभी मैं आज भी जब उस इलाके से गुजरता हूं तो पाठक जी की दुकान और मेहरा जी का याददास्त सामने आ जाती है।

एक दिन मुझे बिन्देश्वर पाठक जी मिल गए। मैंने पूछा 'क्या हाल है पाठक जी।' उन्होंने कहा -'भाई मैं बड़ी परेशानी में हूं ।' मैंने कहा, 'आपकी परेशानी क्या है और मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूं ?' बिन्देश्वर जी ने कहा-'आप तो जान ही रहे हैं कि मैंने सुलभ शौचालय संस्थान की स्थापना की है और कम खर्चे में शौचालय कैसे बनाया जा सकता है इस पर एक प्रदर्शनी लगाना चाहता हूं। हमारी संस्था को बड़ा लाभ और बल मिलेगा। फर उन्होंने कहा कि 'यहां गंदगी नहीं फैलनी चाहिए तो कोई दिक्कत नहीं है।' पाठक जी ने कहा कि यहां कोई गंदगी नहीं फैलेगी। हम 500 से 800 रुपये में कई तरह के शौचालय बना देंगे। बात तय हो गयी और सुलभ शौचालय की पहली प्रदर्शनी गांधी शांति प्रतिष्ठान, गांधी मैदान में लगी और उसका उद्घाटन सीमांत गांधी द्वारा हो गया

# श्रेष्ठता

## धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

आत्मशांति की उपलब्धि संसार के सुखों और पदार्थों के भोग से संभव नहीं। उसकी प्राप्ति तो तब होती है, जब मनुष्य के जीवन और आचरण में श्रेष्ठता का समावेश होता है। श्रेष्ठता ही आत्मशांति का एकमात्र आधार है। श्रेष्ठ आत्मा वाले व्यक्ति कितने ही गरीब और एकाकी क्यों न हों, उन्हें असंतोष की यातना सहन नहीं करनी पड़ती। विद्वान, परमार्थी, भक्त तथा परोपकारी व्यक्ति श्रेष्ठ आत्मा वाले ही होते हैं। इसी संबल के आधार पर ही तो वे अभावों से भरा अपना जीवन शांति के साथ जीते हैं और संतोष के साथ छोड़ते हैं। उन्हें किसी तरह का मनस्ताप नहीं सताता । ऋषि, मुनि, महात्मा, मनीषी, चिंतक तथा दार्शनिक व्यक्तित्व न कभी धन- वैभववान रहे हैं और न उन्होंने सांसारिक पदार्थों के भोग में ही अपना जीवन निमग्न किया । उनका जीवन सदा ही सरलतम तथा सादा रहा है। भोजन, वस्त्र और निवास जितना साधारण कोटि का हो सकता है, उनका रहा । दिनचर्या और परिश्रम उनका इतना कठोर रहा है जो किसी के लिए कष्ट के समान ही हो सकता है। आगे भी इस कोटि के व्यक्ति इसी प्रकार अभाव भरा जीवन ग्रहण करेंगे और आज भी जो जहाँ हैं, जाकर देखा जा सकता है, ऐसा ही जीवनयापन करते दिखलाई देंगे। तब भी उनके समान सुखी तथा संतुष्ट कोई दूसरे कदाचित ही रह पाते हैं। इसका केवल एक ही कारण है और वह है-उनकी आत्मश्रेष्ठता ।

## ॥ अहम ब्रह्मास्मि ॥

हमारे शरीर में वही ऊर्जा है जिससे इस विश्व की उत्पत्ति हुई है। सभी प्राणी, वस्तु आदि सब उसी ब्रह्म का ही भाग है

**– निशा उरांव, डायरेक्टर पंचायती विभाग**

## रोचक ट्वीट

**विपक्ष** हमारी सरकार को बोलती है कि भ्रष्टाचारी हैं, अहंकारी हैं। अगर बुजुर्गों को पेंशन देना, विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों को पेंशन देना, जरूरमन्दों को साल में दो बार धोती-साड़ी देना भ्रष्टाचार है, तो ऐसा भ्रष्टाचार हम करते रहेंगे। **–हेमंत सोरेन, सीएम**





धन हारेगा,जन जीतेगा

यह चुनाव हमारे जन बल और सत्ता के धन बल के बीच है। जिसमें जीत निश्चित रूप से हमारे साथ मौजूद जन बल की होगी। डुमरी की जनता बदलाव के लिए आतुर है।

**–सुदेश महतो, आजसू**

## कार्टून वर्ल्ड

### कैसा विकास?



साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट काम

## लेटर टू एडिटर

### हिंदी दिवस की बात

**अब** सितंबर आ गया तो हम सब 14 को हिंदी दिवस मना लेंगे। लेकिन हिंदी लगातार पिछड़ती जा रही है। आखिर हर जगत चमकते अंग्रेजीयत से भरे संस्थान यह नही कह रहें हैं। हिंदी को दिल से आत्मसात करने की जिजीविषा बैंक कर्मियों के मन-मस्तिष्क में पनपेगी? दिशाहीन कवायदों से हिंदी आगे बढ़ने की बजाये, पिछड़ जाएगी।

**श्री कांत, गढ़वा**

### कृषि से उम्मीद

**कृषि** क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने में रबी फसलों की पैदावार, खासतौर से गेहूं की भारी पैदावार ने प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि तीन फीसद ही थी। इस वर्ष कृषि विकास दर में वृद्धि के साथ कृषि निर्यात की बढ़ने की भी संभावनाएं प्रबल हुई हैं। कोरोना के संकट में कृषि क्षेत्र ने देश में अनाज की कमी नहीं होने दी।

**–विवेक, हजारीबाग**

# गुरुकुल के अनुरूप शैक्षणिक परिवेश

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**उत्तर प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक और संकल्प सिद्ध हुआ। श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय बनाने की योजना शुरू की थी। सभी 18 मंडलों में इन विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। पहले चरण में प्रदेश के 18 मंडलों में एक-एक विद्यालय की स्थापना हुई है। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा बचे हुए सत्तावन जनपदों में इसी तर्ज पर एक एक विद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इन विद्यालयों के निर्माण सम्बन्धी कार्य पूरे हो चुके हैं। इनका पहला सत्र शीघ्र प्रारम्भ होगा। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर गुरुवार्ता संगम कार्यक्रम को संबोधित किया। अटल आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एडमिशन किट वितरित की गई है। अटल आवासीय विद्यालय भारत की प्राचीन गुरुकुल जैसी परम्परा की शुरूआत है। गुरुकुल परम्परा ने भारत को शिक्षा तथा समृद्धि के क्षेत्र में विश्वगुरु बनाया था। इन विद्यालयों की स्थापना में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा, श्रद्धेय अटल का नाम, तथा पं दीनदयाल उपाध्याय जी का संकल्प है। अटल आवासीय विद्यालय सभी सुविधाओं से युक्त विश्वस्तरीय विद्यालय हैं। अटल आवासीय विद्यालयों का उद्देश्य समाज के सबसे पिछड़े तथा अन्तिम पायदान से बच्चों की प्रतिभाओं को शिक्षित तथा प्रशिक्षित कर उन्हें गरिमामयी जीवन जीने के योग्य बनाना है। इन विद्यालयों में सामान्य बच्चों को भी प्रवेश दिया जाएगा।

अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर सभी 18 कमिश्नरी में अटल आवासीय विद्यालयों का शुभारंभ किया गया। इससे पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों व निराश्रित बच्चों हेतु भी आवासीय विद्यालय उपलब्ध होंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विद्यालयों में नियमित मॉर्निंग असेम्बली होनी चाहिए। प्रार्थना सभा में सभी बच्चे सम्मिलित हों। यहां भारत की परम्पराओं के विषय में जानकारी दी जाए। विद्यार्थियों को किसी भी राष्ट्रीय पर्व अथवा आध्यात्मिक आयोजन से पहले इनके महत्व के विषय में बताया जाना चाहिए। त्योहारों के आध्यात्मिक व धार्मिक पक्ष होते हैं। त्योहारों के प्रेरणादायी पक्षों से विद्यार्थियों को अवगत कराया जाना चाहिए। विद्यालय का परिसर तथा प्रवेश द्वार आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण होना चाहिए। इसके लिए अलग-अलग प्रकार के वृक्षों को लगाया जाना चाहिए। विद्यालय में पुष्पदार पौधे लगाये जाने चाहिए। अलग-अलग जगह पर आम्र वाटिका, जामुन वाटिका, अमरूद वाटिका आदि वाटिकाएं विकसित की जानी चाहिए। सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष भी लगाए जा सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से भारत की शिक्षा की नींव को आगे बढ़ाने का कार्य होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के पहले स्थापना दिवस पर एक जिला एक उत्पाद ओडीओपी योजना लॉन्च की गई थी। यह योजना प्रदेश के निर्यात को तेजी से आगे बढ़ाने में कारगर साबित हुई है। जहां देश का निर्यात आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा है। वहीं उत्तर प्रदेश का निर्यात अट्ठाइस फीसद की दर से बढ़ा है। दूसरे स्थापना दिवस पर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की गई।

तीसरे स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए आधारशिला रखी गई थी। प्रदेश सरकार ने कुशलता से विकास और कल्याणकारी योजनाओं के बीच संतुलन स्थापित किया है। अटल आवासीय विद्यालय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन विद्यालयों में छात्रों के रहने रऔर सभी प्रकार की सुविधाओं की व्यवस्था सरकार करेगी योगी आदित्यनाथ ने अन्तरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के मौके पर बाल मजदूरी करने वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए बाल श्रमिक विद्या योजना की शुरूआत की थी। उन्होंने कहा था कि 'परिस्थितियों के चलते इन बच्चों को बाल मजदूरी करनी पड़ती है। इससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इन बच्चों की प्रतिभा का लाभ देश और समाज को नहीं मिल पाता जिससे दोनों को अपूरणीय क्षति होती है। इन बच्चों को बाल मजदूरी से बचाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों ने समय-समय पर कानून बनाए, लेकिन इस पर पूरी तरह से रोक नहीं लग पाई। बाल मजदूरी करने वाले आठ से 18 साल के बच्चों के लिए उनकी सरकार बाल श्रमिक विद्या योजना शुरू की गई थी।

# एक साथ पूरे देश में चुनाव देश हित में

**सुरेश हिन्दुस्थानी**

## सामयिक

**वर्तमान** में भारत में ऐसे कई कारण हैं, जो राष्ट्रीय विकास में बाधक बन रहे हैं। इसमें एक अति प्रमुख कारण बार-बार चुनाव होना है। देश में होने वाले चुनाव के दौरान लगने वाली आचार संहिता के चलते सरकार का कामकाज भी प्रभावित होता है। हमारे देश में किसी न किसी राज्य में हर वर्ष चुनाव के प्रक्रिया चलती रहती है। चुनाव के दौरान संबंधित सरकार कोई बड़ा निर्णय नहीं ले सकती। चुनाव होने के कारण राजनीतिक दल हर साल केवल चुनाव जीतने की योजना ही बनाते रहते हैं। इस कारण देश के उत्थान के बारे में योजना बनाने या सोचने का उतना समय भी नहीं मिल पाता, जितना सरकार का कार्यकाल होता है। इसलिए वर्तमान में जिस प्रकार से एक साथ चुनाव कराने की योजना पर मंथन चल रहा है, वह देश को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का एक अभूतपूर्व कदम है।

अभी केंद्र सरकार ने देश में एक साथ चुनाव कराने के बारे में प्राथमिक कदम उठाकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसके लिए एक समिति भी बनाई है, जो देश के राजनीतिक दलों और आम जनता से इसके हित और अनहित के बारे में विमर्श करेगी। जब सब ओर से सकारात्मक रुझान मिलेगा, तब यह धरातल पर उतारा जाएगा। लेकिन सवाल यह भी है कि क्या एक साथ चुनाव कराया जाना उचित है? यकीनन इसका उत्तर यही होगा कि यह ठीक कदम है। लेकिन देश में कुछ राजनीतिक दल संभवतः इसकी गंभीरता को समझ नहीं पा रहे हैं। इस कदम को संकुचित राजनीति के भाव से देख रहे हैं। अगर यह देशभाव के दृष्टिकोण से देखेंगे तो हमें यह कदम अच्छा ही लगेगा।

वर्तमान में केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग इस बारे में गंभीरता पूर्वक चिंतन कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने एक बार अपने अभिभाषण में भी एक साथ चुनाव कराए जाने पर जोर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था कि बार-बार होने वाले चुनाव से विकास में बाधा आती है, ऐसे में देश के सभी राजनीतिक दलों को एक साथ चुनाव कराने के बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सच कहा जाए तो एक साथ चुनाव कराया जाना राष्ट्रीय चिंता का विषय है, जिसे सभी दलों को सकारात्मक दृष्टि से लेना होगा। हम यह भी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात लम्बे समय तक एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चली, लेकिन कालांतर में कई राज्यों की सरकारें अपने कार्यकाल की अवधि को पूरा नहीं कर पाने के कारण हुए मध्यावधि चुनाव के बाद यह क्रम बिगड़ता चला गया और चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। इसके कारण देश में सरकारी कामकाज की प्रक्रिया तो बाधित होती ही है, साथ ही सरकारी कामकाज को लेकर सक्रिय रहने वाले सरकारी अधिकारी और आम जनता भी ऐसी बाधाओं के चलते निष्क्रियता के आवरण को ओढ़ लेते हैं। यह भी काम में रुकावट का कारण बनती है। इन सभी कारणों के निदान के लिए देश में एक साथ चुनाव कराने के विषय पर सभी राजनीतिक दलों के बीच संवाद बढ़ना चाहिए और इस बारे में आम सहमति बनायी जानी चाहिए। केंद्र सरकार की मंशा स्पष्ट है, लेकिन विपक्षी राजनीतिक दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, यह अभी तक सामने नहीं आ पाया है। हालांकि देशहित के मुद्दे पर विपक्षी राजनीतिक दलों को भी इस बारे में सरकार के रुख का पूरी तरह से समर्थन करना चाहिए। एक साथ चुनाव होने से देश में विकास की गति को समुचित दिशा मिलेगी, जो बहुत ही आवश्यक है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### जबरा में अनियंत्रित बस की चपेट में आई महिला हुई घायल

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के जबरा चौक में सोमवार की सुबह करीब 8 बजे एक सड़क दुर्घटना में दारू जबरा निवासी एक विवाहित महिला घायल हो गई जिसे इलाज के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया। इस घटना के बारे में लोगों ने बताया कि पुरुषोत्तम नाम की बस हजारीबाग से बोकरो की तरफ जा रही थी तभी जबरा चौक के पास एक टैंकर को पास देने के दौरान बस सडक की बाई तरफ सड़क की थोड़ी किनारे चली गई जिस कारण सड़क के किनारे चल रही जबरा निवासी महिला रुखसाना परवीन पिता मोहम्मद यासीन को अपनी चपेट में ले लिया और वह महिला घायल हो गयी।

### दो माह से जलापूर्ति की बाट जोह रहे हैं ग्रामीण

**कटकमसाडी।** प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों ग्रामीण पिछले दो /तीन माह से जलापूर्ति की बाट जोह रहे हैं। जलापूर्ति के लिए बनाया गया टावर तो खड़ा किया गया है किंतु अब तक उससे एक बूंद जल की आपूर्ति ग्रामीणों को नसीब नहीं हो रही है। विभाग के इस तरह की लापरवाही से ग्रामीणों में काफी रोष है। इस जल मिनार से जल आपूर्ति लाभुक में वरिष्ठ तथा सामाजिक और राजनीतिक दलों के लोग भी हैं जिन्होंने इस योजना पर कठोर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि एक तो योजना का निर्माण बेहद निम्न गुणवत्ता की गयी है। वहीं दो /तीन माह बीत जाने के बाद भी इसे चालू नहीं किया गया है। संवेदकों ने जैसे तैसे योजना पूर्ण की ओर बिना चालू किए तथा पुराने चापानल के बोरिंग में साबरसेबल डाल फरार हो गए है। समाजसेवी , और राजनीतिक दलों के लोगों ने आगे कहा कि इस तरह सरकार का हर घर जल मिशन योजना धाराशाही हो रहा है। और लाभुकों को शुद्ध पेयजल मिलने का सपना भी चकनाचूर हो रहा है। उन्होंने उपायुक्त से स्वयं संज्ञान लेकर जलापूर्ति जलमीनार को चालू करने की मांग की है अन्यथा लाभुकों के साथ मिलकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ऐसे में लाभुक त्रस्त पदाधिकारी मस्त हैं। पीएचडी विभाग की मनमानी चलने नहीं देंगे।

### दुकानदार के विरोध में ग्रामीण हुए गोलबंद

**कटकमसाडी।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों पीडीएस दुकानदारों के द्वारा राशन घपला का मामला चर्चा का विषय बन हुआ है। प्रखंड क्षेत्र के कटकमसाडी पंचायत के पारस महिला मंडल के द्वारा कार्डधारियों को कम राशन देने का मामला प्रकाश में आया था। पारस महिला मंडल के विरुद्ध में एक विडियो वायरल हुआ था।जिसके लेकर कटकमसाडी पंचायत भवन में पंचायत के मुखिया और ग्रामीणों के साथ एक बैठक हुई। पंचायत भवन बैठक में उपस्थित कटकमसाडी एमओ के बीच ग्रामीणों ने पारस महिला मंडल के विरुद्ध में लिखित आवेदन देकर पीडीएस दुकानदार पर कार्रवाई करने का अपील किया।

### झरपो मे श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्यावरण मेला मनाने को लेकर बैठक आयोजित

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत अंतर्गत राधा कृष्णा मंदिर (ठाकुर बाड़ी)झरपो मे हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 सितंबर बुधवार को रात्रि मे श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना आरती भजन कीर्तन कर बहुत ही धूम धाम मनाया जायेगा। श्रद्धांलू मंदिर प्रांगण मे आकर भगवान श्री कृष्ण माता राधा का दर्शन कर पुण्य का भागी बने। उक्त बाते मंदिर के पुजारी रामलखन पाण्डेय, अजय पाण्डेय ने कहा। वही बताते चले 4 सितंबर सोमवार को कारी चट्टान धाम मे भादो महीना के अष्टमी तिथि को मनाये जाने वाले श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्यावरण सह वृक्ष रक्षाबंधन मेला धूम - धाम से मनाने को लेकर बैठक किया गया।

### चोरों ने ताला तोड़कर उड़ाए लाखों के समान, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोलियरी के बंद पड़ी हाथीदाड़ी माईंस के विद्युत और यांत्रिक विभाग कार्यालय के दरवाजे का ताला तोड़कर बीती रात्रि चोरो ने लाखो रुपए के कीमती समानों की चोरी कर ली। जानकारी के अनुसार रविवार की रात्रि चोरों ने हाथीदाडी माइंस के विद्युत और यांत्रिक विभाग का ताला तोड़कर घुस गये। चोरो ने कमरे मे रखे कीमती पार्ट्स-पुर्जे सहित तांबा पीतल के लाखो के सामानों की चोरी कर ली। इस दौरान चोरो ने यांत्रिक विभाग के आलमीरा का ताला भी तोड़ दिया।

### केवीके मांडू में पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन

**कुजू।** अंतर्राष्ट्रीय मिलिट्स वर्ष 2023 के अंतर्गत पोशाक अनाज आधारित कृषि विज्ञान केंद्र, रामगढ़ द्वारा मांडू प्रखंड के बूढ़ाखाप ग्राम में पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बूढ़ाखाप ग्राम की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और महिलाओं ने मडुवा निर्मित पकवान जैसे-मडुवा का लड्डू, पुआ, रोटी, ठेकुआ, नमकीन रोटी आदि स्वादिष्ट पकवान बनाकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत ने महिलाओं को मोटे अनाज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के मोटे अनाज में बाजरा, ज्वार, रागी, सांवा, कंगनी, कोदो, कुटकी, चीना आदि फसल उगाए जाते हैं। जिसमें हमारे झारखंड जिले में मुख्यत: मडुवा, ज्वार, बाजरा, गुंदली की फसल लगाई जाती है।

# झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य ने किया रामगढ़ का दौरा

### टाउन हॉल भवन में हुआ मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी एवं सदस्या शबनम परवीन ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान परिसदन रामगढ़ में जनसुनवाई एवं इसके उपरांत टाउन हॉल भवन रामगढ़ में मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोग द्वारा सर्वप्रथम परिसदन रामगढ़ के सभाकक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की जन वितरण प्रणाली, मध्यान भोजन, पोषण आहार, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं कुपोषण उपचार केंद्र सहित अन्य समस्याओं व शिकायतों को सुना गया जिसके उपरांत संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्त समस्याओं व शिकायतों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के उपरांत टाउन हॉल भवन रामगढ़ में मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी, सदस्या शबनम परवीन , उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता रामगढ़ रोबिन टोप्पो सहित जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से मुखिया संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुखिया संवाद कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में अध्यक्ष हिमांशु शेखर चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया, अन्य जनप्रतिनिधियों आदि को मुखिया संवाद कार्यक्रम के आयोजन के



कार्यक्रम का उदघाटन करते अध्यक्ष

उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी को इस कार्यक्रम में आने का उद्देश्य पता होना चाहिए साथ ही आपको यह भी जानकारी होनी चाहिए कि इस कार्यक्रम क्यों किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि समाज की नींव होते हैं और जब तक नींव मजबूत नहीं हो तब तक कोई इमारत मजबूत नहीं हो सकती है। मुखिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रह रहे ग्रामीणों को उनके हक, अधिकार के बारे में जागरूक करना है। सरकार द्वारा खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। लेकिन जानकारी न होने अथवा जागरूकता का अभाव होने के कारण कई बार लोग योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं, हमारा उद्देश्य समाज के आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान अध्यक्ष ने सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को दी। मौके पर माननीय अध्यक्ष ने सभी जनप्रतिनिधियों से उनके उनके क्षेत्र में स्थित पंचायत भवनों के बाहर एक होर्डिंग स्थापित करते हुए होर्डिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार व लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी ग्रामीणों को देने की अपील की।

साथ ही उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों को उनके उनके क्षेत्रों में ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या से संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने की प्रक्रिया के प्रति भी जागरूक करने की अपील की। मौके पर उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा आयोग द्वारा वैसे मुखियाओं और जनप्रतिनिधियों जिनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं को धरातल पर उतारने में बेहतरीन कार्य किया जाएगा उन्हें आयोग द्वारा सम्मानित करने का भी कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में सदस्या शबनम परवीन ने झारखंड राज्य खाद्य आयोग के रामगढ़ जिले के दौरे के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता के अभाव में ग्रामीणों द्वारा योजनाओं का लाभ ना ले पाने के विषय पर सभी का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के तहत किसी बच्चे के जन्म से लेकर जीवन के अंत तक के लिए योजनाएं संचालित है, जरूरत है लोगों को जागरूक करने की। मौके पर उन्होंने सभी से लोगों को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की।

## प्रखंड मैदान में संकल्प यात्रा में गरजे बाबूलाल कहा

# मोदी के हाथों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखण्ड मैदान में भाजपा द्वारा संकल्प यात्रा के तहत जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में माला पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी तथा सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत किया। मौके पर भाजपाइयों ने बाबूलाल मरांडी के समर्थन में जमकर नारेबाजी किया। कार्यक्रम से पहले प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद जयंत सिन्हा, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव समेत भाजपा नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धू कान्हू, चांद भैरव, तिलका मांझी, शेख भिखारी, टिकैत उराव, बुधु भगत, रघुनाथ सिंह, फूलों मुर्मू, झानो मुर्मू के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रमेश ठाकुर व भाजपा प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से किया। भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में भाजपाइयों ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान



कार्यक्रम को सम्बोधित करते बाबूलाल

श्रीराम व ॐ का प्रतीक चिन्ह सप्रेम भेंटकर उनका स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने बड़े ही आदर भाव से स्मृति चिन्ह को स्वीकार किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का मान व सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। वर्ष 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री और झारखंड में बीजेपी की सरकार बनाने का आह्वान किया। कहा कि पीएम मोदी के हाथों में कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत सुरक्षित है। उन्होंने हेमंत सरकार की नीतियों व कार्यशैली का जमकर विरोध करते हुए कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि 2024 में पुनः भाजपा को लाना है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने स्थानीय कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला को आड़े हाथों लेते हुए खुले मंच से राज्य का एकमात्र भ्रष्ट विधायक बताया। उन्होंने कहा कि बरही विधान सभा मे बाप बेटा मिलकर अवैध कारोबार का झंडा बुलंद कर रहें है। जनता आशा और उम्मीद से मरांडी जी को देख रही है और 2024 में जनमत को बहुमत में बदलने का काम करेंगे। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी सह जमुआ विधायक केदार हाजरा, हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल, पूर्व सांसद यदुनाथ पाण्डेय, पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविन्द्र राय, डुमरी के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, कोडरमा जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, डॉ के.पी. शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित हजारों लोग शामिल थे।

## श्री गुरू नानक पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर्व मना

**रामगढ़।** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। मौके पर नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने माखनचोर की भूमिका अदा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों ने लड्डू गोपाल के रूप को धारण कर सब का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने झूले में श्रीकृष्ण के बाल रुप को झूला झूलाकर माखन-मिसरी का प्रसाद वितरित किया। स्कूल प्रधानाचार्य हरजाप सिंह ने विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवदगीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं, सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते रहना चाहिए और फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-RDD/SD/LOHARDAGA/E-12/2023-24

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू प्रखण्ड के हमीद नगर में मोहम्मद अतिक के घर से लेकर रहमत अंसारी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 38,95,000.00 | 77,900.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 2 | कुडू प्रखण्ड के ग्राम रोचो में नाथपुर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 50,00,000.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 3 | लोहरदगा प्रखण्ड के अरकोसा में तबारक अंसारी के खेत से सुना उरांव के घर खेत तक गार्डवाल निर्माण। | 24,95,900.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 4 | किस्को प्रखण्ड के परहेपाट पंचायत में नदी सेमरगढ़ा में गार्डवाल निर्माण (100 मी0) | 24,42,400.00 | 48,900.00 | 5000.00 | 2 माह |
| 5 | किस्को प्रखण्ड के पतरातु से 01 कि0मी0 पूर्व की ओर हड़लाता नदी के पास श्मशान शेड एवं चबुतरा का निर्माण। | 13,26,700.00 | 26,600.00 | 2500.00 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-.07.09.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-13.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :-14.09.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :-ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :-15.09.2023 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :-9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क Scheduled Commercial Bank / Nationalised Bank द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.306147 Lohardaga(23-24):D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI**
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-20/2023-24
1st Call
e-Tender Ref No:-RCD/PID/RANCHI/20/2023-24 Date:-01.09.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Consultancy Services for Preparation of Detailed Land Acquisition Proposal , Detailed Resettlement and Rehabilitation Proposal & Detailed Forest Diversion Proposal for Reconstuction of Phuldungri (NH-33) to Jhantijharna via Burudih Road in the State of Jharkhand. ***Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022are allowed to bid.** |
| 2 | Tentative Length | 24.010 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft/Banker Cheque of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/- (Five Thousand) only. EMD:- 2 % of the quoted amount (Net of GST) in the form of current issue of NSC, Fixed Deposits of a Scheduled Bank (all the above mentioned form of Security deposits money issued within the State of Jharkhand) and Bank Guarantee issued by any Scheduled bank anywhere in India dulypledge in favour of Executive Engineer, Planning& Investigation Division, Road Construction Department, Ranchi for a period of 45 days beyond the validity of Bid. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 08.09.2023,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 15.09.2023 12:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Hard Copy of Tender Fee & EMD | 16.09.2023 12:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 16.09.2023 12:30 PM |
| 10 | Bid validity | 120 days |
| 11 | Bid Submission Address | Chief Engineer(Communication),Road Construction Department,1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD,Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi.

PR 306195 (Road) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची**

निविदा आमंत्रण सूचना सं0-RCD/RANCHI -18/2023-24 Dt. 04-09-2023

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- 26.09.2023 से 27.09.2023 को कार्यालय अवधि तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- 29.09.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 29.09.2023 को अपराह्न 3.30 बजे ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण छात्रावास सं0-2, प्रथम तल्ला, धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग,पथ अचंल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची ।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:- क्रमांक 5 में अंकित स्थानों पर।
7. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | कोकर चौक (बिजली ऑफिस) से रिम्स पथ में सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2023-24. | 50,00,000 | 1,00,000 | 5,000 | 45 दिन |
| 2. | इटकी से ब्राम्बे माया रानी खटंगा पथ में साधारण मरम्मति, नाली निर्माण एवं कि0मी0 पोस्ट, रोड साईनेज आदि कार्य वर्ष 2023-24. | 50,00,000 | 1,00,000 | 5,000 | 45 दिन |
| 3. | बुढ़मू से मांडर पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2023-24. | 40,00,000 | 80,000 | 5,000 | 45 दिन |
| 4. | रॉची शहर के विभिन्न पथांशों में रोड सेफ्टी (स्पीड ब्रेकर, साईनबोर्ड इत्यादि सुरक्षात्मक) कार्य वर्ष 2023-24. | 50,00,000 | 1,00,000 | 5,000 | 45 दिन |
| 5. | सतीश चौक से पिस्का रेलवे स्टेशन मदर डेयरी पथ का सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2023-24. | 50,00,000 | 1,00,000 | 5,000 | 45 दिन |
| 6. | कांके बाजार टांड से मिल्लत कॉलोनी पथ में साधारण मरम्मती एवं नाली निर्माण कार्य वर्ष 2023-24. | 40,00,000 | 80,000 | 5,000 | 45 दिन |
| 7. | जामिया नगर से कडरू पथ में साधारण मरम्मति कार्य वर्ष 2023-24. | 30,00,000 | 60,000 | 5,000 | 45 दिन |
| 8. | एदलहातु पथ से ग्रीन पार्क पथ का सतहनवीकरण कार्य वर्ष 2023-24. | 40,00,000 | 80,000 | 5,000 | 45 दिन |

निविदा की शेष शर्तें http://prdjharkhand.in/online_tender.php एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट-बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के समय देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची

PR 306212 Road Construction Dept
Road Division Ranchi(23-24).D


### सरकारी योजना पंचायतो के जन-जन तक पहुंचना चाहिए: शशि मोहन सिंह

**दारू।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीस सूत्री क्रियान्यवन समिती की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह ने किया। सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय, बीपीओ स्वाति वर्मा के साथ-साथ अन्य विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सभा की शुरूआत पशुपालन विभाग से किया गया जिसमें भ्रमणशील पशु चिकित्सक विमला कुमारी ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत कुक्कुट,ब्रोलर, बकरा, गाय पालन इत्यादि कि विस्तृत जानकारी दिया साथ ही उन्होंने कहा कि अभी तक प्रखंड के जिनगा पंचायत की मुखिया के द्वारा ग्राम सभा कराकर इस योजना के लिए लाभुक का आवेदन मुझे प्राप्त हुआ अन्य किसी पंचायत से कोई आवेदन नहीं मिला है। तिलैया और हरली में अमूल और मेघा डेयरी खुलने से दुध कि मांग बढ़ी है,जिसका फायदा किसानो को मिलेगा । इसके बाद शिक्षा विभाग से रोहित केसरी ने स्कूलों में मध्यान भोजन, बच्चों के पोशाक एवं खाते से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया।बरकठा विधायक अमित यादव के विधायक प्रतिनिधि बसंत नारायण ने पुनाई स्कूल में मध्यान भोजन को लेकर बढ़ती जा रही अनियमितता एवम पानी टंकी के गंदे पानी से भोजन बनाने का आरोप लगाया जिसे लेकर अध्यक्ष ने संबंधित विभाग के प्रतिनिधि को फटकार लगाई। स्वास्थ्य विभाग से आलोक कुमार ने कहा कि 80% से भी अधिक फलेरिया के दवा का वितरण किया जा चुका है।

### पत्नी व बेटी की हत्या के मामले में पति को हुई फांसी की सजा

**हजारीबाग।** हजारीबाग व्यवहार न्यायालय हजारीबाग के जिला एवं सत्र न्यायाधीश 6 काशीका एम प्रसाद ने आरोपी पति को फांसी की सजा सुनाई। बताते चले की अंगिरा कुमारी नावाडीह पत्थलगड़ा चतरा निवासी की शादी आनंद कुमार दांगी के साथ बड़े ही धूमधाम से हुई थी जिसमें आनंद कुमार दांगी की एक लगभग दो वर्ष की बेटी भी थी। पत्नी 6 माह से गर्भवती थी इसी बीच आनंद कुमार दांगी की किसी अन्य स्त्री से अवैध संबंध हो गया जिसमें वह पत्नी बच्ची वह गर्भ में पल रहे बच्ची की हत्या करने की योजना बना डाला । आरोपी ट्रक का खलासी था । अपनी गाड़ी खड़ा करके उसने अपने घर के कुएं के पास पत्नी को बुलाया वहां पर पत्नी के साथ संबंध बनाया और कुल्हाड़ी से पत्नी की हत्या कर दी । इसी बीच उसकी 2 वर्ष की बच्ची आई उसे भी हत्या कर कुएं में डालकर फरार हो गया । इस बात की सूचना मृतक के पिता प्रीतम दांगी को हुई तो उन्होंने पुलिस को फोन कर कार्रवाई करने की मांग की। हत्या में जप्त कुल्हाड़ी को न्यायालय में पेश किया गया एवं आरोपी को भादवि की धारा 302 में दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई गई ।

# सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षा का अलख जगा रहे हैं पुन्नू राम

कृष्णा करमाली

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के लारीकलां पंचायत के छोटकी लारी निवासी सह सेवानिवृत्त शिक्षक पुन्नू राम नायक कई वर्षों से गरीब के बच्चों के बीच शिक्षा का दीप जला रहें हैं। गरीब और जरूरमतंद बच्चों के बीच शिक्षा का अलख जगाने के साथ साथ सामाजिक सरोकारों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी निभाते हैं पुन्नू राम। गरीब परिवार के बच्चों को कई वर्षों से निःशुल्क शिक्षा दे रहे पर्व-त्योहार के मौके पर सभी समुदाय के गरीबों की करते हैं मदद, वर्षों से कर रहे जरूरतमंदों की मदद. बताते चलें कि पुन्नू राम सेवाकाल से सेवानिवृत्ति के उपरान्त समाज और राष्ट्र सेवा में समर्पित एक आदर्श साधक जिन्होंने शिक्षा को अपना मिशन माना और लगभग 46 वर्षों तक इसके प्रचार-



सेवानिवृत शिक्षक पुन्नू राम नायक।

प्रसार में निरन्तर लगे रहे. छात्र जीवन में गाँव में निः शुल्क शिक्षा केन्द्र खोलकर गाँव के बच्चों को पढ़ाया। लगभग 5 वर्षों तक अनौपचारिक शिक्षा पर्वेक्षक के पद पर रहकर सुदूरवर्ती और जंगली क्षेत्रों में जहाँ शिक्षा का घोर अभाव था वहाँ व्यस्क एवं अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र चलाकर लगे हुए हैं। बच्चों से लेकर व्यस्क लोगों को शिक्षित और आदर्श नागरिक बनाने का कार्य किया। एक सरकारी आदर्श शिक्षक के रूप में लगभग तीस वर्षों के उपरान्त सेवानिवृत्त होने के वाबजूद भी अपने मिशन में जुटे रहे. पुन्नू राम का कहना है कि मेरा जन्म एक गरीब परिवार में हुआ है। मेरी पढ़ाई लिखाई बहुत कठिनाइयों से हुई है समाज, राष्ट्र और मानवता की सेवा मेरे जीवन का मिशन रहा है। मैंने 1973 में मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त गांव के बच्चों को निः शुल्क शिक्षा देना प्रारम्भ किया, तब मेरे गांव में एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय था। जहां गांव के बच्चे पढ़ते थे, लेकिन गरीब और दिहाड़ी मजदूर के बच्चे स्कूल बहुत कम जाया करते थे। उस समय ज्यादातर लोग पढ़ाई के प्रति जागरूक नहीं थे। मैंने जरूरतमंद बच्चों के लिए गांव में ही निःशुल्क शिक्षा देना शुरू की। जब शिक्षकों की लम्बी हड़ताल होती, तो उस अवधि में मैं, कृपाल महतो, दशरथ महतो और विष्णु महतो बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाया करते। इसी बीच जब मेरी नियुक्ति अनौपचारिक शिक्षा पर्यवेक्षक के पद पर हुई, तो मैंने सुदूरवर्ती और जंगली क्षेत्रों में जहां शिक्षा का घोर अभाव था वहां व्यस्क एवं अनौपचारिक शिक्षा केंद्र चलाकर बच्चों से लेकर व्यस्क लोगों को शिक्षित और आदर्श नागरिक बनाने का कार्य किया। सरकारी शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त होने के उपरांत भी मैं अपने गांव के स्कूल में निःशुल्क सेवा देता रहा हूं। यह मेरे सेवा काल का स्वर्णजयंती वर्ष है और हमें इस बात का गर्व है कि समाज, राष्ट्र और मानवता की सेवा में समर्पित अपना मिशन जारी है।

स्पीड न्यूज

## राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गुमला के खिलाड़ियों ने जीते 21 पदक



**गुमला।** खेलगांव में आयोजित 14वें राष्ट्रीय ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 में गुमला ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों ने कोच संगीता उरांव व मैनेजर शशि गोप के नेतृत्व में 8 स्वर्ण, 5 रजत एवं 8 कांस्य पदक प्राप्त कर झारखंड का नाम ऊंचा किया। जिसमें वंदना कुमारी, रीमा यादव, रितु उरांव, रिया यादव, तेजस आनंद, मनीता कश्यप, विनय कुमार, संगीता उरांव, सुमंती तिर्की ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि नीलिमा टोप्पो, निखिल खलखो, अभिषेक गोप, एनी किस्पोट्टा, ललिता कुमारी ने रजत पदक प्राप्त किया। आदर्श कुमार, आस्था कुमारी, प्रियंका कुमारी, त्रिशुत्री नाग, शिवानी कुमारी, संजय चीक बडाईक, श्रवण, अंश प्रसाद ने कांस्य पदक प्राप्त किया। मौके पर ताइक्वांडो संघ के महासचिव गुलाम अब्दुल कादिर एवं संघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चुंदरी मुखिया ने पंचायत सचिवालय में की समन्वय समिति की बैठक



**घाघरा।** चुंदरी पंचायत सचिवालय में मुखिया विनीता कुमारी की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक सोमवार को हुआ। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, आवंटन व सरकार से मिलने वाली प्रोत्साहन राशि व लाभ की जानकारी दी गयी। सरकारी या मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक के नामांकित बच्चों को प्रत्येक विद्यालय दिवस पर मीनू के अनुसार पका पकाया गर्म भोजन एवं नाश्ता का रूप में एक अंडा अथवा फल पाने का अधिकार है। आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिला एवं धातृ माता को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी दी। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि सभी योजना का सफल क्रियान्वयन आपसी समन्वय स्थापित कर किया जा सकता है। बैठक में उप मुखिया अजीत मनी पाठक, पंचायत सचिव कलेश्वर साहू, रोजगार सेवक रीना कुमारी, प्रधान संस्था से जगमनिया कुमारी, मोतीराम गोप, शिक्षक दुर्गा भगत, दशरथ सिंह, सुदीप उरांव, विजय गुप्ता, पुस भगत, डीलर रामप्रसाद साहू, बीना देवी, उमा देवी, आंगनबाड़ी सेविका सुनीता कुमारी, फूल कुमारी, जॉर्ज मनी देवी, सरस्वती देवी, सुखमनिया देवी आदि उपस्थित थे।

## राज्य कर संयुक्त आयुक्त गुमला और चेंबर ऑफ कॉमर्स की संयुक्त बैठक



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में राज्य कर संयुक्त आयुक्त गुमला श्री मिथिलेश कुमार सिंह के साथ उनके कार्यालय में चेंबर सदस्यों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में कर से संबंधित कई बिंदु पर चर्चा की गई। बैठक में राज्य कर संयुक्त आयुक्त मिथिलेश कुमार ने विशेष रूप से राज्य द्वारा लाये योजना के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें पहला किसी भी व्यवसायी के पास में पुराने वैट के समय का कोई भी कर बकाया है उसे आकर वो सेटलमेंट करके समाप्त कर लें। बहुत कम प्रतिशत राशि में भी इसे समाप्त कर दिया जाएगा। दूसरा यह कि राज्य सरकार द्वारा जो पेशा कर चलाया गया था। उसमें अभी भी बहुत कम लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसके लिए व्यापारियों को जागरूक किया जाए और रजिस्ट्रेशन करा कर पेशा कर जमा कराया जाए। ज्ञात हो कि पेशा कर बहुत ही कम प्रतिशत में तय किया गया है। किसी भी व्यापारी को कोई भी असुविधा होने पर चेंबर के पदाधिकारी से, अपने सीए से या सीधे हमारे कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। हर संभव सहयोग किया जाएगा। शीघ्र ही चेंबर कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कर विभाग के पदाधिकारी चेम्बर के पदाधिकारी और व्यापारी शामिल होंगे। चेम्बर अध्यक्ष श्री कसेरा ने व्यापारियों से आह्वान किया कि व्यापारियों को कर के मामले में बिल्कुल पारदर्शी रहना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष महेश कुमार लाल सचिन बबलू वर्मा कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज कार्यकारिणी के गुरमीत सिंह प्रदीप सोनी वह प्रतीक अग्रवाल आदि शामिल थे।

## जन्माष्टमी और चेहल्लुम पर्व को लेकर गुमला थाना में शांति समिति की बैठक



**गुमला।** जन्माष्टमी और चेहल्लुम पर्व को लेकर सोमवार को एसडीओ रवि जैन की अध्यक्षता में गुमला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दोनों पर्वों को शांति व सदभाव के माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर एसडीओ ने कह कि पर्व को लोग शांति व भाईचारे का माहौल में मनायें। वहीं बैठक में रमेश कुमार चीनी ने चेहल्लुम को लेकर जुलूस के दौरान शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश में रोक लगाने की मांग की गई। साथ ही जुलूस के साथ पानी टैंकर व एम्बुलेंस साथ रखने की अपील की। वहीं सड़क के टूटे हुए सड़कों की मरम्मत की मांग की। वहीं जन्माष्टमी पर्व पर पूजा वाले मंदिरों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की शांति समिति सदस्यों ने मांग रखी। सड़कों पर रात में आवागमन अधिक होने पर पेट्रोलिंग बढ़ाने की भी मांग की गई। बैठक में पर्व को आपस में मिलकर मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सीओ केके मुंडू, थाना प्रभारी निवोद कुमार भी थे।

## सनातन को खत्म करने की बात करनेवाले सभ्य समाज के दुश्मन : ओम प्रकाश सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह ने डीएमके नेता तथा मंत्री उदयनिधी की सनातन धर्म को खत्म करने को लेकर की गयी टिप्पणी को पागलपन की पराकाष्ठा बताते हुए घोर भर्त्सना की है। कहा कि सनातन को खत्म करने की बात करने वाले खुद खत्म हो जायेंगे। सनातन शास्वत है, इसे दुनिया की कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर सकती। डीएमके नेता सह राज्य के मंत्री उदयनिधी की इस अशोभनीय टिप्पणी पर मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करने वाले नेता की बोलती क्यों बंद हो गयी। विपक्षी गठबंधन के एक भी नेता ने इस वक्तव्य की अभी तक आलोचना नहीं की है। यह इस बात को प्रमाणित करता है कि धर्मविध गठबंधन में शामिल सभी लोग केवल तुष्टीकरण तथा वोट बैंक की राजनीति करते हैं। आने वाले समय में जनता सनातन विरोधी सारी शक्तियों को धाराशायी करेगी। उदयनिधी की टिप्पणी की निंदा करने वालों में ओम प्रकाश सिंह के अलावा सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ, भाजपा नेता संजय बर्मन, भाजपा ओबीसी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय पंकज, मिथुन तमेड़ा, बाल्मीकि कुमार, शशि भूषण सिंह, अवधेश मित्तल, निधिकांत प्रभाद, परमानंद कुमार, संजय चौधरी, नीरज कुमार थे।

# चैनपुर और डुमरी प्रखंड में छह नये सड़क निर्माण कार्य का सांसद सुदर्शन भगत ने किया शिलान्यास

- टांगीनाथ धाम सड़क निर्माण कार्य का भी हुआ शिलान्यास
- केंद्र सरकार की सोच है कि भारत के सभी सुदूर गांव शहरों से जुड़े : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़कों का शिलान्यास करते सांसद, पूर्व विधायक व अन्य।

**डुमरी/चैनपुर।** सांसद सुदर्शन भगत ने सोमवार को चैनपुर तथा डुमरी प्रखंड दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने छः नई सड़कों का शिलान्यास किया और अपने कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। सर्वप्रथम सांसद के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत टोंगो से दातरा होते हुए तिगावल को जोड़ने वाली सड़क तथा छतरपुर से टिंगटांगर को जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास किया। जिसके बाद भेलवातोला से केडेंग को जोड़ने वाली सड़क, जैरागी से जुरमु होते हुए दाबु इरावल सड़क एवं जैरागी से करौंधा छतीसगढ़ सीमा तक सड़क एवं टांगीनाथ मोड़ से टांगीनाथ धाम को जोड़ने वाली सड़क का विधिवत पूजा-अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। जिसके बाद डुमरी कॉलेज मैदान में एक सभा की गयी।

### क्या बोले सांसद सुदर्शन भगत

सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की आरंभ से ही सोच रही है कि भारत के सभी सुदूरवर्ती गांव शहर से जुड़े। जिसके लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सभी ऐसे गांव जहां सड़क एवं पुल नहीं है। वहां तेजी से निर्माण कार्य हो रहा है। आने वाले समय में चैनपुर एवं डुमरी क्षेत्रों में आने भी नई सड़कों का जाल बिछेगा। इधर सांसद सुदर्शन भगत का कार्यकर्ताओं ने जगह जगह फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं कार्यक्रम पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव, मिशिर कुजूर, भिखारी भगत, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुप चंद्र अधिकारी, मिशिर कुजूर, पिंटू सिंह, राजकुमार दीनबंधु, बालेश्वर सिंह, सत्यनारायण पटेल, विपिन सिंह, सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाइक, जिला मंत्री अवधेश प्रताप शहदेव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष भूषण केशव, महामंत्री विक्की साहू, शिवम केशरी, आईटी सेल प्रभारी शेखर चौधरी, मंत्री राजेश भगत, बसंत रोतिया, संतोष रोतिया, निखिल सिंह, रवि गोल्डी थे।

रसोई गैस की कीमत कम किये जाने को कांग्रेस ने ठहराया राजनीतिक स्टंट, दिया धरना

# रसोई गैस की कीमत कम करना राजनीतिक चाल : सुखदेव भगत

खबर मन्त्र संवाददाता



धरना पर बैठे कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

**गुमला।** रसोई गैस सिलेंडर में केंद्र सरकार के द्वारा दो सौ रूपये कम किये जाने को कांग्रेस पार्टी ने चुनावी स्टंट करार देते हुए सोमवार को गुमला कचहरी परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। धरना का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव ने किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि केंद्र सरकार ने ठीक चुनाव से पहले रसोई गैस सिलेंडरों के दाम में कमी कर अपनी चुनावी स्टंट लोगों के समक्ष प्रस्तुत की है। देश में महंगाई चरम पर है। कांग्रेस के शासनकाल से अधिक दामों में सिलेंडर उपभोक्ताओं को मिल रहा है। देश के पांच राज्यों सहित लोकसभा का चुनाव होने वाला है। जिसे देखते हुए सरकार ने अपनी राजनीतिक चाल चल दी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केवल लोगों दिग भ्रमित कर रही है। महंगाई इतनी है कि देश की जनता त्राहिमाम कर रही है। महंगाई के कारण गरीबों की थाली से सब्जी तक गायब हो गयी है।

### ये भी थे उपस्थित

मौके पर आशिक अंसारी, अकील रहमान, संतोष गुप्ता, आलोक साहू, खुदी भगत दुखी, विष्णु राम, मानिक चंद साहू, राजीव रंजन महतो, मो कलाम आलम, मुख्तार आलम, खालिद साह, भुनेश्वर राम, आजाद अंसारी, अनिल साहू, भैया राम उरांव, आशीष नाथ शाहदेव, साबिर फ्रांस, अजित केरकेट्टा, निरंजन बड़ा, मनीष तिर्की, पतरस होरो, बेलसाजर मिंज, सुधीर कुजूर, जय सिंह, अनीता खलको, अंजली कुमारी, जयंती टोप्पो, राजनिल तिग्गा, विमल किशोर एक्का, साहेब वंशीम, अलबन बखला, प्रदीप खलखो, सलीम टोप्पो, बसंत मुंडा, एतवा मुंडा, मोखतार आलम, मो सदाब, अरुण गुप्ता, तरुण गोप, पतरस होरो, दोरथिया तिर्की, राजेश टोप्पो, पुष्पा टोप्पो, राजु उरांव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कस्तूरबा भंडरा की छात्राओं से कराया जा रहा है जान जोखिम में डालने वाला काम

- दो तल्ला बिल्डिंग में बिना सुरक्षा के चढ़ाकर साफ कराया जा रहा है पेड़ पौधों को

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भंडरा के शिक्षिकाओं के द्वारा संभावित खतरा को नजर अंदाज कर खतरनाक काम भी छात्राओं से कराया जाता है। शिक्षिकाओं के द्वारा काम के दरमियान किसी तरह की घटना की परवाह किए बगैर खतरनाक काम कराए जाने से छात्राओं के अभिभावकों में रोष देखा जा रहा है। अभिभावकों का कहना है कि वह अपने बच्चों को पढ़ने के लिए विद्यालय में भेजे हैं ना की विद्यालय के खतरनाक कामों को करने के लिए विद्यालय में भेजें हैं। शिक्षिकाओं के द्वारा छात्राओं से जिस तरह से खतरनाक काम कराया जाता है इसे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। 4 सितंबर को छात्राओं से बिल्डिंग के ऊंचे ऊंचे दीवारों में उग आये पेड़ों को शिक्षिकाओं ने कटवाया छात्राएं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के दो मंजिला भवन के ऊंचे ऊंचे दीवारों में चढ़कर दीवारों में पेड़ों को कटवाया जा रहा है।

### नहीं मिले मजदूर, तो छात्राओं से ही काम कराया



विद्यालय की प्रभारी वार्डन श्रद्धा कुमारी कार्य कराने को स्वीकार कर रही है। विद्यालय के अकाउंटेंट अर्पण तिवारी ने बताया कि विद्यालय में राज्य स्तरीय टीम का निरीक्षण होना था। इसके लिए विद्यालय में साफ सफाई चल रहा है। मजदूर नहीं मिलने से छात्राओं से दीवार में उगे पेड़ों को कटवाया गया। विद्यालय की साफ सफाई सहित मेंटेनेंस के लिए सरकार प्रतिवर्ष नियमित आवंटन देती है। बावजूद छात्राओं से काम करवाया जाना गंभीर मामला है। अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय पढ़ने शिक्षिकाओं के भरोसे भेजते हैं परंतु शिक्षिकाओं के द्वारा छात्राओं से इस तरह का काम करवाया जाना अभिभावकों के विश्वास को खराब करना ही बताया जा सकता है।

## विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल विद्या मंदिर के भैया बहनों का परचम

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में गुमला विभाग से गुमला, रायडीह, कैंबा टेंगरिया और लोहरदगा संकुल के चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। विज्ञान प्रश्न मंच के बाल एवं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, संगणक के बाल एवं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, अंग्रेजी के बाल एवं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, विज्ञान पत्र वाचन के बाल एवं किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, त्वरित भाषण के किशोर वर्ग में प्रथम स्थान, वैदिक गणित के बाल एवं किशोर वर्ग में द्वितीय स्थान, संस्कृत के बाल वर्ग में द्वितीय एवं संस्कृति बोध के किशोर वर्ग में भैया बहनों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्या मंदिर ने पूरे गुमला विभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के भैया बहनों द्वारा प्राप्त इस उपलब्धि पर प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल भी थे।

## पिता की हत्या कर बेटे ने शव को जमीन में गाड़ा, गिरफ्तार, भेजा जेल

- दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव को जमीन से निकाला गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**जारी।** पिता सुखदेव बड़ाईक की हत्या कर शव को जमीन में दफना देने के आरोपी जारी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गाँव निवासी 32 वर्षीय कमलेश चीक बड़ाईक को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। वहीं मृतक के शव को दंडाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की उपस्थित में जमीन से बाहर निकाला गया। इस संबंध में थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि मृतक सुखदेव बड़ाईक को गांव में नहीं देखने पर ग्रामीणों ने बेटे से पूछताछ किया। जिसपर बेटे पिता के बाहर जाने की बात कही। ग्रामीणों ने बेटा कमलेश चीक बड़ाईक से थाने में शिकायत करने की बात कही तो वह घबराने लगा। जिसके बाद मामले की जानकारी ग्रामीणों ने थाना को दी। सूचना मिलते ही थानेदार मनीष कुमार बारवाडीह गांव पहुंचे और पुत्र कमलेश चीक बड़ाईक को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की तो हत्या करने की बात कबूली।

## कृषक मित्रों की बैठक आज

**कैरो।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को 11 बजे कृषक मित्रो का आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमे सभी कृषक मित्रों की उपस्थिति अनिवार्य है। साथ में अपने साथ भरे हुए केसीसी आवेदन, केसीसी सर्वे रिपोर्ट, टपक सिंचाई प्रणाली का आवेदन, एन एफ एस एम योजना के अंतर्गत स्प्रे मशीन, पंपसेट का आवेदन भी साथ लाने का निर्देश दिया गया है। इसकी जानकारी प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी विजय अलोकित रूंडा ने दिया।

## नया माता समिति गठित करने का लिया निर्णय

**भंडरा।** राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोरंदा के माता समिति एवं प्रबंधन समिति सहित ग्रामीणों की बैठक विद्यालय परिसर में प्रबंधन समिति अध्याछ रेखा देवी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में बच्चों को दी जाने वाली मध्यान भोजन में रोजाना आ रही शिकायत का चर्चा की गई इस क्रम में बैठक में प्रबंधन समिति एवं ग्रामीण ने निष्कर्ष निकला की माता समिति एवम संजोजिका के लापरवाही के कारण मध्यान भोजन में गुणवत्ता का अनुपालन नहीं हो रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि संजोजीका बीते 12 वर्षों से विद्यालय में संजोजीका के पद पर है। जबकि संजोजिका का कोई भी बच्चा विद्यालय में नहीं पड़ रहा है। इस तरह प्रबंधन समिति एवं ग्रामीणों ने निष्कर्ष निकला की माता समिति को भंग कर नया माता समिति का चयन कर विद्यालय में सुचारू रूप से मैं ध्यान भोजन संचालित किया जाए इस बैठक में प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## जूम मीटिंग एप से खनन टास्क फोर्स की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज सोमवार को जूम मीटिंग एप के माध्यम से खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बीते दिनों में अवैध बालू उठाव, परिवहन को लेकर थाना स्तर से की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। प्रखण्डवार कार्रवाई व आर्थिक दंड की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से अवैध बालू उठाव,परिवहन, चिप्स-पत्थर का अवैध खनन,परिवहन, बॉक्साईट का अवैध खनन,परिवहन संबंधी जांच का कार्य किया जाय। साथ ही, एनजीटी के द्वारा पारित आदेश का भी पालन किया जाय। जिस भी थाने में कार्रवाई होती है उस पर आगे की कार्रवाई के लिए सहायक खनन पदाधिकारी को सूचित किया जाय। जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) प्रमेश्वर प्रसाद, सहायक खनन पदाधिकारी राजा राम प्रसाद, समेत सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी और सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## जारी प्रखंड उप प्रमुख सरिता देवी के निधन से शोक की लहर

- ब्लॉक परिसर में मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा, बंद रहाप्रखंड कार्यालय

खबर मन्त्र संवाददाता



**जारी।** प्रखंड उपप्रमुख सरिता देवी का सोमवार को रांची रिम्स अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर पूरे प्रखंड में शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना पर ब्लॉक में मृत आत्मा की शांति के लिए शोक सभा का आयोजन कर ब्लॉक बंद कर दिया गया। उपप्रमुख सरिता देवी हमेशा गरीबों और असहाय लोगों के साथ डटकर खड़ा रहती थी और दूसरों को मदद भी करती थी। एक वह दो महीनों से लगातार बीमारी से लड़ रही थी। उप प्रमुख के निधन पर बीडीओ सुमन गुप्ता और प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा के द्वारा प्रखंड सभगार में सभी प्रखण्ड कर्मियों के साथ मिलकर 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

## विशालकाय पेड़ गिरने से घर हुआ क्षतिग्रस्त

**जारी।** प्रखंड के जरडा निवासी चुनमुनिया देवी का घर फुटकल का पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित चुनमुनिया देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार शाम में तेज आंधी पानी और तुफान आया। जिससे विशालकाय फुटकल का पेड़ उखड़कर सीधे घर में गिर गया। पेड़ गिरने से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। जानकारी मिलते ही स्थानीय मुखिया विनय एक्का और ग्राम प्रधान महेश्वर बैगा पीड़ित परिवार के घर पहुंच हर संभव सरकारी मदद का भरोसा दिया।

## किसान हुए जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कैरो।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड सरकार द्वारा जिला कृषि विभाग सह आत्मा के तत्वाधान में सोमवार को प्रखंड के नारौली में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों के बीच नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना, प्रधानमंत्री टपक सिंचाई योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य जांच, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सहित कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने और संचालित करने की जानकारी को नाटक के माध्यम से बताया गया। जिसमें प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी विजय अलोकित रूंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के लिए किसानों को बढ़-चढ़ कर लाभ उठाने की जरूरत है।

# एलपीजी गैस में ₹200 की कटौती को राजनीतिक स्टंट बता कांग्रेस का धरना

- पांच राज्यों में होने वाले चुनाव को लेकर घटाया गया है रसोई गैस का दाम : डॉ अजय शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता



धरना देते कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार मोदी सरकार द्वारा एलपीजी गैस में ₹200 की कटौती को राजनीतिक स्टंट बताते हुए इसे आम जनता की बीच पदार्फाश करने के लिए जिला मुख्यालय समाहरणालय के समीप जिला कांग्रेस द्वारा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद की अध्यक्षता में कि गयी। मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है। केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है ,क्या यह आश्चर्य की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी जी जिन्होंने एलपीजी सिलेंडर सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की कीमत में अत्यधिक वृद्धि के कारण आम जनों की पीड़ा की कभी परवाह नहीं की और वर्षों बाद चुनाव के नजदीक आने पर उन्हें जनता की दर्द का एहसास हुआ और रसोई गैस सिलेंडर की कीमत ₹200 कम कर दी। रसोई गैस की कीमत 2014 से लगातार बढ़ी है और पिछले 7 वर्ष में दुगने से ज्यादा हो गयी।

**खास बातें :** प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय शाहदेव ने कहा कि एलपीजी सिलेंडर की कीमत में ₹200 की कटौती मोदी सरकार ने आगामी पांच राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकसभा में मतदाताओं को लुभाने के लिए एक राजनीतिक स्टंट है। गैस सिलेंडर अभी महंगा है मगर भाजपा ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया। मोदी सरकार ने गैस सिलेंडर सस्ता नहीं किया है बल्कि महंगाई का बेंचमार्क बदल दिया गया है, मोदी जी यह जुमला बना रहे हैं कि रक्षाबंधन के अवसर पर महिला बहनों को यह तोहफा दिया गया।

आकांक्षी प्रखंड डुमरी के सर्वांगीण विकास को लेकर बैठक

# स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



डुमरी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी व अन्य।

**डुमरी।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में सोमवार को डुमरी प्रखंड कार्यालय सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक में आकांक्षी प्रखंड डुमरी के विभिन्न विभागों के ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने डुमरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अलग-अलग स्तरों पर बिजली कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालयों की स्थिति तथा छात्रावास की स्थिति की समीक्षा की। इसी प्रकार डुमरी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अलग-अलग संकेतकों के अनुसार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण, खरीफ तथा रबी फसलों की उत्पादकता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण आदि की समीक्षा की।

## स्पीड न्यूज

### जिप उपाध्यक्ष ने किया रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का उद्घाटन

**इटखोरी।** इटखोरी-चौपारण रोड स्थित जैन पेट्रोल पंप के समीप रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने रिबन काटकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो का उद्घाटन किया। जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी शुभारंभ क्षेत्र वासियों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होगा। म्यूजिक और डांस में रूचि रखने वाले युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। उन्होंने रोमियो रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी टीम को शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय कलाकारों को गाने की रिकॉर्डिंग के लिए अब बड़े शहर में नहीं जाना पड़ेगा। उद्घाटन समारोह में पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, जिप सदस्य सरिता देवी, डीएसपी केदार नाथ राम, रंजन भारती, भरत साव और रिकॉर्डिंग स्टूडियो व डांस एकेडमी का टीम उपस्थित थे।

### जिप सदस्य ने किया फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बड़गांव पंचायत अंतर्गत खैरागढ़ा में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव द्वारा फीता काट व बॉल का किक मारकर कर किया गया।उद्घाटन मैच देवलगाड़ा बनाम मासीलौंग टीम के बीच खेला गया।टूनार्मेंट में सोलह टीमो ने भाग लिया है। मुख्य अतिथि सुभाष यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा खेल के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकते है बस लगातार कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पढाई के साथ साथ खेल के क्षेत्र में जगह बनाए जिला परिषद से पूरा सहयोग मिलेगा। इस मौके पर कासीम अंसारी, उप मुखिया राहम मोहन उराव, अशोक उरांव, प्रेम यादव, गगला उरांव मुकेश उरांव उपस्थित थे।

### विधायक ने किया जापान की केंजेन वाटर मशीन का उद्घाटन

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा व्यवसाय सह प्रोपराइटर कौलेश्वर प्रसाद गुप्ता के आवास पर सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास एवं टंडवा व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष विकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काट कर केंजेन वाटर मशीन का उद्घाटन किया। इस मौके पर कम्पनी डिस्टिब्यूटर रवि कश्यप, महेश राम प्रभात एवं डॉक्टर वेद प्रकाश ने उपस्थित लोगों को केंजेन वाटर सह मेडिकल डिवाइस से निकलने वाले शुद्ध पेयजल से सम्बंधित जानकारी एवं डेमो के साथ विस्तार पूर्वक बतलाया। मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बबलू गुप्ता एवं मंजूर आलम रंजीत गुप्ता संकर गुप्ता रामोतार साहू नत्थू प्रसाद गुप्ता एवं दशरथ गुप्ता समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थें।

### सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ने महाप्रबंधक वित्त से किया मुलाकात

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधि मंडल ने सीसीएल के महाप्रबंधक वित्त से रांची कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान एरियर भुगतान में हुई गड़बड़ियों को लेकर चर्चा किया गया तथा तत्काल इसमें सुधार कर भुगतान करने की मांग किया गया। जिस पर महाप्रबंधक वित्त ने 15 दिनों के अंदर समस्या समाधान करने की अश्वशन दिया।प्रतिनिधि मंडल में सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री राजीव रंजन सिंह मुख्यालय सचिव अनूप कुमार सिंह मुख्यालय अध्यक्ष शशि कुमार एवं राजकुमार फुलाडिया उपस्थित थें।

### उच्च न्यायालय मानवाधिकार व लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय मानवाधिकार (राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए उप विकास आयुक्त ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब निष्पादित करने की बात कही। बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक,कार्यपालक दंडाधिकार सह विधि शाखा प्रभारी बिपिन कुमार दुबे, अंचल अधिकारी समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### चतरा शहर से टेम्पो चोरी करने वाले नाबालिग समेत पांच गिरफ्तार

**चतरा।** अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। एसपी राकेश रंजन द्वारा सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने वाहन चोरों के गिरोह का पदार्फाश करते हुए नाबालिग समेत पांच शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही शहर से चोरी हुआ टेम्पो का पार्ट्स हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र से बरामद किया है। गिरफ्तार चोरों में जिनारूल शेख पिता अताहर शेख ग्राम पोतपुर जिला मुर्शिदाबाद (प)बंगाल), वर्तमान में ग्राम पितिज थाना इटखोरी चतरा, राजेश प्रसाद पिता स्व० चमारी साव ग्राम ताजपुर चौपारण हजारीबाग, रोहित कुमार उर्फ टिरा पिता संजीव कुमार ग्राम चौर मुहल्ला कठोतिया चतरा, अंकुल तिवारी पिता स्व0 जगदीश तिवारी ग्राम लाईन मुहल्ला चतरा एवं एक निरुद्ध (बालक) शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक राकेश रोशन ने बताया कि दिनांक- 03 .09 .2023 को शहर के गुदरी बजार निवासी ओमप्रकाश केशरी पिता स्व० शंकर प्रसाद केशरी के द्वारा अपने टेम्पु चोरी होने से संबंधित आवेदन दिया गया था। इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कारवाई करते हुए पु०नि० सह थाना प्रभारी मनोहर करमाली के नेतृत्व में एक एस0आई0टी0 टीम का गठन किया। उक्त एस0आई0टी0 टीम के द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर चोरी गई टेम्पु का कुछ कट्टा हुआ भाग चौपारण के नरैना जंगल से एवं राजेश कुमार के चौपारण स्थित कबाडी दुकान से कटा हुआ ईंजन बरामद किया गया एवं कांड में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया गया एवं वही एक निरुद्ध किया गया।

अवैध खनन परिवहन व भंडारण करने वालों के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान, अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

# किसी भी परिस्थिति में खनिजों का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी अबु इमरान के निदेर्शानुसार अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण करने वालो के विरुद्ध बीते रविवार को देर रात तक छापेमारी अभियान चलाया गया।

अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास ने बताया उपायुक्त के निदेर्शानुसार अनुमण्डल स्तरीय खनन टास्क फार्स के द्वारा खनन क्षेत्र में कई वाहनों की जांच की गई है। जांच के क्रम में टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत चिरैयाटांड़ (दामोदर पुल के पास) वाहन संख्या-जेएच01क्यू-9032 ट्रक



एवं जेएच02एटी-3363 ट्रक जो कोयला से लोडेड था तथा वगैर तिरपाल ढके हुए अवस्था में था, इसकी जांच-पड़ताल की गई। जांच के क्रम में इस वाहन के चालक द्वारा किसी भी प्रकार का कागजात नहीं दिखाया गया तथा यह बताया गया कि अशोका परियोजना से यह कोयला बचरा साईडिंग ले जाया जा रहा है और कोई भी कागजात वाहन में नहीं पाया गया। पिपरवार थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी, टण्डवा भी जाँच की प्रक्रिया में शामिल थे। किसी भी प्रकार का वाहन में कागजात नहीं रहने तथा चालक द्वारा इसे नहीं दिखाये जाने के कारण वाहन को संदिग्ध अवस्था में पाकर इसे थाना प्रभारी, पिपरवार की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है।

आगे उन्होंने बताया कि अवैध रूप से नदी घाटों से बालू उठाव करने वालो के भी विरुद्ध सभी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा देर रात तक नदी घाटों पर औचक छापेमारी अभियान चलाया गया है। अवैध खनन परिवहन व भंडारण करने वालों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

## मझिआंव प्रखंड आकांक्षी प्रखंड घोषित, चिंतन शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किए जाने के बाद प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी राजेश कुमार राय, सीएस डा. अवोश कुमार सिंह, प्रमुख आरती दुबे, बीडीओ नितेश भास्कर एवं सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि गढ़वा जिले में एक मात्र मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया है। हालांकि कई अन्य प्रखंड काफी पिछड़े हुए प्रखंड हैं, लेकिन भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा देश में घोषित पांच सौ प्रखंडों में मझिआंव प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, पेयजल, सैनिटेसन, फाइनेंसियल इनक्लूजन एवं सोशल डेवलपमेंट सहित कई विभाग हैं। जिनमें विकास से संबंधित




शिविर का उद्घाटन करते डीसी

योजनायें चल रही हैं, लेकिन क्या सही मायने में गरीबों तक इसका लाभ दे पा रहे हैं? उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि बीमार भी यहीं हैं और डॉक्टर भी यहीं हैं और सारे संसाधन भी उपलब्ध है। तो क्या हम लीक से हटकर कुछ अलग हट कर उसका उपयोग नहीं कर सकते। ताकि लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। सरकार योजनायें ला रही है लेकिन उससे रोजगार हो रहा है कि नहीं, यह देखना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का स्ट्रक्चर बदल रहा है कांसेप्ट यह चल रहा है कि बच्चे पढ़कर निकल रहे हैं तो वे क्या कर रहे हैं। डीसी ने सभी मुखिया को कहा कि पंचायतों में विकास योजनाओं की स्थिति ठीक नहीं है। मुखिया जनता के प्रति उदासीन हैं। कोई भी योजना ठीक से संचालित नही हो रहा है, ऐसा नहीं होना चाहिए। जिस तरह मझिआंव प्रखंड का नाम विकास के क्षेत्र में राज्य में एक नंबर है उसी तरह पंचायतों का भी होना चाहिए। चिंतन शिविर में उपस्थित अन्य सभी विभागों से अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। मौके पर जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश कुमार निशांत, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील दास सहित सभी कार्यालय कर्मी, सहिया, सेविका एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

### आर्य समाज के लोगों के साथ हो रहा है अन्याय : सत्येंद्रनाथ

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने झामुमो पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि मंत्री गढ़वा को खंडहर बना चुके हैं। बाहर से आकर लोग गढ़वा को लूटने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि रामासाहु आर्य वैदिक उच्च विद्यालय के लिए गढ़वा के लोगों ने जमीन दान दिया था, तब विद्यालय का निर्माण कराया गया था। लेकिन वर्तमान में सत्तासीन झामुमो सरकार में बैठे मंत्री नाम बदलकर गढ़वा के इतिहास को मिटाने में लगे हुए हैं। आर्य समाज के लोगों के साथ भारी अन्याय हो रहा है। हम आर्य समाज के लोगों के साथ खड़े है। श्री तिवारी ने कहा कि गढ़वा में सारे नियम कानून को ताक पर रखकर मनमाने तरीके से कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि खेल स्टेडियम बनाने के नाम पर कन्या मध्य विद्यालय के जमीन का बंदरबांट किया गया। खेल स्टेडियम मानक के अनुसार नहीं बनाया गया है। वहीं हद तो तब हो गई जब विद्यालय के जमीन पर नगर परिषद द्वारा दुकान बना दिया गया है। आखिर विद्यालय के जमीन में नगर परिषद व्यवसायिक काम कैसे कर सकता है। आखिर उस दुकान का भाड़ा कौन लेगा। वही गोविंद हाईस्कूल के मैदान में भी नगर परिषद द्वारा अवै निर्माण कराया गया, विद्यालय से एनओसी भी नहीं लिया गया है। किसी भी सरकारी विद्यालयों के जमीन के मालिक राज्यपाल होते हैं। ईस्ट इंडिया कंपनी के तर्ज पर गढ़वा को खुलेआम लूटा जा रहा है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरु

**रंका।** प्रखंड के राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए दो दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दो मिनट का मौन, शांति पाठ एवं अभियान गीत के साथ की गई। मौके पर संकुल साान सेवी सह प्रशिक्षक देवेंद्र नाथ उपाधाय ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण पूर्व मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्य एवं दायित्व के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी विधिवत जानकारी दी।

### जविप्र लाभुकों ने किया उपायुक्त का घेराव

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के मनमानी रवैयों से छुब होकर उपायुक्त शेखर का घेराव किया। बताते चलें कि मझिआंव प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में सोमवार को चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। लाभुकों ने डीसी से जांच कर कार्रवाई करते हुए राशन दिलवाने की मांग की।

डीसी ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को दी बधाई, कहा

## शिक्षकों का सम्मान करें छात्र, क्योंकि छात्रों का भविष्य शिक्षक ही बढ़ाते हैं





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डीसी मेगा भारद्वाज ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को बधाई दी है और अपने छात्र जीवन की चर्चा की। उन्होंने बातचीत के दौरान कहा है कि जो शिक्षक लिस्ट सवालों को समझाएं वह छात्र की निगाहों में महान होते हैं, उन्होंने अपने मैसेज में यह भी कहा कि छात्र शिक्षकों का सम्मान करें, क्योंकि वह छात्रों के भविष्य को बढ़ाते हैं। इस बीच यदि किसी भी छात्र को डांटते हैं तो इस डांट को दिल से ना लें बल्कि उनका दिल से सम्मान करें। उन्होंने अपने छात्र जीवन पर रौशनी डालते हुए कहा कि कॉलेज जीवन के पूर्व वह महज औसत छात्र रही, लेकिन कॉलेज छात्र जीवन में प्रवेश करते ही शिक्षा के महत्व को समझ पाई। दिल्ली यूनिवर्सिटी में दाखिला के बाद शिक्षक मुरलीधर के सानिध्य में आने पर मेरी पूरी जीवन ही बदल गई। श्री मुरलीधर ने मेरी जीवन को बदलने में बड़ी भूमिका निभाई। वहीं डीसी मेघा भारद्वाज के मुताबिक प्रारंभिक से लेकर ग्रेजुएशन तक विश्व नामकुम रांची से शिक्षा हासिल की है, जबकि संत जेवियर से कॉलेज की शिक्षा ग्रहण किया है। वहीं मास्टर डिग्री दिल्ली यूनिवर्सिटी से ली है। शिक्षक दिवस पर कोडरमा के डीडीसी ऋतुराज ने बातचीत में कहा है कि किसी भी छात्र को मंजिल दिलाने में शिक्षकों का अहम योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि स्कूल से लेकर कलेज तक उन्हें शिक्षकों का मार्गर्शन मिलता रहा। इसके कारण उन्हें मंजिल मिल सकी। उन्होंने कहा कि बच्चों को भी शिक्षकों को ईश्वर के रूप में देखते हुए उनके बताए मार्ग पर चलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक हीं बच्चों के सही मार्गदर्शक होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नई पीढ़ी के बच्चों को सही मार्गदर्शन करानी चाहिए, ताकि वे एक सफल नागरीक बनकर देश की सेवा कर सके। उन्होंने कहा कि छात्र भी शिक्षकों की बातों को एग्नोर न कर उनके सही मार्गदर्शन को आत्मसात कर ही आगे बढ़ सकते हैं।

बिनिता देवी हत्या कांड में न्याय की गुहार लगाने एसपी कार्यालय पहुंचे दो अनाथ बच्चे

## ब्लाइंड मर्डर : अपराधी को 24 घंटो में किया जायेगा गिरफ्तार: एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** गिद्धौर थाना कांड संख्या-58/2023, दफा 302, 201, 34 भा0द0वि० के तहत फरार अभियुक्त के गिरफ्तारी को लेकर चन्दर भुईयां पिता स्व० विराज भुईयां, ग्राम-बारीयातु टोला मसुरिया, थाना गिद्धौर ने लिखित आवेदन दे कर दोषियों पर करवाई का आग्रह किए।

अनाथ दो बच्चे अनिल कुमार भुइया, अमित कुमार भुइया के उज्वल भविष्य के लिए पुलिस कप्तान राकेश रंजन से आग्रह किए। मामला बिनिता देवी को बलात्कार एवं हत्या कर गांगपुर बनखेता जंगल में लाश की मिट्टी से छिपा दिया गया था। जिसका शव दिनांक 15.08.2023 को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। उपरोक्त घटना करने में गाँव का ही



उपेन्द्र यादव पिता कुंजिल यादव का हाथ था उपेन्द्र यादव के खिलाफ मृतका बिनिता देवी पूर्व में थाना प्रभारी गिद्धौर एवं महिला थाना प्रभारी चतरा को आवेदन दी थी कि मेरे पति स्व० रोहन भुईयां की हत्या उपेन्द्र यादव एवं अन्य के द्वारा कर दिया गया है, लेकिन उपरोक्त पदाधिकारीगण बिनिता देवी के आवेदन पर संज्ञान नही लिए,इसी दूश्मनी के कारण बिनिता देवी की हत्या उपेन्द्र यादव के द्वारा कर दिया गया तथा लाश छुपाने के उदेश्य से गांगपुर बनखेता जंगल के नाले में डाल कर उपर से मिट्टी डाल दिया गया। जिस समय ग्रामीण बिनिता का लाश देखा गया था तो उस समय निवस्त्र स्थिति में थी। मैं उपरोक्त बातों को गिद्धौर थाना प्रभारी महोदय को बताया हूँ, फिर भी पुलिस उसे आजतक गिरफतार नही किए है। जिसके कारण पूरा परिवार भय के साए में जी रहे है। बिनिता का दो छोटा छोटा बेटा और मेरा परिवार काफी भय में जी रहें है। चंद्र भुइया ने पुर्ण विश्वास के साथ बोल रहे थे की उपेन्द्र यादव एवं अन्य लोग मेरे भाई,स्व० रोहण भुईयां एवं स्व० बिनिता देवी के द्वारा हत्या किया गया, मृतिका के भाऊ ने आवेदन दे कर न्याय दिलाने के लिए बच्चो के साथ पुलिस कप्तान राकेश रंजन से मिलने अखिल भारतीय भुइया समाज कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष उमेश भारती , बारीयतु के पूर्व मुखिया बिरेंद्र भारती वर्तमान पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर भुइया,राजेंद्र भारती पीड़िता के दो पुत्र सहित अन्य समाज के लोग के साथ मिल कर सारी बात को रखे। इन सभी को पुलिस कप्तान ने भरोसा दिलाए की अपराधी कोई भी हो और जितना दूर छिपा हो उसे पुलिस ढूंढ निकालेगी।

## एक नजर में

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ




संबोधित करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड सभागार में सोमवार को वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, बीडीओ प्रवेश कुमार साव, प्रशिक्षक दीपक कुमार तिवारी, प्रखंड समन्वयक रश्मि लकड़ा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर दिया। शिविर में पढ़ुआ, लोवादाग, तेनार एवं संगवरिया पंचायत के 45 वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्यों और अधिकारों के विषय पर जानकारी दी जाएगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने सभी वार्ड सदस्यो को सभी विषयों को समझ कर अपने क्षेत्रों में काम करने की बात कही। उन्होंने कहा प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वार्ड सभी सदस्य अपने वार्ड को नंबर वन बनने का काम करेंगे। जिससे आपका नाम एक अच्छे प्रतिनिधि के रूप में विख्यात हो। बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने कहा कि वार्ड सदस्य प्रशासन की छोटी इकाई हैं जो गांव का प्रतिनिधित्व करते हैं। पंचायत में वार्ड सदस्यों की क्या भूमिका होनी चाहिए, इन्हें पंचायत अधिनियम के तहत कौन-कौन से अधिकार दिए गए हैं, कार्य करने का क्या तरीका है, जिसकी जानकारी दी जाएगी।

उद्घाटन सत्र के बाद प्रशिक्षक दीपक कुमार तिवारी द्वारा बिंदुवार वार्ड सदस्यों को पंचायती राज अधिनियम की जानकारी दी गई। मौके पर सचिव दिव्या कुमारी, प्रखंड नजीर सुनील कुमार, सहायक रिजवान अख्तर, आशिक अंसारी, नबीज अंसारी, मंजय वियार, मीना देवी, जितेंद्र कुमार सिंह, महेंद्र पासवान, अनिल प्रसाद यादव, अर्चना देवी, सविता देवी, फुल कुमारी देवी, सुनील राम, सुषमा देवी सहित कई वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### विधायक डॉ.नीरा यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आगामी आठ सितंबर को डोमचांच के सीएम उच्च विद्यालय स्थित मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा को पूरी तरह सफल बनाने को लेकर विधायक डॉ. नीरा यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें कोडरमा ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों, पंचायत प्रभारियों, पंचायत संयोजक, सह संयोजक आदि शामिल हुए। वहीं विधायक ने संकल्प यात्रा को लेकर अब तक हुई तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि आठ सितंबर को डोमचांच मैदान में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जनसभा को संबोधित करेंगे, इस संकल्प यात्रा को पूरी तरह सफल बनाना है। कार्यक्रम में पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं के अलावा भारी संख्या में आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए लोगों को प्रेरित करें।

वहीं सोमवार को विधायक डॉ. नीरा यादव लगातार क्षेत्रों का दौरा कर संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर सतगावां, डोमचांच नगर एवं डोमचांच ग्रामीणों के साथ समीक्षा बैठक किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामचंद्र सिंह, दिनेश सिंह, वीरेंद्र यादव, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव, सुधीर यादव, शिवलाल सिंह, विजय सिंह, संजीव यादव, सुरेंद्र राजवंशी, सुनील मण्डल, रमेश यादव, राजेश यादव, शिला देवी, मुकेश मण्डल, संतोष राणा, मंटू कुमार, प्रमोद श्रीवास्तव, महेंद्र ठाकुर, संजय यादव उमेश यादव, काशी पंडित आदि मौजूद थे।

### विधानसभा अध्यक्ष ने किया जिला शिक्षा पदाधिकारी को सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मैट्रिक व इंटर की बोर्ड परीक्षा में पूरे राज्य में कोडरमा जिला को प्रथम स्थान मिलने पर रांची में जैक द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में विधानसभा सभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने डीइओ नयन कुमार को सम्मानित किया। वहीं डीइओ नयन कुमार ने कहा कि यह सम्मान पूरे कोडरमा जिला के वासियों और अधिकारियों के लिए है। उन्होंने कहा कि जिले में चले प्रोजेक्ट रैल और प्रोजेक्ट इंपैक्ट के कारण इस वर्ष कोडरमा जिला सिर्फ मैट्रिक, इंटर बोर्ड के अलावा आठवीं, नदमी और ग्यारहवीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट में भी पूरे राज्य में अव्वल रहा है और इसका सारा श्रेय तत्कालीन उपायुक्त के अलावा प्रोजेक्ट रैल और प्रोजेक्ट इंपैक्ट से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मियों जिले के शिक्षकों और छात्र छात्राओं को जाता है। उन्होंने कहा कि इस सम्मान को बरकरार रखने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। मौके पर विधायक दीपिका पांडेय, जैक अध्यक्ष अनिल महतो समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप

**कोडरमा।** शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है। मामला तिलैया थाना क्षेत्र के बजरंग नगर का है। इसे लेकर पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस को दिए गये आवेदन में पीड़िता ने कोडरमा थाना के ग्राम चिगलाबार निवासी विवेक पासवान पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। वहीं पीड़िता ने कहा है कि जब उसने शादी करने के लिए बोली तो वह शादी करने से इंकार कर दिया। वहीं जब फोन करती हैं तो आरोपी विवेक पासवान व उसके परिजन भाभी पिंकी देवी अभद्र तरीके से बात करती है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र गिद्दी मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रंजीत विश्वकर्मा 18 वर्ष पिता संजय विश्वकर्मा ग्राम बेसरा थाना बारियातू निवासी चतरा से अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर घर जा रहा था। जहां जिद्दी मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# बीईओ के बयान को लेकर शिक्षक संघ में जबरदस्त आक्रोश

## आर पार की लड़ाई के मूड में शिक्षक संघ, बीईओ घनश्याम चौधरी एवं सहायक शिक्षक यूसुफ अंसारी के विरुद्ध कसी कमर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ बीईओ घनश्याम चौधरी के बयान को लेकर आक्रोशित झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने सोमवार को कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। इसे लेकर स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला परिसर मे सोमवार को झारखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के लातेहार जिला अध्यक्ष अनुपा मिंज की अध्यक्षता में महुआडांड प्रखण्ड के शिक्षक संघ की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे मुख्य रूप से सफियानी बेक, प्रभा टोप्पो, उसेर्ला एक्का, आनंद कुमार लकड़ा, अरूण कुमार टोप्पो, प्रेम कुमार यादव, फुलदेव खलखो, प्रदीप कुजूर आदि शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद थे। बैठक उपरांत पत्रकारों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष श्रीमति अनुपा मिंज ने अपने उपर लगाये गए आरोप को सरासर गलत एवं बेबुनियाद बताते हुए कहा कि बीईओ घनश्याम चौधरी कहते हैं कि हम आदिवासी बनाम जेनरल की जातिवादी करते हैं पर सर्विस



बैठक करते शिक्षक संघ।

करते हुए इतने वर्ष हो गयें हम कभी भी ये कार्य नही किये है और न ही आपलोग सुने होंगे। मैं कोई जात पात और धर्म नही करती हूं। सबको साथ लेकर चलती हूँ। शिक्षक समुदाय के हित के लिए मै हमेशा तत्पर रहकर कार्य करती हूं। और आगे भी करती रहूंगी। हमारे संस्कार मे नही है पैसा लेना।

अनुपा मिंज ने आगे कहा कि बीईओ घनश्याम चौधरी कहते हैं कि यूसुफ अंसारी ज्यादा जानकारी रखते हैं। तो क्या केवल यूसुफ अंसारी ही प्रतियोगिता परीक्षा पास करके आये है और हमलोग का ऐसे ही बहाली हो गई क्या? बीईओ के बयान से लगता है कि यूसुफ के रिटायर होने के बाद भी उसे रखेंगे क्या? अनुपा मिंज ने आगे कहा कि यूसुफ अंसारी ग्रेड फोर का वेतन उठा रहे हैं। और कार्य कर रहे हैं सहायक शिक्षक का। आखिर क्यों वे विद्यालय का प्रधानाध्यापक का पद भार संभालना छोड़कर बीईओ के साथ विद्यालय विद्यालय जाकर भ्रमण कार्य कराते हैं।

महिला विंग की प्रखंड अध्यक्ष प्रभा टोप्पो ने कहा कि बीईओ अपना पाप छुपाने के लिए वे हम पर आरोप लगा रहे हैं और गलत बयान बाजी कर रहे हैं। बीईओ कहते हैं कि स्कूल टाईम मे नही बुलाते है तो फिर स्कूल टाईम लेकर बीईओ यूसुफ अंसारी को साथ लेकर विद्यालय विद्यालय ले जाकर क्यो जाते हैं। सफियानी बेक ने कहा कि प्रभारी शिक्षिका प्रभा टोप्पो स्थापना विद्यालय की शिक्षिका है और बिल संबंधी एवं वेतन निकासी का कार्य उनके द्वारा किया जाता है। इस कार्य के लिए शिक्षकगण सामुहिक रूप से आपसी सहमती से यात्रा भत्ता जमा करते हैं। इसमे अनुपा मिंज का स्पेशल कोई भागीदारी नही है। उन्हे बेवजह बदनाम किया जा रहा है।

## मनिका प्रखंड क्षेत्र के लोग आजादी के बाद भी कीचड़ से भरी कच्ची सड़क पर चलने को विवश

- कई बार सड़क बनवाने के लिए स्थानीय विधायक से लगा चुके हैं गुहार
- भदईबथान होते हुए सधवाडीह, जान्हों, बरवैया और पांकी को सीधा जोड़ती है यह सड़क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित भदईबथान गांव में रहने वाले लोग आजादी के बाद भी कीचड़ से भरी कच्ची सड़क पर चलने को विवश है। यह सड़क भदईबथान होते हुए सधवाडीह,जान्हों,बरवैया और पांकी को सीधा जोड़ती है। लेकिन अभी बरसात के दिनों में इस सड़क की स्थिति ऐसी है कि वाहन चलना तो दूर की बात है किसी आदमी या जानवर को भी इस सड़क को पार करने के लिए दो से तीन फीट कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। इस सड़क को पार करने के दौरान वाहनों के साथ कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी होती है चालक बहुत ही परेशानी से



जर्जर सड़क।

वाहनों को यहां से पार करके आगे लेकर जाते हैं। वहीं इसी गांव के गोविंद यादव, सुजीत कुमार यादव, पंकज यादव, सुरेंद्र यादव, विनोद यादव, समौधी यादव, मोती यादव, दरोगी यादव, मुंशी यादव, हरेंद्र यादव, समेत कई ग्रामीण बताते हैं कि इस सड़क पर सफर करना आसान नहीं बल्कि चुनौती बन गया है। वाहन चालक एवं आम लोग अपने जान को जोखिम में डालकर इस सड़क पर यात्रा करते हैं। ज्यादा बारिश होने से सड़क पर ही पानी का जमाव हो जाता है जिसके कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों के द्वारा यहां के वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह को सड़क बनवाने को लेकर आवेदन दिया गया था लेकिन इस पर कोई अमल नहीं किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोगों ने कई बार विधायक के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी सड़क की समस्याओं से अवगत करवाया लेकिन इस पर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। वहीं ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह व लातेहार जिला के उपायुक्त हिमांशु मोहन से मामले को संज्ञान में लेते हुए सड़क को जल्द से जल्द बनवाने का मांग किया। मौके पर चतरगुण यादव, दिनेश सिंह, लल्लू सिंह, सुकून सिंह, प्रसाद सिंह, राजू सिंह, नितेश यादव, मुनेश्वर सिंह, राजदेव सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



बैठक करते उपायुक्त व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में पलामू टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में अवस्थित तीन गांवो के ग्रामीणों के पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय कार्यान्वयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में पीटीआर के कोर क्षेत्र में अवस्थित कुजरूम, जयगीर एवं लाटू ग्राम के ग्रामीणों का सरयू प्रखंड अंतर्गत चोरहा पंचायत के लाई गाँव में पुनर्वास किये जाने पर विमर्श किया गया। इस क्रम में पुनर्वासित किये जाने वाले परिवारों को भूमि एवं मुआवजा की राशि उपलब्ध कराये जाने से सम्बंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। बैठक में पुनर्वास के लिए चयनित गाँव में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने पर भी चर्चा किया गया। बैठक में उप निदेशक पीटीआर दक्षिणी कुमार आशीष, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर उत्तरी ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी समेत कुजरुम, जयगीर, लाटू गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## चंदवा के विभिन्न पंचायतों में नाडेप निर्माण में बरती जा रही है अनियमितता

- प्रखंड के सभी पंचायत में कचरा निस्तारण को लेकर होना है नाडेप का निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा कचरा निस्तारण को लेकर बनने वाले नाडेप निर्माण में भारी अनियमित बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगो का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखते हुए संबंधित पंचायत प्रतिनिधि बिजोलियों की मिली भगत से सरकारी राशि के बंदर बांट करने में जुट गए हैं। नाडेप निर्माण में घटिया किस्म के ईंट का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है, इतना ही नहीं सूत्रों की माने तो महज 20000 रुपए की लागत से बनने वाले एक नाडेप का निर्माण भी एक बड़े नेता के दबाव में जिला के संवेदकों को दे दिया गया है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के 17 पंचायत में जनसंख्या एवं पंचायत के भगौलिक स्थिति को देखते हुए नाडेप निर्माण के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की पहल पर कार्य कराया जाना है। इसके लिए मुखिया एवं जलसहिया के संयुक्त खाते में राशि आवंटित कर दी गई है। एक नाडेप निर्माण के लिए 20000 रुपए का प्राक्कलन है, प्राक्कलन के अनुसार नाडेप निर्माण के लिए 10 इंच नींव खुदाई करने के बाद बालू सोलिंग करने के बाद नाडेप के दीवाल की दीवाल खड़ी करनी है, इसमें बेहतर क्वालिटी का ईटों का प्रयोग करना है, लेकिन जमीन के ऊपर से ही नाडेप की नींव की जोड़ाई धड़ल्ले से जारी है। बताते चले कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव की सड़कों पर बहने वाले गंदगी व कचरा का निस्तारण करने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में उक्त नाडेप का निर्माण कराया जा रहा है। ताकि स्वच्छ भारत स्वच्छ गांव का नारा चरितार्थ हो सके, लेकिन जो स्थिति है उससे अब प्रतीत होता है नाडेप निर्माण योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढकर रह जायेगा।



अनियमितता नाडेप का निर्माण।

### क्या कहते हैं विभाग के अधिकारी

नाडेप निर्माण से संबंधित जानकारी लो लेकर जब विभाग के कनीय अभियंता से जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। कहा कि इसकी जानकारी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ही दे पाएंगे।

## सर्पदंश से युवक अचेत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शिबला ग्राम में एक विषैले सांप ने एक युवक को डंस लिया। जिससे युवक अचेत हो गय । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो० इमरान 24 वर्ष पिता मो. एजाजुल ग्राम शिबला थाना बारियातु निवासी अपने खेत मे काम कर रहा था। इसी दौरान एक विषैला सांप ने उसे काट लिया जिससे युवक अचेत हो गया। घटना के बाद परिजनों की मदद से अचेतावस्था में युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## वज्रपात से वृद्ध की मौत

**महुआडांड़।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र ओरसा पंचायत के ग्राम कुकुद पाठ में वज्रपात से एक वृद्ध की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक जंगल में खुखड़ी चुनने गया हुआ था। इसी दौरान वज्रपात के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जिसकी पहचान दोड़मा नगेसिया ग्राम कुकुद पाठ 70 वर्ष के रुप में हुई है। घटना की जानकारी ओरसा पंचायत के मुखिया के द्वारा महुआंडाड़ थाना को दिया गया। जानकारी प्राप्त होते ही थाना प्रभारी रतन टुडू दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया।

## डेंगू मरीज के घर स्वास्थ्य विभाग ने की फोगिंग



**चंदवा।** सीएचसी प्रभारी के निर्देश पर स्वास्थयकर्मियों की टीम शहर के डेंगू संभावित मरीज के घर पहुंची। फोगिंग कर लोगो को रोगों से बचाव की जानकारी दी। बता दें कि भोला गुप्ता के रांची में इलाज और जांच के दौरान प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर डेंगू होने की पुष्टि की गई है। स्वास्थयकर्मियों ने डेंगू से बचाव के लिए लोगों को साफ–सफाई के लिए प्रेरित किया। कहा कि किसी भी परिस्थिति में घर के आसपास पानी जमा नहीं होने दें। मच्छरों से बचाव को लेकर मच्छरदानी का उपयोग करें। मौके पर एमटीएस कृष्णकांत कुमार, एमपीडब्ल्यू विकास रंजन, मनोज सिंह, सुरेश कुमार समेत अन्य मौजूद।

## संकल्प यात्रा को लेकर मंडल भाजपा ने की बैठक

**बालूमाथ।** बालूमाथ भाजपा मंडल कमेटी की एक बैठक सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। सर्वप्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने बताया की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा दिनांक 18 सितंबर को लातेहार एवं मनिका में होना है। संकल्प यात्रा में बालूमाथ मंडल के सभी पंचायत एवं सभी बूथ के कार्यकर्ता को संकल्प यात्रा के जनसभा में भागीदारी हो इसके लिए आज से आप सभी लग जाये। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपना अपना विचार को रखा। बालूमाथ मंडल के द्वारा कार्यक्रम को सफलता हेतु सभी पंचायतों के प्रभारी नियुक्त करने की बात कही। जिनके द्वारा अपने अपने पंचायतों में अधिक से अधिक लोगो के बीच जाकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। संकल्प यात्रा सफलता हेतु सभी पंचायत अध्यक्ष अपने अपने बूथ अध्यक्ष के साथ बैठक करना है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. राजेंद्र प्रसाद साहू के आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति अरविंद भगत, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज साह, मंडल महामंत्री विजय यादव, किसान मोर्चा जिला मंत्री मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, महावीर तुरी, सुरेंद्र भगत, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, भाजयुमो मंडल सोशल मीडिया प्रभारी आशुतोष पाठक, बूथ अध्यक्ष गजेंद्र हिमांशु, तुलसी प्रसाद, संजय गुप्ता समेत कई लोग मौजूद थे।



बैठक करते भाजपा कार्यकर्ता।

## अंतरजिला चोर गिरोह का छिपादोहर पुलिस ने किया पदार्फाश, चोरी का सामान भी बरामद

- छिपादोहर के लक्ष्मी वाशिंग सेंटर में अज्ञात चोरों ने उड़ाए थे सामान
- अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस है सक्रिय : दिलु लोहरा

**बरवाडीह।** जिले की पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के द्वारा बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में हो रही चोरी की घटना पर अंकुश लगाने और चोरी के कांड के उद्भेदन को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए अंतर जिला चोर गिरोह का पदार्फाश कर दिया है। बात दें कि एसडीपीओ दिलु लोहरा के नेतृत्व में छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार की टीम ने चोरी की वारदात में शामिल दो चोरो को धर दबोचने की कार्रवाई की है। साथ ही थाना क्षेत्र के खेराही टोला में बीते माह 3 जुलाई को लक्ष्मी वॉशिंग सेंटर में हुई चोरी की वारदात में चोरी की गई वाशिंग मशीन, मोटर और वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त एक ट्रेम्पू को सतबरवा थाना क्षेत्र से बरामद किया है। पूरे मामले को लेकर सोमवार को छिपादोहर थाना में प्रेस वार्ता करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलु लोहरा ने बताया कि चोरी की घटना के उद्भेदन करने को लेकर पुलिस कप्तान के निर्देश पर गठित टीम के द्वारा सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सब इंस्पेक्टर काशी महली, सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार और पुलिस



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ और थाना प्रभारी।

टीम ने जांच और छापेमारी अभियान चलाकर पूरे कांड का उद्भेदन किया है। जिसमें शामिल मामले के मुख्य आरोपी पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर ग्राम निवासी ज्याउल हक उर्फ बबलू 25 वर्ष और कुदुस अंसारी को गिरफ्तार किया हैं। इनकी निशानदेही पर चोरी की सामग्री को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कांड में शामिल दो अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी भी पुलिस द्वारा जल्द कर ली जाएगी। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ज्यायुल हक का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। वह जुलाई में ही पलामू मंडल कारा से जमानत पर मुक्त हुआ है। इधर एसडीपीओ ने यह भी बताया कि पुलिस कप्तान महोदय के निर्देश पर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले थानों में हुई चोरी की वारदात को लेकर पूरी पुलिस टीम सक्रिय है, और जल्द ही अन्य चोरी की वारदात का भी उद्भेदन कर लेगी। जिसको लेकर लगातार जांच और छापेमारी अभियान पुलिस टीम के द्वारा चलाए जा रहा है।

## एक नजर में

### एसपी के निर्देशन पर चला वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा चंदवा थाना प्रवेश द्वार के समक्ष तीन दिन में दूसरी बार सोमवार को भी सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दर्जनों की संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों से वाहनों के कागजात, इंसुरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, सीटबेल्ट व हेलमेट आदि की जांच की गई। जांच के क्रम में दर्जनों वाहनों को नियमों का उल्लंघन करते पकड़ा गया है। पकड़े गए वाहनों से फाइन वसूली व अग्रतर कार्रवाई के लिये परिवहन विभाग की टीम को बुलाया गया था। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि बढ़ती सड़क दुर्घटना के मद्देनजर सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर उक्त कार्यक्रम चलाया जा रहा है। दोपहिया वाहन चालक बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करें ताकि सड़क दुर्घटना में ज्यादा क्षति नही उठानी पड़े।अभियान में चंदवा थाना के एसआई नरेंद्र शर्मा समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### बीडीओ के खिलाफ आवाज उठाने पर मिली धमकी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कोमर ग्राम के रहने वाले विक्रांत कुमार सिंह पिता प्रदीप सिंह ने बालूमाथ थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि बीडीओ के खिलाफ आवाज उठाने पर उन्हें धमकी दी जा रही है। 31 अगस्त को उसके मोबाइल पर 8863925914 से कॉल आया और कहा कि मैं बालूमाथ बीडीओ का भाई बोल रहा हूं। तुम बीडीओ के खिलाफ बहुत ज्यादा बोलते हो जहां हो वहीं से उठा लेंगे। उसने फोन में धमकी देते हुए कहा कि मै सीबीआई हजारीबाग में हूं। इसलिए बीडीओ के विरुद्ध आवाज उठाना बंद कर दो। विक्रांत कुमार ने बताया कि मै प्रखंड विकास पदाधिकारी के गलत कार्यों का हमेशा विरोध करता रहता हूं। साथ ही बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा पैसे नहीं देने पर जन उपयोगी कार्य नहीं किया जाता है। दिनांक 30 अगस्त को कोमर गांव की एक महिला सुमन देवी पति विश्वनाथ भुइयां द्वारा आरोप लगाया गया था कि दलालों द्वारा उनके खाते से पीएम आवास की राशि का अवैध निकासी कर लिया गया है। जिसका विडओ भी वायरल हुआ था। यह विडियो मैंने बनाया था इसी वजह से मुझे धमकी मिल रही है। विक्रांत कुमार ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर मामले की छानबीन करते हुए दोषी पर कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### बीएलओ के साथ निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में सभी पर्यवेक्षक एवं बीएलओ के साथ सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने किया बैठक किया। बैठक मे 80 प्लस मतदाता को चिन्हित कर उपलब्ध कराने हेतु सभी बीएलओ को दिशा निर्देश दिया। साथ ही स्वच्छ मतदाता सूची निर्माण हेतु मृत मतदाता, दोहरी प्रविष्ट मतदाता, सिफ्टेड मतदाता को चिन्हित कर विधिवत कारवाई करते हुए हटाने एवं सभी सुयोग्य मतदाता का नाम जोड़ने हेतु भी निर्देश दिया। ईपी रेसियो, जेन्डर रेसियो सहित अन्य त्रुटियों में सुधार करने की बात कही। बैठक में आलोक कुमार दुबे, नोडल पदाधिकारी प्रकाश कुमार, पर्यवेक्षक चन्दन कुमार, प्रकाश यादव, विमला कुमारी, विजय कुमार एवं सभी बीएलओ उपस्थित थे।



बैठक करते पदाधिकारी।

### सात सितंबर से फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत फुलसु पंचायत के सतिटांड़ स्थित खेल मैदान में सात सितंबर से होने वाले पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर पंचायत के पंसस सह उप प्रमुख निशा शाहदेव ने रविवार को आयोजक समिति के सदस्यों को फुटबॉल देकर टूर्नामेंट मे हर संभव सहयोग करने का अश्वासन दिया। जानकारी देते हुए उप प्रमुख शहादेव ने बताया कि सरना क्लब लाटु द्वारा सतिटांड खेल मैदान में पांच दिवसीय खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन किया गया है। जिसमें मात्र 32 टीम का प्रवेश किया जाएगा। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 1001 रुपये का नामांकन शुल्क रखा गया है। विजेता, उप विजिता, सहित तीसरे व चौथे स्थान पर रहने वाले टीम को भी पुरुस्कार दिया जाएगा।



फुटबॉल देते पंसस सह उप प्रमुख निशा शाहदेव।

## महुआडांड़ प्रखंड सह अंचल कार्यालय में शिविर का आयोजन

**महुआडांड़।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन के अध्यक्षता चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया प्रखण्ड प्रमुख कंचन कुजूर, चिकित्सा प्रभारी डॉ अमित खलखो सीआई गौतम कुमार लकड़ा पंचायत प्रतिनिधि, पंचायत सचिव, समेत सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन के द्वारा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित विचार विमर्श करते हुए विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। सभी विभागों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को निर्देशित करते हुए कार्यों में सुधार लाने की बात कही गई। आगे श्री सुरीन ने जोर देते हुए कहा कि जिस विभाग को जो लक्ष्य दिया गया है उसे ससमय पूर्ण करें और जिस विभाग के द्वारा कार्य को ससमय पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित विभाग के लोगों पर कारवाई करने की बात कही। वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग के द्वारा भी बैठक में उपस्थित सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को विभाग के कार्यों से संबंधित कई अहम दिशा-निर्देश दिया गया।

## यूथ कांग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न

**महुआडांड़।** युथ कांग्रेस कमिटी का कार्यकारिणी की बैठक प्रखंड युथ कांग्रेस के अध्यक्ष आमिर सुहैल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रखंड के प्रत्येक पंचायत में अगले कार्यकारिणी बैठक से पहले पंचायत कमिटी का गठन करने का निर्णय लिया गया एवं बुथ कमिटी बनाने के लिए प्रखंड कमिटी के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में अलिका मिंज, शकील खान उर्फ पप्पू, अमला किंडो, राजेश ठाकुर, शहीद अख्तर, मोरीश कुजूर, अली रजा, अजय कुमार शर्मा, रवि ठाकुर, सफरूल अंसारी, अनुरवि खाखा, नितिन, नवल, नवीन, खुशदिल, अफरोज एवं युथ कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## व्यवसायिक समिति की बैठक में संगठन का विस्तार

- व्यवसायियों की एकजुटता से हो सकता है हर समस्याओं का समाधान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** सोमवार को सामुदायिक भवन के प्रांगण में व्यवसायिक समिति के संगठन विस्तार हेतु नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक राज की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें हर क्षेत्र से दुकानदारों को पद से सुभोषित किया गया और समिति को मजबूत बनाने हेतु जिम्मेवारी दी गई। जहां अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि व्यवसायिक समिति दुकानदार भाइयों का एक समूह है। जिसका उद्देश्य व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान करना है। आज जिन्हें भी जिम्मेवारी दी जा रही है। वह अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ व्यवसायियों के हित के लिए करेंगे। व्यव्यसायिक संघ मजबूत तब होगा जब हम सभी एकजुट होकर रहेंगे। व्यवसायियों की समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरने ब्लॉक और जनप्रतिनिधियों का घेराव करने की भी जरूरत पड़ी तो पीछे नहीं हटेंगे। जिसके बाद समिति का विस्तार किया गया। जिसमें महासचिव जैकी चौरसिया और रवि गुप्ता, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, लौकेश प्रसाद, इम्तियाज और स्वरीत छाबड़ा, सचिव सोनू सिंह बस स्टेंड, राजेश वर्मा और अमन गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनू सरदार, सुभम दुबे और अख्तर खान, प्रवक्ता बिरेंद्र ठाकुर, संगठन सचिव शमीउल्लाह उर्फ गुड्डू, सिराज अहमद, पवन कुमार, संगठन मंत्री दीपक बादशाह, सतेंद्र कुमार उर्फ पुटुन सिंह, धीरेंद्र गोस्वामी, महामंत्री - हिमांशु गुप्ता उर्फ रिकी, फिरोज सिद्दीकी और अनूप गुप्ता, कार्यालय मंत्री सह मीडिया प्रभारी रवि भीम, राहुल अग्रवाल, ज्ञान गोस्वामी को बनाया गया। वहीं संरक्षक के रूप में पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद, पंकज गुप्ता, भूपेंद्र सिंह के साथ- साथ अनिल सोनी, शंकर प्रसाद, संजय सोनी, अनंत अग्रवाल, चंद्रशेखर प्रसाद उर्फ चच्चू, संजय छाबड़ा उर्फ टीटू, मनोज जयसवाल मेडिकल, उमेश प्रसाद, श्री राम, कन्हाई प्रसाद, देवराज अग्रवाल और प्रिंस गुप्ता को बनाया गया। इसके अलावा सलाहकार समिति में सुशील मेहता, मदन प्रसाद गुप्ता, रईस, विवेक सिंह, अमित अग्रवाल, असलम, पंकज सोनी, हसीब, कृष्णा कसेरा, शत्रुधन प्रसाद, महेंद्र प्र.गुप्ता, राकेश छाबड़ा पिंटू, सतीश गुप्ता (गुड्डू), अजीत गुप्ता, मुकु अग्रवाल, रविंद्र प्रसाद, फिरोज अहमद मुन्ना और पिंटू सिन्हा को बनाया गया। मीडिया सलाहकार में संजय कुमार, प्रमोद कुमार, शशि शेखर, अर्जुन विश्वकर्मा और मयंक विश्वकर्मा को रखा गया। सक्रिय सदस्य के रूप में जगत नारायण माली, रिंकू खान, राज सिंह, नियाज अहमद, अमीर खान उर्फ डॉक्टर, सुभम नाथ, बमभोली, धीरेंद्र गोस्वामी, पीकू अग्रवाल, बड़ु, अखिलेश कुमार, तौकीर, शकील, साजन, नसीम, कृष्णा, नीरू, अजय सहित अन्य लोग शामिल है।



बैठक में उपस्थित व्यवसाई।

स्पीड न्यूज

## युवक की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु

**गोड्डा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुआटॉड गांव में एक 35 वर्षीय युवक पिंटू यादव की लाश खेत में पाई गई है मृतक लोबंधा का रहने वाले बताया जाता है। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो पाने की वजह से कोई इसे हत्या तो कोई इसे बिजली के स्पर्षाघात से हुई मौत बता रहा है । घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गोड्डा भेज दिया है ।पुलिस ने अभी इस मामले को लेकर कोई बयान नहीं दिया है कि ये हत्या है या दुर्घटना ।ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट रूप से इसकी गुत्थी सुलझ पाएगी।

## राशन सामग्री की आपूर्ति कराने की मांग

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपकर यथाशीघ्र बीपीएल परिवारों को राशन सामग्री की आपूर्ति कराने की मांग की है। साथ ही किसी प्रकार की तकनीकी अड़चन होने पर वैकल्पिक व्यवस्था कर राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। दिये गये मांग पत्र में श्री जायसवाल ने कहा है कि गढ़वा शहरी क्षेत्र में सभी राशन डीलरों द्वारा अगस्त माह का राशन बीपीएल परिवारों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिस कारण गरीबी रेखा से नीचे गुजर बसर कर रहे लोगों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है।

## गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस का परिचालन सात से : सांसद

**गढ़वा।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन संख्या 13025/13026 का गढ़वा टाउन रेलवे स्टेशन पर परिचालन सात सितंबर से शुरू हो जाएगा। उक्त ट्रेन का विवित परिचालन का शुभारंभ रात्रि 1:44 बजे सांसद हरी झंडी दिखाकर करेंगे।

## छात्र हुआ बेहोश

**भवनाथपुर।** प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय के आठवीं कक्षा का छात्र भवनाथपुर बस्ती निवासी अमित कुमार पिता विष्णु चंद्रवंशी स्कूल में पानी पीने जाने के दौरान अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन ने इसकी सूचना बच्चे के अभिभावक को दी। सूचना पर स्कूल पहुंची बच्चे की मां ने बच्चे को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया।

## थाना प्रभारी को छात्र ने भेंट की अपने हाथ से बनाई जीवंत तस्वीर

**मेराल।** प्रखंड के सोहवरिया ग्राम निवासी लालजी चौधरी के पुत्र अजीत कुमार ने अपने हाथों से बनाई गई थाना प्रभारी नीतीश कुमार की जीवंत तस्वीर सोमवार को उनके कार्यालय में उन्हें भेंट की। छात्र द्वारा अपने हाथों से बनाई गई जीवंत तस्वीर को देखकर थाना प्रभारी हतप्रभ रह गए। उन्होंने बीए के छात्र अजीत को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## आत्मा और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन समिति की बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आत्मा शासकीय निकाय और जिला स्तरीय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में आत्मा के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की चर्चा करते हुए उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में जैविक खेती को बढ़ावा दें।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-23-24-15, दिनांक 01.09.2023।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का संक्षिप्त विवरण :** रामगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन के पास विकास नगर में 3.05 मीटर चौड़े एलओबी के प्रावधान के कारण ओएचई का रूपांतरण। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 5,56,063.69। **ईएमडी/बोली प्रतिभूति :** ₹ 11,100/-। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.09.2023 को अपराह्न 03.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए तथा वे आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होने चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते है। (PR-568)


# त्यौहारों पर स्कूलों में मिलने वाली छुट्टियों में कटौती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** त्योहारों पर होने वाली छुट्टी का स्कूली बच्चों से लेकर टीचर्स तक को इंतजार रहता है। लेकिन बिहार में इस बार कई अहम त्योहारों पर मिलने वाली छुट्टियां खत्म कर दी गई हैं और कई में कटौती की गई है। प्रदेश के शिक्षा विभाग के सचिव केके पाठक ने कुछ दिन पहले ही प्राइमरी से लेकर उच्च विद्यालयों में होने वाली छुट्टियों में कमी का आदेश जारी किया गया है।

दिसंबर तक विभिन्न पर्व और त्योहारों पर स्कूलों में कुल 23 छुट्टियां होनी थी। लेकिन अब इनकी संख्या घटाकर सिर्फ 11 कर दिया गया गया है। दुगार्पूजा में अभी तक छह छुट्टियां मिलती थीं। लेकिन अब इनकी संख्या रविवार जोड़कर सिर्फ तीन दिन कर दी गई है। इसी तरह दिवाली, चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज और छठ पूजा की छुट्टी 13 से 21 नवंबर तक छुट्टी घोषित की गई थी।

लेकिन अब इसमें कमी करते हुए मात्र चार दिन कर दिया गया है। बिहार के सबसे बड़े पर्व छठ पूजा पर अब रविवार को मिलाकर सिर्फ 2 दिन की ही छुट्टी मिलेगी। पहले दीपावली, चित्रगुप्त पूज, भैयादूज और छठ पूजा पर 10 दिन की छुट्टी मिलती थी। लेकिन इसमें बड़ी कटौती कर दी गई है। इसमें दीपावली पर रविवार सहित दो दिन, चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर एक दिन की छुट्टी मिलेगी। बिहार में दुगार्पूजा भी एक बड़ा पर्व है। इस मौके पर सिर्फ तीन दिन की छुट्टी होगी। जिसमें एक रविवार भी शामिल है।

इस तरह दुगार्पूजा पर 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक छुट्टी रहेगी। इसके अलावा अनंत चतुर्दशी/हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर सिर्फ एक दिन ही स्कूल बंद रहेंगे। चेहल्लुम पर भी पांच सितंबर को एक दिन का अवकाश रहेगा।

## रिंग रोड कंस्ट्रक्शन विभाग की लापरवाही से लोग परेशान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** रिंग रोड कंस्ट्रक्शन विभाग की लापरवाही के कारण दुमका का मुख्य रिंग रोड जाम हो गया है। सड़क निर्माण कर रहे संवेदक का वाहन चालक लापरवाही बरतने से 33 हजार का तार क्षत्तीग्रस्त कर खुद फंस गया है। ऐसे मे पूजा अर्चना कर तारापीठ जा रहे भारी संख्या मे कावरिया फंस गये है ।करीब एक घंटे से बाधित और हुये सड़क जाम की सुधि लेने अबतक कोई अधिकारी नहीं पहुंचने से कावरियों की काफी समस्या हो रही है। भारी संख्या मे मालवाहक वाहन भी इस जाम मे फंसे हुये है।

सूत्रों के अनुसार 33 हजार फीडर का करंट किसी कारणवश बिजली विभाग काट दिया था। अन्यथा जिस प्रकार वाहन 33 हजार वोल्ट तार मे फंसा है अगर करंट रहता तो चालक और ट्रक दोने जल जाते फिलहाल सड़क जाम है और लोग अधिकारी का इंतजार कर रहे है कि जाम से मुक्ति दिला सके।

## जिला कांग्रेस कमिटी का एक दिवसीय धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार केन्द्र सरकार के द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर के कीमतों में 200 का कटौती कर भाजपा के द्वारा यह एक चुनावी स्टंट है इसके विरोध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष आदरणीय दिनेश यादव के अध्यक्षता में जिला मुख्यालय के अशोक स्तंभ परिसर में एक द्विसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दिनेश यादव जी ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा एलपीजी गैस सिलेंडर के कीमतों में 200 का कटौती करना यह एक चुनावी स्टंट है अभी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव है जनता को फिर से बेवकूफ बनाने के लिए मोदी सरकार यह कदम उठाया है इंडिया गठबंधन का अभी से बीजेपी वालों के चेहरे पर भय नजर आने लगा है लेकिन पूरे देश के जनता ने इस बार मन बना लिया है और इन ठगों से ठगा हुआ महसूस करने लगे इस बार ठगी हुई देश की जनता भाजपा के ठगों को जरूर सबक सिखाएगी और इसके झांसे में नहीं आने वाली है, मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ज्योतिन्द्र झा, जिला प्रवक्ता अकबर अली महासचिव सुमित कुमार बिट्टू, जिला सचिव सुशीला देवी प्रदेश सचिव इकबाल अंसारी जिला सचिव मोहम्मद हाशिम, कार्यालय प्रभारी सोनी सिंह , जुगनू अली महफूज आलम,मो. आजम इकरार उल हसन, कुंदन ठाकुर गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष नवल कुमार साह, बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष आलमगीर आलम, महागामा प्रखंड अध्यक्ष इरफान काजी पथरगामा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो, नगर अध्यक्ष मो. मेहबूब अंसारी, दिलीप कुमार यादव, सलीम परवेज, जितेंद्र यादव एवं सेंकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# अमलो ग्राम में नया ट्रांसफार्मर लगा

### अनुशंसित सात सड़कें स्वीकृति के लिए रांची भेजी गई

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र की छह और मेहरमा प्रखंड क्षेत्र की एक सड़क का जीर्णोद्धार और निर्माण कार्य की स्वीकृति क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह की अनुशंसा पर मिली है। ग्रामीण कार्य विभाग दुमका अंचल के अधीक्षण अभियंता द्वारा मुख्य अभियंता रांची को स्वीकृति के लिए पत्र भेज दी गई है। जिसमें की ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र में सन्हौली आर ई ओ पाठ से भाया कर्बला तक पथ निर्माण, मदनचौकी आर ई ओ पथ देवनचक भाया सिलाख संथाली टोला तक पथ निर्माण, सदर गंगटी से अंटाडीह तक पथ निर्माण, दूधकोल से बाघाकोल तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का सुदृढ़ीकरण, पीडब्लूडी सड़क चांदा मोड़ से पीडब्लूडी समदा भाया सूजानकित्ता तक पथ सुदृढ़ीकरण ,कमराचक बजरंगबली स्थान से कर्बला मैदान तक पथ निर्माण और मेहरमा प्रखंड क्षेत्र के कंचनपुर मुख्य पथ अस्पताल से संमधा बांध छमनकित्ता तक पथ निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसको लेकर ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है।



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गोड्डा प्रखंड के अमलो गांव की 25 केवी ट्रांसफार्मर काफी दिनों खराब पड़ी हुई थी। जिसकी लिखित सूचना ग्रामीणों द्वारा गोड्डा विधायक अमित मंडल को दी गई। इस पर अग्रेतर कार्रवाई हेतु अनुसंशित पत्र बिजली बिभाग प्रतिनिधि गप्पु सिन्हा को विधायक ने दिया। सभी विभागीय आवश्यक कार्रवाई करवाते हुए ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने गोड्डा विधायक अमित मंडल एवं प्रतिनिधि के प्रति धन्यवाद आभार व्यक्त किया है और कहा हमेशा सुख दुख में खड़े रहने वाले विधायक के लिए हम सभी ग्रामीण एक साथ हैं। मौके पर आनंद कुमार नीरज कुमार पप्पू शर्मा नवल किशोर शाह मनोज मांझी उमेश रजक पंकज मांझी धर्मवीर मांझी के साथ साथ अन्य ग्रामीण भी उपस्थित थे।

## लाखों का अवैध शराब जप्त, दो गिरफ्तार

**दुमका।** बिहार में शराबबंदी क्या हुई, शराब तस्करों की चांदी हो गयी। शराब की खेप बिहार पहुचाने का सबसे सुरक्षित मार्ग झारखंड हो गया। आए दिन दुमका के रास्ते शराब बिहार तक पहुंचाया जा रहा है। समय समय पर पुलिस की कार्रवाई भी होती है। शराब जप्त करते हुए तस्कर को जेल भी भेजा जाता है। तस्कर द्वारा तरीका बदल बदल कर शराब की तस्करी की जाती है। ताजा मामला जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रिंग रोड स्थित आंदीपुर गॉव के समीप वाहन जांच के दौरान अवैध विदेशी शराब लोड एक ऑटो को जप्त किया। ऑटो पर एक लाख रुपए मूल्य की शराब छिपा कर बिहार के खगड़िया जिला के मानसी ले जाया जा रहा था। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने इसकी जानकारी दी।

## सेवानिवृत शिक्षक से 1 लाख की छिनतई

**दुमका।** एक बार फिर से दुमका में झपट्टामार गिरोह सक्रिय होने लगा है। जिले के मुफस्सिल थाना के सरुवा भुइयां पाडा में बाइक सवार अपराधियों ने दिन दहाड़े छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित सेवानिवृत शिक्षक शुभंकर राय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के दुधानी शाखा से एक लाख रुपए की निकासी कर अपने घर सरुवा भुइयां पाडा पहुंचा। घर के आगे स्कूटी खड़ी कर रुपए से भरा बैग लेकर आगे बढ़ा ही था कि बाइक सवार दो अपराधी उसके हाथ से बैग लेकर फरार हो गया। सेवानिवृत्त शिक्षक शुभंकर राय अपने अधूरे घर को पूरा करने के लिए रुपए की निकासी किया था। पीड़ित ने मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी कार्यक्रम संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुर गगटी प्रखंड मुख्यालय चौक के निकट स्थित मध्य विद्यालय परिसर में सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्ठी हुई। इस मासिक गुरु गोष्ठी में प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेशरमन ठाकुर की अध्यक्षता में सभी शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विभागीय विभिन्न बातों और आदेशों से अवगत कराया गया। एक से 14 सितंबर तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा को सही ढंग से मानने से संबंधित बताया गया। स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित प्रतिदिन का फोटो और वीडियो ग्राफी विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में भेजने को कहा गया। शेष बचे छात्रों का निकटतम डाकघर में खाता खुलवाने संबंधी फार्म और प्रपत्र 16 उपलब्ध करा दिया गया। ई विद्या वाहिनी में प्रतिदिन शिक्षकोपस्थिति और छात्रोपस्थित के अलावे मध्यान भोजन से संबंधित निश्चित रूप से एस एम एस करने को कहा गया ।जिला शिक्षा अधीक्षक के निदेर्शानुसार एस एम एस नहीं करने वाले शिक्षकों का एक दिन का वेतन कटौती किया जा सकता है ।जिले से आए डॉक्टर पी एन कुलदीप द्वारा बच्चों की आंख जांच के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया ।गुरु गोष्ठी में प्रभारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश रमन ठाकुर, प्रखंड साधनसेवी राजशेखर सिंह, अनीता झा, दिनेश कापरी, यशोधर प्रसाद महतो, कलानंद झा, अभिनोद कुमार, श्रीरमन झा, निकासी वयन पदाधिकारी राधेश्याम पंडित, शिक्षक उमेश कुमार, सिंधु भारती, संदीप कुमार सिंह, मानुएल सोरेन, गौरव कुमार, गोरेलाल यादव, पंकज सुमन, कृष्ण कुमार मंडल, सुभाष ठाकुर, देवेंद्र कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के दर्जनों शिक्षक शामिल थे।

## हेमंत सरकार ने शिक्षकों को पूरी तरह भूला दिया : नीरा

**कोडरमा।** कोडरमा की विधायक सह झारखंड की पूर्व शिक्षामंत्री डॉ नीरा यादव ने इसबार जिला एवं राज्यस्तर पर उत्कृष्ट कार्य करनेवाले शिक्षकों को सम्मानित नहीं किए जाने पर गहरा अफसोस जताया है। साथ ही इसे राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भागीदारी निभानेवाले शिक्षकों एवं शिक्षा के प्रति राज्य सरकार की घोर उदासीनता बताया है। एक बयान जारी कर उन्होंने कहा कि राज्य कि हेमंत सरकार ने पहले तो पुरस्कार के लिए शिक्षकों की संख्या कटौती की और इसबार तो पूरी तरह से शिक्षक दिवस जैसे पावन अवसर पर शिक्षकों को भूला दिया। वहीं इसबार तो ज्ञात हुआ है कि सम्मान एवं पुरस्कार के लिए विभाग स्तर से कोई पत्र ही जारी नहीं किया गया।

# जैमीनी सर्कस का डीआईजी ने किया उद्घाटन, मनोरंजन की है भरपूर व्यवस्था

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**दुमका।** शहर के स्थानीय गांधी मैदान में वर्षों बाद जैमीनी सर्कस का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन संथाल परगना के उपमहानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल व जिप अध्यक्ष, जायेस बेसरा की। सोमवार को प्रेसवार्ता कर सर्कस के मैनेजर अजीत कुमार सिंह ने बताया कि आज भारत में सर्कस शब्द सुनते ही हम सभी अपने बचपन के यादों में कुछ पल के लिए खो जाते हैं और एक अलग ही मनोरंजन को महसूस करने लगते हैं।

शेरों के करतब, हाथी का फुटबॉल खेलना और भी अन्य प्रकार के जानवरों से संबंधित कला का रोमांचकारी व आकर्षक प्रदर्शन को देखना। वर्तमान में भारत में किसी भी प्रकार के जानवरों का प्रदर्शन प्रतिबंधित होने के कारण सर्कस की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है एवं इसे निरंतर संचालित करना अत्यंत कठिन होता जा रहा है। परिणाम स्वरूप आज भारत में चंद सर्कस ही संचालित हैं। सर्कस जैसे प्राचीन कला के समाप्त होते हुए इस दौर में भी कानपुर निवासी कुल्लू बाबू (मालिक जैमीनी सर्कस) व माँ अहिल्या एम्युजमेंट के निदेशक नरेश लश्करी, इन्दौर (संयोजक) द्वारा इस प्राचीन कला को संयोजित और संरक्षित करने का भरपुर प्रयास किया जा रहा है। जैमिनी सर्कस नाम ही एक प्राचीन व विशाल सर्कस की अनुभूति कराता है। आज हम भारत के सर्वश्रेष्ठ सकर्स कलाकारों व अफ्रीकन जीमनास्ट के कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के कलाओं का प्रदर्शन करते हैं। जैसे- फ्लाईग ट्रोपिस, ग्लोब राईडिंग, अफ्रीकन जिम्नास्ट, रिंग डांस, फायर डांस, आदि जैमिनी सर्कस के विशेष रोमांचकारी आकर्षन हैं। यह सकर्स रोजाना तीन शो दोपहर एक बजे 4 बजे, शाम 7 बजे अपना निरंतर प्रदर्शन करते हुए 08 अक्टूबर 23 को अपना अंतिम प्रदर्शन होगा। सर्कस कम टिकट दर जैसे- 300, 200 एवं तीसरा टिकट की श्रेणी 100 के रूप में रखा गया है। मैनेजर सह प्रबंधक एके सिंह ने बताया कि सर्कस परिवार की ओर से स्थानीय लोगो से सर्कस का मनोरंजन का भरपुर आनंद लेने का अपील किया है।

# परिसंपत्तियों का वितरण एवं अन्य योजनाओं का शिलान्यास



**गोड्डा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को यहां विकास की कई योजनाओं का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी का सपना रहा है कि राज्य के हर किसान के खेत में पानी हो। उनके सपने को सरकार साकार करने में लगी है। आने वाले दिनों में सरकार जल्द ही पाइप लाइन के जरिये किसान के खेतों तक पानी उपलब्ध करायेगी। सरकार प्रयासरत है कि कैसे 'गंगा जी' का पानी खेतों तक पहुंचे। इसके मद्देनजर सरकार नयी तकनीक के माध्यम से रास्ता निकलने का काम करेगी।

सीएम ने कहा कि ।प्रदेश के किसान सिमित संसाधन में मेहनत कर रहा है। मैंने देखा की निम्न बारिश की वजह से बुआई कम हुयी है। इसे ध्यान में रखकर सरकार की जो भूमिका होंगी, हम उसे अदा करेंगे। आज राज्य सरकार ने कानून बनाया है कि राज्य में जो भी उद्योग लगेंगे, उसमें राज्य के 75% बच्चों का स्थानीय रोजगार सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। कार्यक्रम की शरुआत सीएम हेमंत सोरेन ने दीप जला कर की। समारोह में पुलिस महानिदेशक, संथाल परगना के आयुक्त लालचंद डाडेल, डीआइजी, गोड्डा के डीसी , पुलिस अधीक्षक, दुमका सह प्रभारी पुलिस अधीक्षक, गोड्डा जिला परिषद अध्यक्ष बेबी देवी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त ने वेयर हाउस का किया बाह्य निरीक्षण

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज सोमवार को ईवीएम वेयर हाउस का बाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे व विधि व्यवस्था से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं की जांच की, साथ ही जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी और कई निर्देश दिए। मौके पर एसडीओ सह निर्वाचक निबन्धन पदाधिकारी सन्दीप कुमार मीणा, उप निर्वाचन पदाधिकारी हीरा कुमार आदि मौजूद थे।

## डीसी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन को लेकर जिले के विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में मतदान केंद्रों के रेशनलाइजेशन, मतदान केंद्रों के नाम बदलने के अलावे स्थान परिवर्तन को लेकर प्राप्त प्रस्ताव पर विचार विमर्श करते हुए राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अंतिम रूप से 35 मतदान केंद्रों का नाम बदलने का निर्णय लिया गया।

## पेज 1 का शेष

### हर कदम पर सरकार...

हम इसी बात पर विश्वास करते हैं कि पेंशन बुढ़ापे की लाठी है और इस अधिकार से किसी को वंचित नहीं किया जा सकता है। समारोह में पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कूऔर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

### वोटिंग आज...

डुमरी एसडीएम कार्यालय से विधानसभा क्षेत्र के 373 मतदान केंद्रों के लिए 1640 मतदान कर्मियों को भेजा जा चुका है। कुछ मतदान कर्मियों को रिजर्व में भी रखा गया है, ताकि जरूरत पड़ने पर इन मतदान कर्मियों को मतदान ड्यूटी में भेजा जा सके। जिला प्रशासन के अधिकारी मतदान के भयमुक्त और निष्पक्ष होने का दावा कर रहे हैं। सभी बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

### करार : टाटा स्टील 314.70 करोड़...

**11-12 को खाते में आयेगी राशि :** टाटा स्टील लिमिटेड की मान्यता प्राप्त टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, और महासचिव सतीश कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि बोनस राशि कर्मचारियों के बैंक खाते में 11-12 सितंबर को भेज दी जायेगी। उन्होंने बताया कि बोनस वास्तव में 18.98 प्रतिशत ही बन रहा था किन्तु कोविड के दौरान कर्मचारियों ने जोखिम के बीच जिस तरह मेहनत की उसे देखते हुए प्रबंधन ने 1 प्रतिशत अधिक राशि देने पर सहमति जतायी,और 20 प्रतिशत बोनस हो गया। कर्मियों ने प्रबंधन की उदारता की सराहना की है। जमशेदपुर संयंत्र एवं ट्यूब डिवीजन के लिए टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी व महासचिव सतीश सिंह के साथ, ग्रोथ शॉप के लिए टिस्को श्रमिक संघ के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व महासचिव शिव लखन सिंह के साथ और रॉ मैटेरियल्स डिवीजन के लिए आइएनएमडब्ल्यूएफ के अध्यक्ष जयमंगल सिंह व आरसीएमयू के संतोष महतो,जमाडोबा कोलियरी के महेश प्रसाद के साथ हस्ताक्षर किये।

### सभी कोर्ट ढाई बजे तक...

जिसमें राज्य के सभी कोर्ट की सुरक्षा को लेकर बातचीत होगी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। **क्या हुई थी घटना :** दरअसल बीते शुक्रवार को जमशेदपुर कोर्ट के एडीजे 1 के पेशकार राकेश कुमार पर एक युवक ने शाम 6 बजे के आसपास धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इस घटना में राकेश कुमार बुरी तरह से घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए पहले एमजीएम और बाद में टीएमएच में भर्ती कराया गया। पेशकार राकेश कुमार को कान में चोट लगी है।

### मनरेगा सामग्री खरीद घोटाले...

**इडी ने एसीबी से भी मांगी थी रिपोर्ट :** झारखंड हाइकोर्ट ने भी एक मामले की सुनवाई के बाद चाईबासा जिले में मनरेगा घोटाले की जांच इडी से कराने का आदेश दिया है। इडी ने इसके बाद एसीबी से घोटाले की सारी फाइलें मांगी है। अब तक क्या कार्रवाई हुई है, उसपर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। यह मामला 2008-09 का ही है। जब मनरेगा अपने शुरुआती काल में था, सामग्री खरीद से जुड़ा मामला विगत कुछ सालों का ही है। इडी ने इस मामले में 2022 को ही झाखंड सरकार को पत्र लिखा था और 100 करोड़ स्कैम से जुड़ी शिकायतों पर रिपोर्ट मांगी थी। इडी की ओर से कहा गया था कि यह बात सामने आ रही है कि फर्जी तरीके से कई सामग्री को खरीदा गया है। इडी की इस कार्रवाई से ग्रामीण विकास विभाग में हड़कंप मच गया है। **एफआईआर-चार्जशीट की भी मांगी जानकारी :** इडी के सहायक निदेशक इंटेलिजेंस विनोद कुमार के हस्ताक्षर से लिखे गये पत्र में झारखंड में 100 करोड़ से अधिक के स्कैम के मामले में अब तक के एफआईआर, चार्जशीट, कार्रवाई इत्यादि पर पूरी रिपोर्ट मांगी गयी थी। विभिन्न दर्ज प्राथमिकी पर कॉपी भी मांगी गयी है। इडी ने यह भी कहा है कि इस मैटर पर कोई और व्यक्ति जिसकी भूमिका बड़ी है तो उसकी पूरी जानकारी दी जाये ताकि पीएमएलए 2002 के अनुसार उसके उपर कार्रवाई शुरू की जा सके। पूरे मामले पर इडी के संयुक्त निदेशक की सहमति से ग्रामीण विकास विभाग से रिपोर्ट मांगी गयी थी, जिस पर जांच हो रही है। **पूर्व सचिव ने भी संदिग्ध निकासी पकड़ी थी :** पूरे मामले में एक साल पहले पूर्व ग्रामीण विकास सचिव आराधना पटनायक ने गड़बड़ी पकड़ी थी। उन्होंने 200 करोड़ रुपये की संदिग्ध निकासी को पकड़ा था। मार्च 2020 के अंतिम सप्ताह में इस राशि की निकासी की गयी थी।




# शिक्षकों को राधाकृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए

**विजय केसरी**

भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद, महान दार्शनिक, एक आस्थावान हिंदू विचारक, देश के प्रथम उपराष्ट्रपति, द्वितीय राष्ट्रपति और 'भारत रत्न' से अलंकृत सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन का जीवन सदा लोगों को अपनी ओर प्रेरित करते रहेगा। उनका संपूर्ण जीवन स्वाध्याय, शिक्षा दान , गुरु शिष्य परंपरा का निष्ठा पूर्वक निर्वहन और भारतीय राजनीति को समर्पित रहा। उन्होंने भारतीय दर्शन और भारतीय धर्म का गहराई से अध्ययन किया। उन्होंने अपना जीवन एक शिक्षक के रूप में प्रारंभ कर देश के राष्ट्रपति तक बने । देश के शिक्षकों की परेशानियों को समझते हुए उन्होंने अपने जन्मदिन को ही शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। इस निर्णय के पीछे सबसे बड़ा कारण यह था कि देश के लोग शिक्षकों की परेशानियों को समझ सके और उनके बिषय में समग्रता पूर्वक विचार कर सकें। उन्होंने गुरु शिष्य परंपरा को पूरी निष्ठा के साथ आजीवन निभाया था। लेकिन आज स्थितियां बदल गई हैं। गुरु शिष्य परंपरा टूट रही है। देश की छात्राएं अपने प्रिंसिपल पर योन शोषण का आरोप लगा रही हैं। छात्राओं के साथ हुए यौन शोषण से संबंधित कई मामले देश के विभिन्न न्यायालयों में चल रहे हैं।



यह बेहद चिंता की बात है। देश भर के शिक्षकों को सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के जीवन से नैतिकता की सीख लेनी चाहिए । राधाकृष्णन की तरह गुरु शिष्य परंपरा को अपने जीवन में उतरना चाहिए। शिक्षक दिवस का वास्तविक मायने यही है।

सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्म गुलामी के कालखंड में हुआ था। उनकी शिक्षा-दीक्षा क्रिश्चियन स्कूल और कॉलेज में हुई थी। इन क्रिश्चियन शिक्षण संस्थानों में पढ़कर वे यह समझा पाए कि किस तरह क्रिश्चियन धर्म गुरु हिंदू जनों से निम्न स्तर का व्यवहार करते थे। हिंदुओं के साथ क्रिश्चियन शिक्षकों का बदला हुआ व्यवहार उन्हें कभी पसंद नहीं आया। इसलिए उन्होंने भारतीय दर्शन और भारतीय धर्म का बहुत ही गहराई से अध्ययन किया। अध्ययन के बाद उन्हें यह ज्ञात हो गया कि क्रिश्चियनों का हिंदुओं के प्रति जो भेदभाव है, बिल्कुल पूरी तरह गलत है। उनका प्रारंभ से ही हिंदू धर्म पर गहरी आस्था थी। उन्हें गर्व था कि हिंदू धर्म दर्शन संपूर्ण विश्व को सत्य, अहिंसा और मानवता का शिक्षा प्रदान करता है। उन्हें गर्व था कि मेरा जन्म एक हिंदू कुल में हुआ । उनका जीवन स्वाध्याय,शिक्षा दान और राजनीति को समर्पित रहा था। राजनीति में उनकी कभी रुचि नहीं रही कि मैं राजनीति में जाऊं। लेकिन जब देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की नजर सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन पर पड़ी और उन्होंने जब राधाकृष्णन जी का भाषण सुना तो अचंभित रह गए। भारतीय वांग्मय और भारतीय दर्शन पर इतना जबरदस्त कमांड और धाराप्रवाह बोलते हुए आज तक नेहरू जी ने किसी को नहीं सुना था । तभी से नेहरू जी उनके मुरीद हो गए थे। नेहरू जी ने राधाकृष्णन की विलक्षण प्रतिभा को देखकर मन में यह इरादा कर लिया था कि देश की आजादी के बाद उन्हें कहां स्थान दिया जाए। डॉ० राधाकृष्णन जी को इस बात का पता ही नहीं चला था कि नेहरू जी से उनकी यह मुलाकात उन्हें देश की राजनीति के सबसे ऊंचे ओहदे पर विराजमान कराएगा। भारतीय राजनीति में उनकी ओर से प्रवेश की कोई जानकारी नहीं मिलती है। 15 अगस्त 1947 को जब देश आजाद हो रहा था। तब सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन ने आजादी का प्रथम भाषण प्रस्तुत किया था। उन्होंने अपना भाषण निश्चित समय पर बारह बजे रात्रि को समाप्त किया था। उसके बाद देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने भाषण दिया था। यह बात भी सिर्फ दोनों को ही पता था। डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक गैर राजनीतिक व्यक्ति थे। दर्शनशास्त्र के महान विद्वान थे। भारतीय राजनीति का भी उन्हें बहुत ही अच्छा। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने राधाकृष्णन जी की अंदर की विलक्षण प्रतिभा को पहचान कर ही उन्हें देश के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन किया था । राधाकृष्णन जी जब मंच से अपनी बातों को रखा करते, तो लोग बिल्कुल शांत होकर उनकी बातों को सुनते थे। उनके हर एक वाक्य में जीवन का गुढ़ दर्शन छुपा रहता था। वे कम शब्दों में बड़ी से बड़ी बात को कह गुजरते थे। उनकी बातों को काटने की हैसियत बड़े से बड़े विद्वानों तक को ना थी। जवाहरलाल नेहरू ने भारतीय संविधान सभा की निर्मात्री सभा का उन्हें सदस्य बनाया। जबकि सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन गैर राजनीतिक व्यक्ति थे। कांग्रेस जनों में इस बात की चर्चा हुई थी कि उन्हें संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य क्यों बनाया गया ? इस सभा में वे क्या योगदान दे पाएंगे? नेहरु जी चुप रहे। भरतीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य के रूप में उन्होंने दो वर्षों तक जो कार्य किया, निर्मात्री सभा के सभी सदस्य देखकर हतप्रभ रह गए। कांग्रेसियों ने नेहरू जी के चयन को लोहा माना था। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को देश के प्रथम राष्ट्रपति बनाए जाने के बाद उपराष्ट्रपति के रूप में सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन को इसकी जवाबदेही दी गई थी। इस पर भी कई कांग्रेसियों ने अंदर ही अंदर कई सवालों खड़ा किया था। उपराष्ट्रपति उन्होंने जो कार्य किया। प्रश्न उठाने वालों का मुंह बंद हो गया था। उप राष्ट्रपति के रूप में वे 1952 से 1962 तक रहे। उसके बाद उन्हें देश का द्वितीय राष्ट्रपति बनाया गया। इस पद पर वे 1962 से 1967 तक रहे। 1954 में उन्हें भारत सरकार ने दर्शनशास्त्र पर उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए 'भारत रत्न' सम्मान से अलंकृत किया था।

सर्वपल्ली डॉ० राधाकृष्णन का जन्म एक गरीब हिंदू ब्राह्मण परिवार में जरूर हुआ था। लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई में गरीबी को आने नहीं दिया। वे बचपन से ही ट्यूशन पढ़ाकर अपनी शिक्षा खर्च का भार उठाते रहे थे। जबकि उनके पिता भी उन्हें काफी सहयोग करते थे।
































डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णण की 105 वर्ष पुरानी यह तस्वीर तब की है जब 29 साल की उम्र में वे मैसूर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर बने थे।

# शिक्षक का जीवन राष्ट्र के लिए अतुलनीय

(शिक्षक दिवस/5 सितंबर/विशेष)

**डॉ. वंदना सेन**

**व्यक्ति** जीवन भर शिक्षा ग्रहण करता है, तब भी शिक्षा का कोई न कोई अध्याय अधूरा ही रह जाता है। लेकिन भारत के राष्ट्र निमार्ता कहे जाने वाले शिक्षक अपने शिष्य में अपनी छवि का दर्शन देखना चाहते हैं। शिक्षक वही है, जो अपने अनुसार देश का चरित्र निर्माण कर सके। अपने देश के संस्कारों को देश की भावी पीढ़ी में उतार सके। शिक्षा वही सार्थक होती है, जो अपने देश के लिए चरित्रवान समाज और सकारात्मक सोच का निर्माण कर सके। भारत में अभी तक जो शिक्षा दी जा रही थी, उसमें भारत के मानबिन्दुओं का उपहास उड़ाया गया और विदेशियों का गुणगान किया गया। इसमें ऐसे भी विदेशी शामिल किए गए, जिन्होंने भारतीयता को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ऐसे चरित्रों के पठन पाठन से ही आज की पीढ़ी भारत के संस्कारों से दूर होती जा रही है। लेकिन हमारे देश के शिक्षकों को भी यह समझना चाहिए कि छात्रों को क्या शिक्षा दी जाए।

हमारे देश में शिक्षाविद् डॉ. राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन आज के विद्यार्थियों को यह भी नहीं पता होगा कि डॉ. राधाकृष्णन जी के जीवन शिक्षकों के लिए एक आदर्श है, एक पाथेय है। जिस पर चलकर हम शिक्षक की वास्तविक भूमिका का सही ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। उनके जीवन पर एक नजर डालते हैं। सन 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के राष्ट्रपति बने, तब उनके कुछ विद्यार्थी उनके पास उनका जन्मदिन मनाने की स्वीकृति लेने गए। उस समय राधाकृष्णन जी ने कहा मेरा जन्मदिन मनाने के बजाय 5 सितंबर शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो मुझे अति प्रसन्नता एवं गर्व महसूस होगा। डॉ. राधाकृष्णन का शिक्षकों के बारे में मत था कि शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे। वास्तविक शिक्षक तो वह है जो छात्र को आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।

आज की शिक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखकर नहीं, बल्कि जीवन में पैसे कैसे कमाए जाते हैं, इसे ही ध्यान में रखकर दी जा रही है। कहा जा सकता कि जो शिक्षा दे रहे हैं, वे इसे व्यवसाय मान रहे हैं और जो ग्रहण कर रहे वे इसे आय प्राप्त करने का साधन। ऐसी शिक्षा चरित्र का निर्माण नहीं कर सकती। इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को ऐसी शिक्षा भी दें, जो उनके जीवन को संवार सके। क्योंकि जिस शिक्षा से संस्कारों का निर्माण होता है, वही जीवन के काम आती है। शिक्षा वही सार्थक होती है, जो जीवन में नैतिक मूल्यों का विकास करे, इसके साथ ही सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति कर्तव्य पालन का बोध कराए। राष्ट्रीय दायित्व का बोध केवल इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठों के अध्ययन और अध्यापन से ही हो सकता है। वर्तमान में यह देखने में आ रहा है कि हम शिक्षा तो ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन पिछले पाठों को भूलते जा रहे हैं। इसका एक मूल कारण हमारे देश की शिक्षा नीति भी रही है। आज से 75 वर्ष पूर्व जब हमारा देश स्वतंत्र हुआ, तब हमारी शिक्षा नीति को भारतीय बनाने पर जितना जोर दिया जाना चाहिए, उतना नहीं दिया गया। शिक्षा के क्षेत्र में हम पूरी तरह से भटक गए। इसलिए आज की पीढ़ी में न तो भारतीय संस्कारों का बोध है और न ही नैतिकता के जीवन मूल्य ही हैं।

हम भली भांति जानते हैं कि पुरातन काल में भारतीय गुरुकुलों में जो शिक्षा प्रदान की जाती थी, वह निश्चित रूप से बच्चों का समग्र विकास करने वाली ही थी। इतना ही नहीं वह शिक्षा विश्व स्तरीय ज्ञान का द्योतक भी थी, इसलिए विश्व के कई देश भारत के शिक्षालयों में ज्ञान और विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा ग्रहण करने आते थे। हमें अब उसी शिक्षा पद्धति की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। अभी भारत सरकार ने इस दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इंडिया को भारत बनाने में सकारात्मक सिद्ध होगी, यह संकेत दिखाई देने लगे हैं। शिक्षकों को भी चाहिए कि वह इस नीति को आत्मसात कर बच्चों के भविष्य को वह दिशा प्रदान करें जो विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। जिनकी याद में हम शिक्षक दिवस मनाते हैं, वे चाहते थे कि शिक्षा विद्यार्थियों को सही और गलत का बोध कराने वाली होना चाहिए। वास्तव में डॉ. राधाकृष्णन जी भारतीय संस्कृति के संवाहक थे। उन्होंने अपने लेखों और प्रबोधन के माध्यम से भारतीय संस्कृति की सुगंध को हमेशा ही प्रवाहित किया। एक बार शिकागो विश्वविद्यालय में उनको धर्म पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया। जहां

# मानव मन को इंसानी जुनून में बदलते हमारे टीचर्स

**योगेश कुमार गोयल**

विश्वभर में लगभग सभी महापुरुषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निमार्ता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरुकुल परंपरा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षा इन्हीं गुरुकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उप राष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए। ब्राह्मण परिवार में जन्मे डॉ. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ ह्यसरह्न लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के ऑर्डर ऑफ मैरिट तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. राधाकृष्णन एक महान् दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे।

दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डॉ. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डॉ. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा और शिक्षा को एक मिशन के रूप में नहीं अपनाएगा, तब तक अच्छी और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती।

आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिये टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना संजोये रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराइयों का समूल नाश किया जा सकता है।

# राष्ट्र के प्रकाश स्तंभ होते हैं शिक्षक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**शिक्षक** हर व्यक्ति के जीवन की रीढ़ होते हैं। शिक्षक ही है जो विद्यार्थियों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। सही रास्ता दिखाता है। गलत करने से रोकता है। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। शिक्षकों का सम्मान नहीं करने वाले जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ सकते। शिक्षक बच्चों के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। शिक्षक बच्चों के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं, जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं, बल्कि इस काबिल बनाते हैं कि वह पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश बिखेरते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तंभ की तरह होता है, जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढेर सारे प्रकाश स्तंभों से रोशन हो रहा है। इसलिए देश में शिक्षकों को सम्मान दिया जाता है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच के रिश्तों को सुदृढ़ करने को शिक्षक दिवस एक बड़ा अवसर होता है।

दुनिया के एक सौ से अधिक देशों में अलग-अलग समय पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह क्रम 1962 से चल रहा है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की इच्छा जताई थी। कहा जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है।

हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता प्राप्ति के लिए वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया हैः- ह्नगुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट ह्व कबीर दास कहते हैं कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।

डॉ. राधाकृष्णन का जन्म पांच सितंबर 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। उन्होंने अपने जीवन के 40 वर्ष अध्यापन में गुजारे।उनका निधन 17 अप्रैल 1975 को चेन्नई में हुआ था। राधाकृष्णन ने 1909 में चेन्नई के प्रेसिडेंसी कॉलेज में अध्यापन में प्रवेश करने के साथ ही दर्शनशास्त्र शिक्षक के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने बनारस, चेन्नई, कोलकाता, मैसूर जैसे कई प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों और लंदन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र पढ़ाया था। अध्यापन पेशे के प्रति समर्पण की वजह से उन्हें 1949 में विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति कमीशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

पुराने समय में शिक्षकों को चरण स्पर्श कर सम्मान दिया जाता था। परन्तु आज के समय में शिक्षक और छात्र दोनों ही बदल गए है। पहले शिक्षण एक पेशा न होकर एक उत्साह और एक शौक का कार्य था। पर अब यह मात्र एक आजीविका चलाने का साधन बनकर रह गया है। शिक्षक मार्गदर्शक, गुरु, मित्र होने के साथ ही और कई भूमिकाएं निभाते हैं। यह विद्यार्थी के ऊपर निर्भर करता है कि वह अपने शिक्षक को कैसे परिभाषित करता है। संत तुलसी दास ने इसे अच्छे तरीके से समझाया है- ह्नजाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।ह्व अर्थात भगवान, गुरु एक व्यक्ति को वैसे ही नजर आएंगे जैसा कि वह सोचेगा। उदाहरण के लिए अर्जुन, भगवान श्रीकृष्ण को अपना मित्र मानते थे। वहीं मीरा बाई भगवान श्रीकृष्ण को अपना प्रेमी। यही बात शिक्षक के ऊपर लागू होती है। इसीलिए कहते हैं कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है।

हर देश में इस दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। चीन में 10 सितंबर तो अमेरिका में छह मई, ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर का अंतिम शुक्रवार, ब्राजील में 15 अक्टूबर और पाकिस्तान में पांच अक्टूबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। ओमान, सीरिया, मिस्त्र, लीबिया, संयुक्त अरब अमीरात, यमन, सऊदी अरब, अल्जीरिया, मोरक्को और कई इस्लामी देशों में 28 फरवरी को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।

वर्तमान समय में शिक्षकों का समाज में सम्मान कम होने लगा है। बहुत से शिक्षकों की घटिया हरकतों ने उनको समाज की नजरों से गिरा दिया है। मौजूदा दौर में शिष्य भी कुछ कम नहीं हैं। छात्रों की अनुशासनहीना के चलते स्कूल, कालेजों में शिक्षा का वातावरण समाप्त होता जा रहा है। ऐसे में गुरु- शिष्य को एक-दूसरे की भावनाओं को समझ कर मिलजुल कर ज्ञान की ज्योति जलानी होगी। शिक्षक दिवस मनाने के साथ हमें शिक्षण कार्य की पवित्रता को फिर से बहाल करने की प्रतिज्ञा भी लेनी होगी। तभी हमारा शिक्षक दिवस मनाना सार्थक हो पाएगा।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

# यथार्थ ज्ञान ही शिक्षा

**शिक्षा को हमें समझदार, अयान्त्रिक और बुद्धिमान होने में सहायक होना चाहिये। - जे.कृष्णमूर्ति**



जिद्दू कृष्णमूर्ति की गणना आधुनिक युग के श्रेष्ठ विचारकों में होती है। शिक्षा से संबंधित जो उनके विचार हैं, वह बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी है। उनके विचार क्रांतिकारी थे। उन्होंने प्रत्येक प्रकार की बाह्य प्रामाणिकता का विरोध किया, फिर चाहे वह व्यक्ति की हो या पुस्तक की हो। वह यथार्थ ज्ञान के पक्ष में थे। यथार्थ ज्ञान से उनका अभिप्राय ' सत्य' के ज्ञान से था और इस सत्य तक पहुंचने का साधन उन्होंने शिक्षा को माना है। उनका मानना था कि इस सत्य अथवा यथार्थ तक व्यक्ति स्वयं ही अपने प्रयास से पहुंच सकता है ना कि व्यक्ति, ग्रंथ या पुस्तक के माध्यम से। यह तो सिर्फ उनका मार्गदर्शन ही कर सकते हैं। प्रयत्न तो व्यक्ति को स्वयं ही करना होगा। कृष्णमूर्ति अपने समय के शिक्षा के प्रचलित ढांचे से सहमत नहीं थे।

उसे दोषपूर्ण मानते थे क्योंकि उनके अनुसार इसमें बालकों को केवल ज्ञान अर्जन कराया जाता है। ज्ञान को ढूंसा जाता है, परंतु जीवन में आने वाली चुनौतियों, परिस्थितियों में इस ज्ञान का उपयोग करना नहीं सिखाया जाता। छात्रों की भावनाओं एवं समस्याओं का ध्यान नहीं रखा जाता। प्रचलित शिक्षा बुद्धि का विकास करना नहीं सिखाती। वह ऐसी शिक्षा के पक्ष में थे,जो छात्रों में ना केवल ज्ञान अर्जन कराएं बल्कि संसार की ओर वस्तुगत तरीके से देखना भी सिखाएं। जिससे छात्र भौतिक जीवन की समस्याओं का समाधान कर सके।

आज का युवा शिक्षित होकर अच्छी नौकरी प्राप्त करता है और उसमें आगे तरक्की पाने के लिए प्रयास करता रहता है, ऊपर उठने के लिए भाग दौड़ करता रहता है। नौकरी प्राप्त करके भी इसे खोने का भय बना रहता है। यह संघर्ष और भय जीवन भर चलता रहता है। शिक्षा का कार्य व्यक्ति को इस भय से मुक्ति दिलाना होना चाहिए। कृष्णमूर्ति के अनुसार, शिक्षा का अभिप्राय केवल पढना,लिखना, परिक्षाएं पास करना, तथा नौकरी प्राप्त करने तक सीमित नहीं है बल्कि इससे बहुत अधिक व्यापक है। उनका मानना था कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा का महत्व बहुत बढ़ गया है, जो केवल रोजगार दिला सकती है। जीवन को समझने की क्षमता प्रदान नहीं करती। जीवन में भावनात्मक पक्ष को समझना बहुत आवश्यक है। रोजगार के लिए शिक्षा तो शिक्षा का एकांकी पक्ष है जबकि शिक्षा का उद्देश्य बालक का समग्र एवं सर्वांगीण विकास करना है।जीवन में आने वाली इन सभी समस्याओं का अपने विवेक से डटकर सामना करने के लिए समर्थ बनाने के लिए शिक्षित करना ही शिक्षा का कार्य होना चाहिए। यही वास्तविक शिक्षा है। उनके अनुसार आज की शिक्षा सिखाती है, ' क्या सोचना ' चाहिए, बल्कि यह सिखाया जाना चाहिए कि ' कैसे सोचना ' है। जीवन की समस्याओं को कैसे सोचा और समझा जाएं, जिससे जब वह विद्यालय छोड़े तो इस योग्य बन सकें कि जीवन का सामना कर सकें। जीवन को देख सकें, समझ सकें। शिक्षा में सीखना के साथ साथ समझना और जानना भी शामिल हैं।

वास्तव में कृष्णमूर्ति परंपरा और परंपरागत शिक्षा के विरुद्ध नहीं थे बल्कि वे तो केवल यह चाहते थे कि शिक्षा का लक्ष्य बालक को भविष्य के लिए पूर्ण रूप में तैयार करना हो। कृष्णमूर्ति के शब्दों में, ₹ शिक्षा को तुम्हें एक पूर्णतया, मित्र बुद्धिमता पूर्ण तरीके से संसार का सामना करने में सहायता करनी चाहिए।

# बुद्धिमता और समझदारी का आधार शिक्षा



**मृत्युंजय प्रसाद**




**शिक्षा** की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए जिसमें बालक को पूर्ण स्वतंत्रता हो। शिक्षा ऐसी हो जो छात्रों को पूर्ण अवसर उपलब्ध कराएं जिससे बालक अपने आप को अभिव्यक्त कर सकें। पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ अवलोकन भी कर सके। एक शिक्षित व्यक्ति को इस संसार में बुद्धिमता और समझदारी का जीवन जीना चाहिए।

जे. कृष्णमूर्ति के शिक्षा के स्वरूप को निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से समझा जा सकता है।

**सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान**

कृष्णमूर्तिजीके अनुसार बालक की शिक्षा में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिकता भी होनी चाहिए। बल्कि व्यवहारिक ज्ञान सैद्धांतिक ज्ञान की तुलना में अधिक होना चाहिए और दोनों पक्षों में सामंजस्य होना चाहिए क्योंकि शिक्षा का उद्देश्य मानव के भौतिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार की समस्याओं का समाधान करना है, इसलिए शिक्षा व्यवस्था में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पक्षों का समावेश होना बहुत आवश्यक है। ऐसी शिक्षण विधियों का प्रयोग किया जाए जो क्रियात्मक पक्ष से संबंधित हो। किसी भी विधि, ज्ञान, व्याख्यान एवं पुस्तक का अंधानुकरण नहीं करें, बल्कि प्रयोग की कसौटी पर परखकर उसका उपयोग करना चाहिए।

**चिंतन एवं तर्कशक्ति का विकास**

उनके अनुसार यथार्थ ज्ञान की प्राप्ति बाह्य बुद्धि के द्वारा संभव नहीं हो सकती। अंतः पुस्तकीय ज्ञान की अपेक्षा छात्रों को ऐसे व्यावहारिक अवसर प्रदान किए जाने चाहिए जिससे उनमें स्वयं चिंतन, तर्क एवं ध्यान के अवसर उपलब्ध हो सके। उनमें चिंतन शक्ति एवं कल्पना शक्ति का विकास हो सके। जिससे भविष्य में वह स्वयं अपनी व्यावहारिक जीवन की समस्याओं का समाधान एवं निराकरण कर सकेगें। वास्तविक ज्ञान वह है जो जीवन को उसकी समग्रता में देखना एंव समझना सिखाएं।

**आध्यात्मिक विकास**

शिक्षा के उद्देश्य में बालकों का आध्यात्मिक विकास बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उनके अनुसार, अन्तः मन का ज्ञान ही शिक्षा है। अपने आप को समझना ही शिक्षा का आरंभ और अंत भी है। शिक्षा का अंतिम लक्ष्य सत्य चेतना की अनुभूति करना है। व्यक्ति को सत्य चेतना की प्राप्ति के लिए शिक्षा को पूर्ण सहयोग देना चाहिए जिससे बालकों में आध्यात्मिक उन्नति एवं विकास हो।

**नैतिक एवं मानवीय मूल्यों का विकास**

कृष्णमूर्ति के अनुसार बालकों में शिक्षा द्वारा ऐसी गतिविधियों का समावेश होना चाहिए, जिससे उनमें नैतिकता, मानवीय मूल्यों एवं आदर्शों का विकास हो सकें, क्योंकि नैतिक एवं मानवीय मूल्यों से उनमें व्यावहारिक जीवन में समायोजन करने की क्षमता उत्पन्न होगी तथा तभी वह कर्तव्य और अकर्तव्य को पहचान सकता है।

**हिंसा का उन्मूलन**

कृष्णमूर्ति समाज में व्याप्त हिंसा से बहुत दुखी थे। शिक्षा के माध्यम से वह समाज में व्याप्त हिंसा एवं अराजकता का उन्मूलन करना चाहते थे। आत्म ज्ञान के माध्यम से बालक में अहिंसक गतिविधियों का उदय तथा हिंसक गतिविधियों का उन्मूलन होता है। जब मानव संसार में फैली अव्यवस्था के प्रति जागरुक हो जाता है, तो वह मुक्त हो जाता है और यही वास्तविक शिक्षा है। अतः प्रारंभ से ही बालकों का पालन पोषण, सही शिक्षा, सही प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, जिससे वह हिंसा की बजाय अपने विवेक से कार्य कर सकें।

**संपूर्ण एवं सर्वागीण विकास**

उनके अनुसार शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य बालक का पूर्ण रूप से सर्वांगीण विकास करना

होना चाहिए अर्थात बालक का चहुंमुखी विकास करना।बालक में शिक्षा के माध्यम से व्यापक दृष्टिकोण विकसित किया जाना चाहिए, क्योंकि संकीर्ण भावना एवं विचारों से उसका सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। जीवन के प्रत्येक स्तर पर विकास करने के लिए बालकों में प्रारंभ से ही व्यापक दृष्टिकोण का विकास होना बहुत आवश्यक है, तभी उसका संपूर्ण सर्वांगीण विकास संभव हो सकता है। उनका मानना था कि शिक्षा का मूल उद्देश्य, एक संतुलित मानव का विकास करना है, जो जीवन का अर्थ ढूंढ सकें, उसे समझ सकें तथा जो वैज्ञानिकता, बुद्धि तथा आध्यात्मिकता? में समन्वय स्थापित कर सकें।

**शिक्षा मित्र रुप में**

जे. कृष्णमूर्ति का मानना था कि शिक्षा का स्वरूप एक ऐसे मित्र के रुप में होना चाहिए जो जन्म से लेकर मृत्यु पर्यंत मानव के कल्याण एवं विकास के अवसर प्रदान करती रहे। इसके लिए यह आवश्यक है कि शिक्षा छात्रों पर बोझ के रूप में या थोपी हुई नहीं होनी चाहिए बल्कि शिक्षा का स्वरूप सरल , सहज ,सामान्य तथा बालक की रूचि के अनुरूप होनी चाहिए। भय, दंड आधारित शिक्षा सिखने में बाधा उत्पन्न करती है, इससे बालक की जिज्ञासा, चिंतन, विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब तक किसी व्यवस्था के प्रति हमारी रुचि एवं आकांक्षा नहीं होगी उसको प्राप्त करने के लिए किए गए सभी प्रयास क्षणिक और अस्थाई होंगे। इसका कोई उचित अर्थ नहीं होगा। शिक्षा ऐसी हो जो बालक को भय और दबाव से निकलने में सहायता कर सकें। इसलिए बालक बहुत ही सहजता से तथा रूचि के अनुसार शिक्षा ग्रहण करें, तभी शिक्षा बालक के लिए एक मित्र के रुप में कार्य कर सकती है।

**सभ्यता एवं संस्कृति का संरक्षण**

कृष्णमूर्ति जी के अनुसार शिक्षा का स्वरूप हमारी सभ्यता और संस्कृति के अनुरूप होना चाहिए तभी हमारे सांस्कृतिक मूल्य सुरक्षित रह सकते हैं। अन्यथा हमारी प्राचीन, समृद्ध शिक्षा प्रणाली धीरे धीरे समाप्त होती जाएगी। विश्व पटल से लुप्त हो जाएगी। अतः कृष्णमूर्ति जी शिक्षा को बालक के सर्वांगीण विकास हेतु बहुत उपयोगी मानते थे। वह ऐसी शिक्षा चाहते थे जो कि नैतिकता, मानवीय मूल्य, व्यवहारिकता? एवं आध्यात्मिक विकास के गुणों से युक्त हो तथा जीवन के यथार्थ को स्वयं अपनी आंखों से देखते हुए अपने बुद्धि एवं विवेक के अनुसार समझ कर स्वयं कार्य कर सके। निश्चित रूप से सारी शिक्षा व्यर्थ साबित होगी यदि वह इस विशाल और विस्तीर्ण जीवन को, इसके समस्त रहस्यों को, इसकी अद्भुत रमणियताओ को, इसके दुखों और हर्षो को समझने में आपकी सहायता ना करें।